रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 18 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-355 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### भारतीय तटरक्षक समुद्री बचाव समन्वय केंद्र का उद्घाटन करेंगे राजनाथ



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चेन्नई में नवनिर्मित अत्याधुनिक भारतीय तटरक्षक समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) भवन का रविवार को उद्घाटन करेंगे। तट रक्षक बाल के प्रवक्ता ने बताया कि सिंह दो अतिरिक्त सुविधाओं, चेन्नई क्षेत्रीय समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया केंद्र (आरएमपीआरसी) और पुडुचेरी में तटरक्षक एयर एन्क्लेव (सीजीएई) का भी उद्घाटन करेंगे।

### ओलंपियन खिलाड़ियों पर यूपी सरकार ने की धन वर्षा



**गाजीपुर।** पेरिस ओलंपिक 2024 में प्रतिभाग करने वाले हॉकी खिलाड़ी राजकुमार पॉल और ललित उपाध्याय को उत्तर प्रदेश सरकार एक एक करोड़ रुपये देगी जबकि ओलंपिक में भाग लेने वाले राज्य के अन्य सभी खिलाड़ियों को दस दस लाख रुपये दिये जायेंगे। गाजीपुर के मेघबरन सिंह स्टेडियम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह घोषणा की। उन्होने कहा कि खेल व खिलाड़ी के लिए समर्पित सरकार की तरफ से इन दोनों खिलाड़ियों को एक-एक करोड रुपए व उत्तर प्रदेश की तरफ से ओलंपिक में प्रतिभा के सभी खिलाड़ियों को 10-10 लाख रुपए उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने ओलंपिक हॉकी में पदक दिलाने वाले गाजीपुर के राजकुमार पाल और बनारस के ललित उपाध्याय के सम्मान समारोह में भाग लिया।

### रिजिजू ने ओडिशा के नवनिर्वाचित सदस्यों को सदन की गरिमा बनाए रखने की दी सलाह



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने ओडिशा विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को सदन की गरिमा बनाए रखने और प्रजातंत्र के हित में सदन में कोई हंगामा नहीं करने की सलाह दी। ओडिशा विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए रिजिजू ने कहा कि उन्हें सदन में अनुशासन बनाये रखना चाहिए और कोई हंगामा नहीं करना चाहिए। रिजिजू ने भुवनेश्वर पहुंचने के बाद कहा कि वह यहां नवनिर्वाचित सदस्यों के साथ अपने अनुभव बांटने आए हैं।

# डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका

## घटना ने चिकित्सा कर्मचारियों के बीच भय का माहौल पैदा कर दिया

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने के मामले का स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई शुरू करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक पत्र याचिका दायर की गई है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को भेजे अपने पत्र सिकंदराबाद के आर्मी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज की बीडीएस डॉ. मोनिका सिंह ने कोलकाता में नौ अगस्त को महिला डॉक्टर के साथ शर्मशार करने वाली घटना और उसके बाद 14 अगस्त को आर जी कर मेडिकल कॉलेज पर हुए हमले की भी निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। याचिका में कोलकाता के उस कॉलेज में हाल ही में हुई घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए मेडिकल पेशेवरों पर क्रूर हमलों की कई घटनाओं का जिक्र करते हुए डॉ. सिंह कहा, मेडिकल पेशेवरों पर क्रूर हमलों से जुड़ी हाल की घटनाएं न केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी हैं, बल्कि उन लोगों के सामने आने वाले गंभीर जोखिमों की भयावह याद दिलाती हैं जो जीवन बचाने के लिए अथक प्रयास करते हैं। इससे ऐसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए चिंता और बढ़ जाती है। अपने अधिवक्ता सत्यम सिंह के माध्यम से भेजी गई पत्र याचिका में उन्होंने लिखा, हमलों (14 अगस्त) ने अस्पताल के संचालन को बुरी तरह बाधित और चिकित्सा कर्मचारियों के बीच भय का माहौल पैदा कर दिया है। कॉलेज और उसके कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए तत्काल केंद्रीय बलों की तैनाती की जानी चाहिए। याचिका में कहा गया है कि कोलकाता की घटना ने चिकित्सा समुदाय के मनोबल को बुरी तरह प्रभावित किया है, जिससे पूरे देश में उनकी सुरक्षा को लेकर चिंताएँ बढ़ गई हैं। डॉ. सिंह ने हमलों की गहन और निष्पक्ष जाँच के साथ-साथ देश भर के चिकित्सा संस्थानों के लिए व्यापक सुरक्षा उपायों करने का निर्देश देने की माँग की है। बीडीएस डाक्टर ने अपनी याचिका में तर्क दिया कि इन घटनाओं ने भारतीय संविधान द्वारा गारंटीकृत मूल अधिकारों का उल्लंघन किया है, जिसमें जीवन का अधिकार, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अपने पेशे चुनने का अधिकार शामिल है। याचिका में अदालत से चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की माँग किया गया।

# केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार और मुख्यमंत्री साय ने दिव्य कला मेला का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित बीटीआई मैदान में 17वें 'दिव्य कला मेला' का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने रायपुर में जमीन मिलने पर दिव्यांगजन पार्क निर्माण कराने की घोषणा की, जिस पर मुख्यमंत्री साय ने रायपुर में इस पार्क के निर्माण के लिए 5 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने की घोषणा की। रायपुर में ''दिव्य कला मेला'' 16 अगस्त 2024 से 23 अगस्त 2024 तक आयोजित किया जाएगा। सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्य कला मेला, दिव्यांग भाई-बहनों के अद्वितीय कौशल और उद्यमशीलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन है। दिव्यांगजनों में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ाने की है। इसी उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, ताकि देश के सर्वांगीण विकास में दिव्यांगजनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका हो सके। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत का सपना तब ही पूर्ण हो पाएगा, जब हमारे दिव्यांग भाई-बहन आत्मनिर्भर और सशक्त बनेंगे। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में संचालित राज्य संसाधन केंद्र (सीआरसी) के नए भवन बनने के बाद वहां दिव्यांगजनों के लिए डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

# आग दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

पायनियर संवाददाता ◄ कडप्पा
www.dailypioneer.com



आन्ध्र प्रदेश में अन्नामय्या जिले के कोथापेट गांव में शनिवार को घर में आग लगने से एक महिला और उसके दो बच्चों की जलकर मौत हो गयी। पुलिस उपाधीक्षक रामचंद्रैया ने बताया कि मृतका के घर से पड़ोसियों ने आग की लपटें देखीं और उन्होंने दरवाजा खोलने का प्रयास किया लेकिन दरवाजा अंदर से बंद थे। उन्होंने इस मामले की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी, जो मौके पर पहुंचें और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक घर के तीनों सदस्यों की जलकर मौत हो गयी थी। मृतकों में रमादेवी (34), उसका बेट मनोहर (आठ) और बेटी मनविता (पांच) शामिल हैं।

# राहुल, वाड्रा बने सिद्दारमैया के लिए जमीन हड़पने का रोल मॉडल : भाजपा

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भाजपा ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (मूडा) घोटाले की शनिवार को पोल खोली और कहा कि कांग्रेस नेताओं ने 'नेशनल हेराल्ड' मामला और 'राबर्ट वाड्रा भूमि सौदा' जमीनें हड़पने का मॉडल मान लिया है। भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने आज पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कर्नाटक के मुख्यमंत्री द्वारा किया गए मूडा घोटाले पर प्रकाश डाला। पात्रा ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में राजनीतिक मजबूरी के कारण इस तरह के मामलों में कार्रवाई की अनुमति नहीं दी जाती थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा। सूर्या ने कहा कि आरोपों की गंभीरता, शिकायत की प्रकृति और उच्चतम न्यायालय के निर्णयों की सावधानीपूर्वक समीक्षा करने के बाद, राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने मामले में अभियोजन को मंजूरी देने का फैसला किया। पात्रा ने कहा कि संसद के बजट सत्र से पहले कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने संविधान की प्रति अपने हाथों में लेकर संविधान की शपथ ली थी और फिर संसद सत्र में ही हल्ला किया था। पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में इंडिया समूह की सरकारों द्वारा संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

# साबरमती एक्सप्रेस पत्थर से टकरा कर हुई बेपटरी, कोई नुकसान नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ कानपुर
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के कानपुर में गोविंदपुरी स्टेशन के निकट शनिवार तड़के वाराणसी से अहमदाबाद जा रही 19168 साबरमती एक्सप्रेस ट्रैक पर रखे गये बड़े पत्थर/बोल्डर से टकरा कर पटरी से उतर गयी हालांकि जानमाल का कोई विशेष नुकसान नहीं हुआ। दुर्घटना के कारण कानपुर से झांसी का रेलमार्ग बाधित हो गया है। अनेक ट्रेनों को रद्द किया गया है अथवा मार्ग में परिवर्तन किया गया है। रेलवे ने कानपुर, प्रयागराज, टूंडला सहित कई स्टेशनों पर हेल्पलाइनें खोल दीं हैं। रेलवे बोर्ड ने भी घटना की जांच के आदेश दे दिये हैं। प्रथमदृष्टया मामला तोड़फोड़ एवं षड्यंत्र का होने की संभावना को देखते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस एवं गुप्तचर ब्यूरो (आईबी) को जांच के लिए कहा गया है।

# बलौदाबाजार आगजनी कांड, देवेंद्र यादव गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार आगजनी मामले में आरोपी बनाए गए भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बलौदाबाजार से पुलिस भिलाई पहुंची थी, पुलिस को देखते ही उनके समर्थकों ने घर के बाहर की घेर लिया और पुलिस को अंदर जाने नहीं दिया। इस दौरान वहां जमकर नारेबाजी होती रही। दिनभर की मशक्कत के बाद शाम को पुलिस ने देवेन्द्र यादव को हिरासत में ले लिया। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज यादव से मिलने उनके निवास पर पहुंचे थे, इस दौरान यादव की पूर्व सीएम भूपेश बघेल से भी उनकी बात कराई गई। सतनामी समाज के धर्म स्थल गिरौदपुरी धाम में तोड़फोड़ के विरोध में समाज के द्वारा 10 जून को बलौदाबाजार जिले में प्रदर्शन किया जा रहा था। प्रदर्शन के दौरान हिंसक भीड़ ने कलेक्ट्रेट व एसपी कार्यालय जला दिया था। इसके बाद जमकर बवाल मचा था। कलेक्टर और एसपी निलंबित कर दिए गए। मामले में पुलिस ने अब तक 170 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वही मामले में हिंसा से पहले सभा स्थल पर जाकर भड़काऊ भाषण देने के मामले में विधायक देवेंद्र यादव को तीन बार नोटिस जारी किया गया। नोटिस के जवाब देने विधायक देवेंद्र यादव नहीं पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी विजय अग्रवाल से मुलाकात की। साथ ही नोटिस के खिलाफ हाईकोर्ट में भी अपील की है। देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के इशारे पर बार-बार पुलिस नोटिस देकर उन्हें परेशान कर रही है। बलौदाबजार हिंसा मामले में चौथी बार नोटिस जारी होने पर उन्होंने बयान देने जाने से मना किया था और कहा था कि वह राजनीतिक कामों में व्यस्त रहते हैं। पुलिस को जो भी बयान लेना है वह उनके पास खुद आकर ले ले। नोटिस पर बयान देने नहीं आने पर एडिशनल एसपी बलौदा बाजार अभिषेक सिंह के नेतृत्व में बलौदाबाजार से पुलिस टीम भिलाई पहुंची।

# कुर्सी पर बोझ बनने के लिए नहीं आए : शिवराज सिंह



**बुधनी (सीहोर)।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि वे कुर्सी पर बोझ बनने के लिए नहीं आए और उन्हें लगता है कि अगर ठीक से काम करना है तो खूंटा गाड़ कर बैठ जाएं। चौहान ने अपने लोकसभा क्षेत्र विदिशा के बुधनी विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान वे अपना संबोधन दे रहे थे। बुधनी उनका पूर्व विधानसभा क्षेत्र हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री रहने के दौरान वे यहीं से विधायक थे। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि वे कुर्सी पर बोझ बनने के लिए नहीं आए, सिर्फ चुनाव जीत जाएं तो फिर क्या मतलब। इसी क्रम में उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए भावुक अंदाज में कहा कि जब तक उनकी सांस चलेगी, जनता की भलाई के लिए चलेगी। उन्होंने कहा कि जनता ने ये महसूस भी किया होगा। चौहान ने कहा कि वे बुधनी देर से आ पाए, अपने लोकसभा क्षेत्र के कई विधानसभाओं में नहीं जा पाए। उन्होंने सोचा कि अगर ढंग से काम करना है तो जरा खूंटा गाड़कर बैठ जाएं, तब काम चलेगा और इसलिए वे दिल्ली में डटे थे।

# छत्तीसगढ़ में दो नई रेल लाइन परियोजनाओं के अंतिम सर्वे और डीपीआर निर्माण की मिली स्वीकृति

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ में दो नई रेल लाइन परियोजनाओं के अंतिम सर्वे और डीपीआर निर्माण की स्वीकृति मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इससे छत्तीसगढ़ का रेल इंफ्रास्ट्रक्चर और अधिक मजबूत होगा। गौरतलब है कि रेल मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ में दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के अंतर्गत 16 करोड़ 75 लाख रूपये लागत की कुल 670 किलोमीटर लंबी 2 नई रेल लाइन परियोजनाओं के अंतिम सर्वे और डीपीआर निर्माण की स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इन दो रेल लाइन परियोजनाओं में से गढ़चिरौली से बीजापुर होते हुए बचेली तक 490 किलोमीटर की नई रेल लाइन के सर्वे को मिली स्वीकृति बस्तर के सर्वसमावेशी विकास की गति को कई गुना बढ़ाने वाली है। इसके सर्वे के लिए रेल मंत्रालय ने 12 करोड़ 25 लाख रूपये स्वीकृत किये हैं। इससे बस्तर के सुदूर अंचल के लोग उच्च शिक्षा, रोजगार, बेहतर स्वास्थ्य और अपने उत्पादों की बिक्री के लिए रेलमार्ग से सीधे शहर से जुड़ेंगे। समूचा बस्तर क्षेत्र विकास के उच्च आयामों को छुएगा। वहीं कोरबा से अंबिकापुर तक 180 किलोमीटर की नई रेल लाइन के सर्वे को मिली स्वीकृति कोरबा और सरगुजा के सर्वसमावेशी विकास की गति को कई गुना बढ़ाने वाली है। इसके सर्वे के लिए रेल मंत्रालय ने 4 करोड़ 50 लाख रूपये स्वीकृत किये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में रेल सुविधा के क्षेत्र में इन दोनों सर्वे को मिली स्वीकृति क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगी, जिससे बस्तर और सरगुजा संभाग में रेल्वे सहित सभी क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। साथ ही इनसे हजारों-लाखों लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## मानव केंद्रित और विकास के लिए बहुआयामी होगा और बहुक्षेत्रीय दृष्टिकोण को बढ़ावा देगा

# ग्लोबल साउथ के लिए 'ग्लोबल डेवेलपमेंट कॉम्पैक्ट' का प्रस्ताव

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत ने ग्लोबल साउथ के देशों को उनकी प्राथमिकताओं के आधार पर संतुलित और सतत विकास में सहयोग के लिए व्यापक 'ग्लोबल डेवेलपमेंट कॉम्पैक्ट' प्रस्ताव किया है और व्यापार संवर्द्धन एवं क्षमता निर्माण के लिए दो कोष गठित कर 35 लाख डॉलर के योगदान की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में अपने समापन वक्तव्य में यह प्रस्ताव रखा। मोदी ने वर्चुअल रूप में आयोजित शिखर-सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में शामिल नेताओं के विचारों एवं सुझावों के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि आप सभी ने हमारी साझी चिंताओं और महत्वाकांक्षाओं को सामने रखा है। आपके विचारों से ये बात साफ़ है कि ग्लोबल साउथ एकजुट है। आपके सुझावों में हमारी व्यापक भागीदारी का प्रतिबिंब है। आज की हमारी चर्चा से आपसी सामंजस्य के साथ आगे बढ़ने का रास्ता तैयार हुआ है। उन्हें विश्वास है कि इससे हमारे साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, आप सभी की बात सुनने के बाद, आज मैं, आपके सामने भारत की ओर से एक व्यापक 'ग्लोबल डेवेलपमेंट कॉम्पैक्ट' प्रस्ताव रखना चाहता हूँ। इस कॉम्पैक्ट की नींव भारत की विकास यात्रा और विकास साझीदारी के अनुभवों पर आधारित होगी। यह कॉम्पैक्ट ग्लोबल साउथ के देशों द्वारा स्वयं निर्धारित की गई विकास प्राथमिकताओं से प्रेरित होगा। यह मानव केंद्रित होगा, और विकास के लिए बहुआयामी होगा और बहुक्षेत्रीय दृष्टिकोण को बढ़ावा देगा। यह विकास के लिए ऋण के नाम पर जरूरतमंद देशों को कर्ज तले नहीं दबाएगा। यह साझीदार देशों के संतुलित और सतत विकास में सहयोग देगा। उन्होंने कहा कि इस 'डेवेलपमेंट कॉम्पैक्ट' के तहत हम, विकास के लिए व्यापार, सतत वृद्धि के लिए क्षमता निर्माण, तकनीक साझीदारी, परियोजना केन्द्रित किफायती ऋण एवं अनुदान पर फोकस करेंगे। व्यापार संवर्द्धन गतिविधियों को बल देने के लिए, भारत 25 लाख डॉलर के विशेष फंड की शुरूआत करेगा। क्षमता निर्माण के लिए कारोबारी नीति और व्यापारिक सौदेबाजी में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए 10 लाख डॉलर का फंड प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों में वित्तीय दबाव और विकास वित्त पोषण के लिए भारत, एसडीजी उत्प्रेरक नेतृत्व समूह में सहयोग दे रहा है। हम ग्लोबल साउथ को सस्ती और प्रभावी जेनेरिक दवाइयाँ उपलब्ध कराने के लिए काम करेंगे। हम औषधि नियंत्रकों के प्रशिक्षण में भी सहयोग करेंगे। कृषि क्षेत्र में 'प्राकृतिक खेती' के अपने अनुभव और तकनीक साझा करने में हमें खुशी होगी। मोदी ने कहा, आपने तनावों और संघर्षों से जुड़ी चिंताओं को भी प्रकट किया है। यह हम सभी के लिए गंभीर विषय है। इन चिंताओं का समाधान न्यायपूर्ण एवं समावेशी वैश्विक शासन पर निर्भर करता है। ऐसे संस्थान जिनकी प्राथमिकताओं में ग्लोबल साउथ को वरीयता मिले। जहाँ विकसित देश भी अपने दायित्व और प्रतिबद्धताएं पूरी करें। ग्लोबल नॉर्थ और साउथ के बीच की दूरी को कम करने के लिए कदम उठाएं। अगले महीने संयुक्त राष्ट्र संघ में होने वाले भविष्य के लिए शिखर-सम्मेलन इस सब के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव बन सकता है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि ग्लोबल साउथ की प्रगति के लिए हम अपनी आवाज ऐसे ही बुलंद करते रहेंगे और अपने अनुभव साझा करते रहेंगे।

# सिद्दारमैया पर एमयूडीए भूमि घोटाले में मुकदमा चलाने की मंजूरी

एजेंसी ◄ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com



कर्नाटक के राज्यपाल थारचंद गहलोत ने मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) से जुड़ी कथित अनियमितताओं को लेकर मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए हरी झंडी दे दी है। तीन कार्यकर्ताओं द्वारा दायर याचिकाओं पर आधारित राज्यपाल के इस फैसले ने मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता को लेकर पहले से ही भड़के विवाद को और बढ़ा दिया है। राज्यपाल के निर्देश ने सिद्दारमैया की मुश्किलों को काफी बढ़ा दिया है, जिसे एक औपचारिक पत्र में सूचित किया गया है। पत्र में लिखा, राज्यपाल के निर्देशानुसार भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17 और धारा 218 के तहत याचिकाओं में उल्लिखित कथित अपराधों की जांच के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अंतर्गत मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के लिए सक्षम प्राधिकारी के निर्णय की प्रति संलग्न कर रहा हूं। घोटाले में आरोप लगाये गये हैं कि सिद्दारमैया ने पत्नी बीएम पार्वती, बेटे एस यतींद्र और वरिष्ठ एमयूडीए अधिकारियों के साथ मिलकर मैसूरु के एक पॉस इलाके में 14 प्रमुख स्थानों पर अवैध आवंटन की साजिश रची है। कार्यकर्ता प्रदीप कुमार, टीजे अब्राहम और स्नेहमयी कृष्णा का दावा है कि जाली दस्तावेजों का उपयोग करके इन आवंटनों के लिए राज्य के खजाने से 45 करोड़ रुपये की भारी राशि निकाली गयी है। मुख्यमंत्री पर कई महीनों से यह आरोप लगते रहे हैं, लेकिन उन्होंने लगातार अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज कर दिया था और कहा कि उन पर यह हमले राजनीति से प्रेरित हैं, उनकी छवि को धूमिल करने की साजिश है और इससे ज्यादा कुछ नहीं है। मुकदमा को आगे बढ़ाने का राज्यपाल का निर्णय एक महत्वपूर्ण कदम है, जो मुख्यमंत्री और उनकी सरकार के लिए जोखिम भरा हो सकता है।

# लखनऊ एयरपोर्ट में कैंसर दवा की खेप में अलार्म बजने से हड़कंप

एजेंसी ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कैंसर की दवा की पैकेजिंग की चेकिंग के दौरान अलार्म बजने से कुछ समय के लिये अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। एयरपोर्ट के सूत्रों के अनुसार सुबह एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर कार्गो एरिया में सामान की नियमित चेकिंग की जा रही थी। इस बीच पैकिंग से अलार्म बजने लगा। इस दमकल विभाग, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमे अलर्ट हो गयीं। बाद में पता चला कि उक्त पैकिंग में कैंसर रोधी दवा थी जिसमें रेडियो एक्टिव पदार्थ पाया जाता है। अधिक मात्रा में होने के कारण अलार्म बजने लगा। बाद में एयरपोर्ट प्रशासन ने एक बयान जारी कर साफ किया कि कैंसरग्रस्त मरीजों के इलाज के लिये दवाइयों की एक खेप में रेडियो एक्टिव पदार्थ होने से अलार्म सक्रिय हो गया। इस घटना में न कोई बेहोश हुआ और न ही कोई बीमार हुआ। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने पूरी जांच कर स्थिति को संभाला। इससे पहले एयरपोर्ट के सूत्रों से जानकारी मिली थी कि फ्लोरीन गैस के रिसाव हुआ है जो बाद में मात्र अफ्वाह साबित हुआ। दरअसल, चेकिंग के दौरान एक बॉक्स से बीप सुनाई देने पर बॉक्स खोला गया जिसमें कैंसर की दवा थी। इसमें से पदार्थ लीक हो गया, जिसे फ्लोरीन गैस बताया गया था।यों का आवागमन निर्बाध रुप से जारी है।

# यह स्वाधीनता हमें देश के विभाजन की कीमत पर मिली है, यह सतत स्मरण रखना होगा : पुरोहित

पायनियर संवाददाता < बागबाहरा
www.dailypioneer.com

सरस्वती शिक्षा संस्थान, छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिला प्रतिनिधि और स्थानीय विद्यालय संचालन समिति के सदस्य अनिल पुरोहित ने इस बात पर जोर दिया है कि स्वाधीनता दिवस पर अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीदों के पूजन-वंदन के साथ ही हमें यह भी सतत स्मरण रखना होगा कि यह स्वतंत्रता हमें देश के विभाजन की कीमत पर मिली है और इस विभाजन की विभीषिका के दौरान 20 लाख लोगों की हत्या की गई और 1.5 करोड़ लोगों को अपने मूल स्थानों से विस्थापित होना पड़ा। विभाजन का यह दंश कभी न भूलने वाली पीड़ा है। पुरोहित सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय में आहूत स्वाधीनता दिवस समारोह के कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में अध्यक्षीय आसंदी से संबोधित कर रहे थे। पुरोहित विभाजन की विभीषिका की चर्चा करते हुए कहा कि पाकिस्तान व बांग्लादेश के निर्माण का इतिहास तो सभी जानते हैं, लेकिन अब तक भारत का 24 बार विभाजन हो चुका है। दुर्भाग्य से वामपंथियों के टुकड़ों पर पलने वाले तथाकथित इतिहासकारों ने भारत के इतिहास से देशवासियों को अवगत नहीं होने दिया और तथ्यों को तोड़-मरोड़कर हमें अपने राष्ट्र के गौरव, राष्ट्र के अभिमान से अनभिज्ञ रखने का षड्यंत्र किया। आज एक बार फिर ये षड्यंत्रकारी ताकतें भारत के कुछ नेताओं के कंधों का इस्तेमाल करके अपने झूठे नैरेटिव चलाकर भारत में भी हिंसा और अराजकता फैलाने का वही जाल बुन रहे हैं, जो उन्होंने पहले अमेरिका, फ्रांस, श्रीलंका में बुना और बांग्लादेश को उसी अराजकता, हिंसा, उन्माद में धकेल दिया है। लेकिन, भारत में इन विदेशी और वामपंथी ताकतों का षड्यंत्र कभी सफल नहीं होगा क्योंकि भारत के बच्चे-बच्चे में राष्ट्रीयता और जन-जन में लोकतंत्र व संविधान के प्रति आस्था कूट-कूटकर भरी है और वह भारत के लोग इसका मुँहतोड़ जवाब देना जानते हैं। श्री पुरोहित ने कहा कि विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम के अध्ययन के साथ-साथ देश के इतिहास को पढ़ें, अग्निवीर योजना से जुड़कर सैन्य प्रशिक्षण अर्जित करने में भी रुचि लें, ताकि भारत को चुनौती देने वाली ताकतों का गली-गली से निकलकर मुँहतोड़ मुकाबला करने में वे सक्षम हों। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय युवा व्यवसायी और विद्यालय के पूर्व छात्र आकाश जैन ने विद्यालय परिवार को स्वाधीनता दिवस की बधाई देते हुए शहीदों को नमन किया। जैन ने सशिमं के विद्यार्थियों से देश के समर्पित होने का आह्वान भी किया। इस मौके पर संचालन समिति के अध्यक्ष मनसुख परमार, सचिव/ व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रामजी तिवारी, सहसचिव जोगेंद्र सिंह व कार्य. सदस्य नरेश जैन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में ध्वजारोहण, बौद्धिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन रखा गया। साहित्यिक कार्यक्रम में विशेष देशभक्ति गीत, संस्कृत एवं अंग्रेजी भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में कविताएँ प्रस्तुत की गईं। इस अवसर पर विद्यालय के छोटे भैया-बहिनों ने देशभक्ति पूर्ण गीतों और विचारों से पूरे आयोजन को सजाया था। इस अवसर पर महर्षि योगी अरविंद का स्मरण कर उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि जैन ने ध्वजारोहण किया, तत्पश्चात भारत मां का पूजन व आरती तथा भारत माँ, सरस्वती माँ व ओम के साथ ही महर्षि अरविंद चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। अतिथि परिचय एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा पौरवी एवं साधना देवांगन ने किया। कार्यक्रम के अंत में पुरोहित ने विद्यालय परिसर में अपने माता-पिता के नाम पर विद्यालय संचालन समिति के सभी सदस्यों के साथ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता का परिचय दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक माता-पिता, गणमान्य नागरिकगण, पूर्व छात्र एवं समस्त दीदी एवं आचार्य उपस्थित रहे।



# स्वतंत्रता दिवस पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस पर माँ गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम में खुशियों की बहार रही। वृद्धाश्रम की ट्रस्टी कल्पना योगेश तिवारी के मुख्य आतिथ्य में पचास से सत्तर साल तक के बुजुर्ग आजादी के गीत पर झूमते नजर आए। पहली बार स्वतंत्रता दिवस मना रहे माँ गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम में सुबह ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रमुख समाजसेविका कल्पना तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप में तिरंगा फहराकर समारोह की शुरुआत की। राष्ट्रगान के पश्चात सभी ने देश की एकता और अखंडता के प्रति समर्पण का संकल्प लिया। ध्वजारोहण के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विशेष रूप से बुजुर्ग नागरिकों ने हिस्सा लिया और अपने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति का जज्बा प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में देशभक्ति गीत, कविता पाठ, और नृत्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

कल्पना तिवारी ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के विकास में सभी के योगदान की सराहना की। उन्होंने बुजुर्गों की भागीदारी को प्रेरणादायक बताया और कहा कि उनके अनुभव नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए और राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने कार्यक्रम की सराहना की। इस कार्यक्रम में माँ गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम की ट्रस्टी कल्पना योगेश तिवारी समेत कमलेश सोनी, धन्नुलाल मुदगलजी, यशपाल सिंह चौहान, देवीबाई बजाज, प्रेम पोदार, रामचन्द्र मोर्या, सकलदेव, हेमराज पोदार, मनोरंजन, लक्ष्मी नारायण, रमाकान्त त्यागी, मुरलीधर, जगदीश राम प्रमुख रूप से शामिल थे।

# विकास कार्यों और सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में मॉडल बने लोरमी : अरुण साव

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर में लोरमी के विकासखण्ड और तहसील स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की प्रगति और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों से कहा कि लोरमी के विकास और वहां के नागरिकों को खुशहाल बनाने के लिए मैं भी आपकी टीम का हिस्सा हूं। हम सब मिलकर क्षेत्र का तेजी से विकास करेंगे और जन आकांक्षाओं को पूरा करेंगे। विकास कार्यों और सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में लोरमी प्रदेश में नज़ीर बने, ऐसा काम हम सबको मिलकर करना है। उप मुख्यमंत्री साव ने बैठक में कहा कि हम सबको मिलकर लोरमी की समस्याओं को दूर करना है। क्षेत्रवासियों को सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोरमी के लोगों के लिए नई कार्ययोजनाएं तैयार करें और उन्हें गंभीरता से अमलीजामा पहनाएं। उन्होंने लोक सेवक के तौर पर नागरिकों से अच्छा व्यवहार रखने और उनकी समस्याओं का तत्परता से निराकरण करने को कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपील की के वे अच्छे कार्यों से अपनी पहचान बनाएं। अपने विभाग और खुद की प्रतिष्ठा बढ़ाएं। लोरमी में हो रहे कार्यों का दूसरे विकासखण्ड और तहसील अनुसरण करें, ऐसा काम करें। साव ने बैठक में लोरमी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति सहित सभी विभागों के कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने लोरमी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शहर में नगर पालिका के अनुरूप सुविधाएं विकसित करने को कहा। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को सिंचाई और घरेलू उपयोग के लिए क्षेत्र में पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साव ने जिला खाद्य अधिकारी को अचानकमार क्षेत्र में बारिश के दिनों में पर्याप्त राशन का भंडारण करने को कहा। उन्होंने पीडीएस दुकानों की संख्या बढ़ाने के साथ ही सभी दुकानों की व्यवस्था जांचने के भी निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री साव ने श्रम विभाग के अधिकारियों को विभागीय योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया। उन्होंने संगठित क्षेत्र और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के पंजीकरण और योजनाओं की जानकारी देने शिविर आयोजित करने को कहा। उन्होंने इन शिविरों में श्रमिकों को अन्य विभागों की योजनाओं की भी जानकारी देने को कहा। साव ने जनपद पंचायत कार्यालय में हेल्प-डेस्क स्थापित कर लोगों को अपेक्षित जानकारियां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुंगेली जिला पंचायत के सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, एसडीएम जी.एल. यादव, तहसीलदार शेखर पटेल, एसडीओपी माधुरी धिरही, जनपद पंचायत के सीईओ चंद्रकुमार धृतलहरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लालजी चन्द्राकर, बीएमओ डॉ. जी.एस. दाऊ और बीईओ डी.एस. राजपूत सहित सभी विभागों के अधिकारी बैठक में मौजूद थे।

# रक्षाबंधन पर्व पर सामान्य अवकाश के स्थान पर सार्वजनिक अवकाश घोषित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय द्वारा अधिसूचना के अनुसार 19 अगस्त रक्षाबंधन पर्व पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने 19 अगस्त 2024, सोमवार को 'रक्षाबंधन' पर्व के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य में पूर्व में सामान्य अवकाश घोषित किया गया था। नवीन अधिसूचना के अनुसार अब 19 अगस्त सोमवार को रक्षाबंधन पर्व पर छत्तीसगढ़ में निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 के अंतर्गत सार्वजनिक अवकाश रहेगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 11 अक्टूबर 2023 जारी अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए यह अधिसूचना जारी की गई है।

# दिव्य कला मेला में मुख्यमंत्री साय को पैरा शिल्प से निर्मित पोर्ट्रेट भेंट की गई



**रायपुर।** मुख्यमंत्री साय को राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में आयोजित दिव्य कला मेला में कलाकार हीरा धृतलहरे ने अपने हाथों से बनाई पैरा शिल्प पोर्ट्रेट भेंट की। हीरा की भेंट पाकर मुख्यमंत्री ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने हीरा से कहा कि उनके पास पैरा शिल्प स्केच बनाने का अनूठा हुनर है और खूब अभ्यास कर इसको निखारना चाहिए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रैक्टिस से परफेक्शन आता है, उसकी बारीकियाँ पता चलती है। लगातार प्रैक्टिस करके वो एक अच्छी शिल्पी बनकर देश-दुनिया में अपना और अपने प्रदेश का नाम रोशन कर सकती है।

# मूणत के नेतृत्व में भव्य कांवड़ यात्रा आज सुबह 9 बजे से शहरभर में बाबा भोलेनाथ के भक्तों को पूर्व मंत्री का न्योता

## मुख्यमंत्री साय, स्पीकर डॉ. रमन, सांसद बृजमोहन, पूर्व गवर्नर रमेश बैस होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



सार्वजनिक तथा भक्तिमय आयोजनों को भव्य और गरिमामयी स्वरूप देने के मामले में स्थापित हो चुके रायपुर पश्चिम के दिग्गज भाजपा विधायक राजेश मूणत रविवार को हनुमान मंदिर गुढ़ियारी से सुबह 9 बजे विशाल कांवड़ यात्रा निकालने जा रहे हैं। बाबा भोलेनाथ के अनन्य भक्त पूर्व मंत्री मूणत हर साल की तरह इस साल भी कांवड़ लेकर गुढ़ियारी से महादेवघाट जाएंगे, जहां बाबा हटकेश्वरनाथ को जलाभिषेक किया जाएगा। कांवड़ यात्रा को भव्यता देने के लिए बाबा महाकाल के शहर उज्जैन से लेकर उत्तरप्रदेश तक के डमरूधारी तथा अघोरी नर्तकों की टोलियां, संबलपुर के बाहुबलि कटप्पा के वेश में संगीत दत के साथ छत्तीसगढ़ के पंथी, आदिवासी और राउत नाचा की नर्तक टोलियां भी साथ चलेंगी। गुढ़ियारी से महादेवघाट तक पूरे मार्ग में पुष्पवर्षा और भंडारे चलते रहेंगे। विशाल कांवड़ यात्रा में सीएम विष्णुदेव साय, विधानसभा स्पीकर डा. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व गवर्नर रमेश बैस समेत कई विधायक शामिल होंगे। पूर्व मंत्री मूणत ने राजधानी के सभी शिवभक्तों को कांवड़ यात्रा में शामिल होने का न्योता दिया है। विधायक मूणत ने 14 अगस्त को विशाल तिरंगा बाइक यात्रा का सफल आयोजन किया था और इस बार इसे भी भव्य स्वरूप देने में कामयाब हुए थे। अब उन्होंने 18 अगस्त, रविवार को विशाल कांवड़ यात्रा की तैयारी लगभग पूरी कर ली है। मूणत के नेतृत्व में हर वर्ष निकाली जाने वाली कांवड़ यात्रा भी साल दर साल भव्य स्वरूप ले रही है। यात्रा में बाबा भोलेनाथ की चलित झांकी इस बार भी आकर्षण का केंद्र रहनेवाली है।

### मारुति मंगलम भवन से होगी शुरुआत

राजेश मूणत के नेतृत्व में गुढ़ियारी के हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद कांवड़ यात्रा मारुति मंगलम भवन से सुबह 9:30 बजे शुरू होगी। यात्रा गुढ़ियारी में ही पड़ाव, शुक्रवारी बाजार और रामनगर होती हुई तेलघानी नाका, अग्रसेन चौक, आमापारा, लाखेनगर, अश्वनी नगर मुख्य मार्ग से रायपुरा होते हुए महादेवघाट जाएगी। यहां बाबा हटकेश्वरनाथ के मंदिर में जलाभिषेक किया जाएगा। मूणत ने कहा कि यह आयोजन विशुद्ध रूप से गैर राजनैतिक कार्यक्रम है, तथा पूरे शहर के शिवभक्त आमंत्रित हैं। कांवड़ यात्रा में माताओं-बहनों समेत सभी शिवभक्तों के लिए पूरे यात्रा मार्ग से लेकर महादेवघाट तक यथासंभव जरूरी सुविधाएं जुटा ली गई हैं।

# बालको से जुड़ी कृपा राठिया लाल किला समारोह में शामिल

## मोर जल मोर माटी परियोजना से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी

पायनियर संवाददाता < बालकोनगर
www.dailypioneer.com





बेला गांव की निवासी कृपा राठिया लाल किला समारोह में शामिल होने के बाद अपनी खुशी को बयां करते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एसएचजी महिलाओं की बात करके हमारे हौंसलों को बढ़ाया है। जहां चाह वहां राह कहावत को चरितार्थ करते हुए कृपा 78 वें स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में हुई शामिल। जीवन में खुद के पहचान एवं आर्थिक चुनौतियों को मात देते हुए कृपा राठिया ने अपनी खुद की पहचान बनाई हैं। हम सभी के लिए गर्व की बात की मिनिस्ट्री ऑफ माइंस की तरफ से देश भर से चुनिंदा औद्योगिक कंपनियों को ही बुलाया गया था। कार्यक्रम में शामिल होने वाली बालको छत्तीसगढ़ की एकमात्र कंपनी थी। देश भर के विभिन्न संस्थानों से 11 लोगों को इस समारोह में बुलाया गया जिसमें बालको, छत्तीसगढ़ की ओर से कृपा को शामिल होने का अवसर मिला। मजबूती से घर की जिम्मेदारियों को पूरा करते हुए आगे बढ़ने के लिए बालको की परियोजना मोर जल मोर माटी से जुड़ी। 11 साल के बच्चे की मां कृपा ने सामुदायिक परियोजना से जुड़कर विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त किये हैं। कई वर्षो में इन्होंने अपनी सफलता की कहानी को स्वयं आकार दिया है। सफल उद्यमी बनकर आज समुदाय की महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी हैं। परियोजना की मदद से इन्होंने मुर्गी पालन का व्यवसाय शुरू किया जिससे साल में 50 हजार की आमदनी होती है। इसके साथ ही अपने मेहनत और लगन से कृषि क्षेत्र में भी उत्कृष्ट योगदान दे रही है। अपनी आर्थिक आत्मनिर्भरता की कहानी से इन्होंने विकसित भारत के सपने को साकार किया है मिसाल पेश की है।

कृपा राठिया ने लाल किला समारोह की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को ध्वजारोहण करते देखकर मन आनन्दित हो गया। कार्यक्रम को व्यक्तिगत रूप से अनुभव करना तथा प्रधानमंत्री और पूरे मंत्रालय को आमने-सामने से देखना मेरे लिए सबसे खास था। उन्होंने कहा कि मैं इस अनुभव के लिए बालको को धन्यवाद कहना चाहूंगी की उन्होंने मुझे इस कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर दिया। बालको की सामुदायिक परियोजना ने मुझे सशक्त बनाने के साथ हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने बताया कि सरपंच ने पूरे गांव को बताया है कि वह दिल्ली गई हैं और उनके पूरे गांव से बधाई संदेशों की बाढ़ आ गई है। लाल किला से प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ने वाली हमारी बहनों की संख्या 10 करोड़ तक पहुंच गई। उन्हीं में से एक कृपा राठिया स्वयं सहायता समूह से जुड़ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं। बालको की उन्नति परियोजना जीपीआर स्ट्रैटेजीज एंड सॉल्यूशंस (जीपीआरएसएस) के साथ साझेदारी में चल रही है।

इस परियोजना से कोरबा के 45 शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 535 स्वयं सहायता समूहों की लगभग 5751 महिलाओं को विभिन्न कार्यक्रमों से लाभ मिल रहा है। परियोजना के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों के फेडरेशन विकास की दिशा में कार्य जारी है। महिलाओं को क्षमता निर्माण, वित्तीय प्रबंधन, सूक्ष्म उद्यमों के प्रचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मोर जल मोर माटी परियोजना 32 गांवों में 1800 एकड़ से अधिक भूमि के साथ 4749 किसानों तक अपनी पहुंच बना चुका है। किसान आजीविका के लिए कृषि के साथ पशुपालन, बागवानी और वनोपज जैसी गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। बालको अपने सामुदायिक विकास कार्यों की मदद से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, जल एवं स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, स्थायी आजीविका और पर्यावरण, संरक्षण में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है।

# मुख्य सचिव ने संभागायुक्त और कलेक्टरों से की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक, महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कान्फ्रेंस के जरिये राज्य के संभागायुक्तों और कलेक्टर्स की बैठक ली। बैठक में राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, भू-अर्जन, राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार, एक पेड़ मां के नाम, नारी शक्ति से जल शक्ति, जल जीवन मिशन, श्रम पोर्टल में दर्ज श्रमिकों के राशन कार्ड बनाने और बच्चों के अधिकारों का संरक्षण और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर कलेक्टरों से जिलेवार जानकारी ली। मुख्य सचिव ने राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए ग्रामीण इलाकों में एक कारगर व्यवस्था बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह जिलों में जनदर्शन कार्यक्रम के तहत निराकृत प्रकरणों के ऑकड़े रखने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों से राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार कर प्रकरणों के निराकरण की जिलेवार जानकारी ली गई। भू-अर्जन के बटांकन में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए लोक निर्माण विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, पंजीयन विभाग और सुशासन एवं अभिसरण विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के लिए कहा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के तहत महत्वपूर्ण ऑकड़ों को पोर्टल में अपलोड करने और जल जीवन मिशन के तहत शत-प्रतिशत एफएचटीसी प्राप्त करने वाली पंचायतों और ग्रामों में हुई प्रगति की जानकारी ली गई। मुख्य सचिव ने खाद्य विभाग और श्रम विभाग के अधिकारियों को श्रम पोर्टल में दर्ज सभी श्रमिकों के राशन कार्ड अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से बाल अधिकारों के संरक्षण के संबंध में जिलेवार की गई कार्यवाही की समीक्षा की। महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों से पोषण ट्रेकर एप में पोषण संबंधी जानकारी की प्रविष्टि की प्रगति की जानकारी ली। मुख्य सचिव ने नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आबंटन, व्यवस्थापन और फ्री होल्ड के संबंध में शासन द्वारा जारी परिपत्रों और निर्देशों के तहत जिलेवार की गई कार्यवाही के संबंध में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली। इसी तरह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों से विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत किए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। इस संबंध में जांजगीर-चांपा जिले द्वारा जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेस्ट प्रेक्टिस पर प्रस्तुतिकरण भी दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव शम्मी आबिदी, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के विशेष सचिव चंदन कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी, संभागायुक्त और जिले के कलेक्टर मौजूद थे।

# मुख्य अतिथि विक्रम उसेंडी ने स्वतंत्रता दिवस जिला स्तरीय समारोह में किया ध्वजारोहण

## जिले में गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया आजादी का महापर्व

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com





आजादी के महापर्व 78वें स्वतंत्रता दिवस को पूरे जिले में गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम मिनी स्टैडियम में मुख्य अतिथि अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथ द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी का जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया, तत्पश्चात हर्ष के प्रतीक रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े गए।

समारोह स्थल में उपस्थित नक्सली उन्मूलन अभियान में शहीद हुए जवानों के परिजनों को मुख्य अतिथि द्वारा शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने मीसाबंदी से मिलकर उनका भी सम्मान किया तथा कुशल क्षेम पूछा तत्पश्चात जिले के अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य का प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र से सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। जिसमें पुलिस के जवान, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभागीय गतिविधियों में सराहनीय योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे।

कार्यक्रम में परेड दल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टीम को पुरस्कार से सम्मानित किया। जिसमें सीनियर परेड दल बस्तर फाईटर महिला को प्रथम स्थान मिला, सीआरपीएफ को द्वितीय एवं जिला पुलिस बल महिला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर परेड दल में स्काऊट को प्रथम स्थान, एनसीसी को द्वितीय स्थान एवं गाईड को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

इसी तरह मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति स्कूली विद्यार्थियो द्वारा की गई जिसमें स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा हम कथा सुनाते राम सकल गुण गान गीत पर सुंदर प्रस्तुतिकरण हेतु प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। एकलव्य विद्यालय बीजापुर को आदिवासी जंगल रखवाला गीत पर द्वितीय स्थान एवं कन्या रेसीडेंसियल स्कूल बीजापुर को बस्तरिया लोकनृत्य पर तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सथी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं सम्मान के साथ मुख्यअतिथि विक्रम उसेंडी, कलेक्टर अनुराग पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने सामूहिक फोटोग्राफी भी कराई। मुख्य कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, नगरपालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया सहित जिला एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि, नगरपालिका के पार्षदगण, गणमान्य नागरिक जी वेंकट, श्रीनिवास मुदलियार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ताजुद्दीन आसिफ, डीएफओ रामकृष्णा, एडिशनल एसपी वैभव बैंकर, उपनिदेशक इन्द्रावती टाईगर संदीप बल्गा, एडिशनल एसपी चन्द्रकांत गवर्ना, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा स्कूली विद्यार्थी एवं जन सामान्य उपस्थित थे।

# गोंडाहुर थाना क्षेत्र में हुए हत्या में माता-पिता ही निकले आरोपी



पायनियर संवाददाता < पखांजूर
www.dailypioneer.com

थाना गोंडाहूर के अपराध क्रमांक 14/2024 धारा 103(1), 3(5), 238 बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट के प्रकरण में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर आई के एलेसेला के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर डॉ. प्रशांत शुक्ला, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर रवि कुजूर के निर्देशन में लगातार मामले के विवेचना करते हुए आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। प्रकरण में मृतक अभय शील के पिता पलाश शील और माँ रंजिता शील ने ही एक राय होकर अपने बेटे की हत्या की थी। आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलने से उनकी गिरफ्तारी की गई। अपना जुर्म स्वीकार करते हुए आरोपियों ने बताया की उनके बेटे



अभय को नशे की लत थी वो गांजा, सुलेशन, बॉन्फिक्स आदि का नशा कर आवारागर्दी करते घूमता रहता था, उसे चोरी करने की भी आदत थी, कई बार मोबाइल और बाइक चोरी का घर में ले आता था जिससे समाज में उनकी बदनामी होती थी, उसे समझाने पर वो माता पिता से गाली गलौच और मारपीट पर उतारू हो जाता था, दो बार उसने पिता पर हाथ भी उठाया था। उसे सुधारने के लिए उसके पिता ने नागपुर हल्दीराम कंपनी में 02 सप्ताह पूर्व अभय को नौकरी करने भेजा वहां भी वो नहीं टिका और अपने पिता से पैसा मांग कर वापस पी.वी. 20 अपने गाँव आ गया और फिर से नशा करना शुरू कर दिया। दिनांक 14 अगस्त को रात में अभय नशा करके घर में माता पिता से विवाद करने लगा जिससे बहुत त्रस्त होकर माता पिता दोनो ने एक राय होकर अभय की हत्या कर दी। हत्या में प्रयुक्त टांगिया, खंडा, पहने हुए कपड़े, चप्पल, मृतक का मोबाइल वा उसका नशीला पदार्थ, कड़ा और मृतक का जलाया हुआ हड्डी का अवशेष आरोपियों की निशानदेही पर बरामद कर जप्त किया गया है। प्रकरण की विवेचना में निरीक्षक लक्ष्मण केवट, उपनिरीक्षक वा थाना प्रभारी गोंडाहूर प्रेम कुमार झा, एएसआई हिराऊ मरकाम, एएसआई केरकेट्टा, प्रधान आरक्षक उत्तम मंडल, समोद शर्मा, दुलीचंद, आरक्षक चंदन कुलदीप, ईश्वर मरकाम, कृपाल कोड़ोपी, प्रवीन मंडावी, गौतम यादव, मंजू, निशा, सीमा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कोलकाता में डॉक्टर पर हुए अत्याचार एवं हत्या के विरोध में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर कार्य किया

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला इकाई बीजापुर के महिला प्रकोष्ठ के आह्वान पर जिला चिकित्सालय इकाई के समस्त कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर कोलकाता में डॉक्टर पर हुए अत्याचार एवं हत्या के विरोध में, साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने जिला चिकित्सालय परिसर में प्रदर्शन किया। आम नागरिकों की परेशानी को देखते हुए, लोकहित में बिना कार्य बाधित किए सभी ने एकमत से काली पट्टी लगाकर कार्य किया। ड्यूटी के उपरांत सांकेतिक प्रदर्शन कर पीड़िता को न्याय दिलाने आवाज बुलंद की। ज्ञात हो कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) एवं डॉक्टर्स संगठन के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर जिले के समस्त चिकित्सक आज एक दिवसीय हड़ताल पर हैं। जिसके समर्थन में आज जिला चिकित्सालय इकाई के कर्मचारियों ने भी काली पट्टी लगाकर उनका नैतिक समर्थन किया। इस अवसर पर ड्यूटीरत कर्मचारी जिसमे जिला सचिव मनीषा देवांगन, प्रभा कावटी, मधु दुर्गम, साहिल्या, रुक्मणि, काजल, कौशल्या आदि महिला कर्मचारियों सहित संघ के जिलाध्यक्ष सदाशिव दुर्गम, अर्जुन, हीरालाल, तापस घोष आदि उपस्थित रहे।

# एकता का संदेश देने निकाली एकता सायकल यात्रा, युवा व बच्चे हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिले के फरसगांव में 78वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर उम्मीद समाजिक संस्था के द्वारा नगर के केवी जनरल स्टोर में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहाँ नगर के गायता और पटेल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिसके बाद फिरोज मेमन व उनके परीजनों ने मिलकर तिरंगे रंग के गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधि, उम्मीद सामाजिक संस्था के सदस्य सहित नगरवासी उपस्तिथ रहे। ध्वजारोहण पश्चात फरसगाँव नगर से ग्राम पासंगी 5 किलोमीटर तक एकता साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। यह साइकिल यात्रा फरसगांव नगर के केवी जनरल स्टोर के संचालक मोहम्मद फिरोज के सौजन्य से उनके दुकान के सामने से प्रारंभ किया गया। डीजे में देश भक्ति गीतों के साथ सायकल सवार बड़े ही उत्साह के साथ इस रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिसमें नगर के युवाओ के साथ बच्चे व बुजुर्ग भी शामिल हुए, यह सायकल यात्रा फरसगाँव से पासंगी तक निकाली गई। ग्राम पासंगी पहुचकर कार्यक्रम में उपस्थित जनों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गई और गांव के बुजुर्गों को साल व श्रीफल से सम्मानित किया व आंगनबाड़ी व प्रायमरी स्कूल के बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण किया। ततपश्चात पासंगी के प्राथमिक व माध्यमिक शाला परिसर में वृक्षारोपण कर ग्रामीणों को पौधे भी बांटे गए। वही उम्मीद संस्था के सदस्यों ने भुत पूर्व सैनिकों का मोमेंटो से सम्मान किया। कार्यक्रम के अंतिम में साइकिल यात्रा से पुनः वापस फरसगांव पहुची जहाँ एकता सायकल यात्रा में शामिल हुए सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित कर जल पान कराकर यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान फरसगांव एसडीएम, तहसीलदार, न.पं. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, उम्मीद संस्था के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगरवासी, स्कूली बच्चे, भूतपूर्व सैनिकों से निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे सैकड़ो युवाओं ने एकता यात्रा में शामिल हुए।

### स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने निकाली एकता यात्रा

उम्मीद के सदस्यों ने बताया यह एकता यात्रा का उद्देश्य स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक लोगों को करना है, लोग अपने भाग दौड़ की जिंदगी में कार और मोटर साइकिल पर चलने के आदि हो गए है जिससे स्वास्थ्य भी बिगड़ रहा है और पर्यावरण भी प्रदूषण हो रहा है। सभी को अपने दिनचर्या में सायकल चलना चाहिए, पैदल चलना चाहिए, कार और मोटरसाइकिल का कम उपयोग करना चाहिए जिससे वह स्वस्थ रहे और पर्यावरण में प्रदूषण भी कम हो सके।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के माध्यम से हो रहा हर घर तिरंगा रैली का आयोजन : कन्नौजे

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय सेवा योजना जिला कोंडागांव के विभिन्न इकाइयों द्वारा जिले के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागाँव के प्राचार्य डॉ सी आर पटेल के निर्देशन एवं जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे के नेतृत्व में जिले के विभिन्न राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकालकर देशभक्ति का भाव प्रदर्शित किया जा रहा है। जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे से मिली जानकारी अनुसार हर घर तिरंगा अभियान के तहत 9 अगस्त 2024 से 15 अगस्त 2024 तक प्रत्येक घरों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को फहराना है। राष्ट्रीय गौरव और एकता की नई भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने नागरिकों से अपने घरों में तिरंगा फहराने और झंडे के साथ एक सेल्फी क्लिक कर इसे हरघरतिरंगाडॉटकॉम के वेबसाइट पर अपलोड करने का आग्रह भी किया। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न रासेयो इकाइयों में महाविद्यालय तथा स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा रैली,पोस्टर मेकिंग, रंगोली, मेहंदी तथा मानव श्रृंखला के माध्यम से राष्ट्रीय एकता का प्रतीक हमारा राष्ट्र ध्वज तिरंगा के सम्मान को जन जन को जागरूक करके देशभक्ति के भाव को बढ़ाना है। इसी कार्यक्रम के तहत गुण्डाधुर महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा रैली निकालने के साथ साथ जिले के विभिन्न महाविद्यालय तथा विद्यालयों जैसे कन्या महाविद्यालय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय - जैतपुरी, चिपावंड, कोंडागांव, बड़ेराजपुर, बोरगांव, अडेंगा, पारोंड, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दहिकोंगा, माकड़ी अथवा और भी जिले के बहुत सारे रासेयो इकाइयों द्वारा तिरंगा रैली निकाला गया।

# सर्विस रायफल की साफ सफाई के दौरान चली गोली

बीजापुर। भैरमगढ़ थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक सन्नू हपका की सर्विस रायफल की साफ सफाई के दौरान प्रातः 09.00 बजे के आसपास दुर्घटनावश गोली चल जाने से सीने में गोली लग गई



घायल जवान को इलाज के लिए भैरमगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।प्रधान आरक्षक अवकाश उपभोग कर दिनांक 15 अगस्त को वापस थाना में आमद दिए थे। वही 16 अगस्त को रोड ओपनिंग ड्यूटी के लिए रायफल इश्यू कराने के बाद रायफल की सफाई करने के लिए थाने के पीछे मेस की तरफ गया था। सम्भवतः सफाई के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से जवान के सीने में गोली लग गई। थाना भैरमगढ़ में मर्ग पंजीबद्ध कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कुकाड़ गारकापाल में धूमधाम से राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






स्वतंत्रता दिवस के 78वीं वर्षगांठ पर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला कुकाड़ गारकापाल, विकासखंड कोंडागांव जिला कोंडागांव में राष्ट्रीय पर्व को बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि सबसे पहले शाला ग्राम में प्रभात फे री का निकाला गया। प्रभात फे री रैली ग्राम के मुख्य मार्ग मोहल्ले से होते हुए ग्राम पंचायत के लिए निकला वहां पर ग्राम के जनप्रतिनिधियों, पंचायत सचिव, ग्राम पटेल सभी ने मिलकर झंडा फहराया उसके बाद, वहां से रैली आंगनबाड़ी में आई वहां पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा झंडा फहराया गया फिर वहां से रैली वापस शाला परिसर में आई एवं शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला एवं, सरपंच, पंचों प्रधान अध्यापक सभी ने मिलकर तिरंगे को सलामी देते हुए झंडा फहराया। उसके बाद प्राथमिक एवं माध्यमिक वर्ग के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा स्वतंत्रता दिवस से संबंधित हिंदी एवं अंग्रेजी में भाषण भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग किए बच्चों को उपस्थित अतिथियों के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।

# मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन किरंदुल द्वारा निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मेटल माईस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा द्वारा 15 अगस्त को भव्य एवं ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई। एमएमडब्ल्यूयू के अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव ए के सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं समरसता की भावनाओं को आम जनमानस तक व्यापक रूप से प्रसारित करने के पावन उद्देश्य से यह तिरंगा यात्रा निकाली गई थी जिसमें मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित किरंदुल के जनप्रतिनिधिगण, प्रतिष्ठित नागरिकों द्वारा पूरे हर्षोल्लास के साथ प्रतिनिधित्व किया गया। एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक उत्पादन आर राजाकुमार, महाप्रबंधक विद्युत सेवायें एन सुब्रमण्यन, उप महाप्रबंधक कार्मिक बी के माधव सहित समस्त विभागाध्यक्ष, आफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी गण की विशेष उपस्थिति रही।

# किरंदुल एनएमडीसी परियोजना द्वारा मनाई गई 78 वां स्वतंत्रता दिवस



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरन्दुल एनएमडीसी परियोजना में बुधवार को देश का 78 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही एवं वरिष्ठ कर्मचारी सूदरु तेलाम द्वारा ध्वजारोहण किया गया व राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी एवं उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों छात्र छात्राएं एवं नागरिकों ने राष्ट्रगान गाया।मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया।अपने संबोधन में मुख्य महाप्रबंधक ने स्वतंत्रता दिवस पर सविस्तार बताते हुए कहा कि एनएमडीसी ने देश की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उत्पादन व प्रेषण के नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं जिसके लिए सभी कर्मचारियों को हार्दिक बधाई दी।समारोह में महाप्रबंधक उत्पादन आर राजाकुमार, महाप्रबंधक विद्युत एम सुब्रमण्यम, उपमहाप्रबंधक बी के माधव,प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्ष मंजू साही, इंटक सचिव ए के सिंह, अध्यक्ष विनोद कश्यप,राजेंद्र यादव,एसकेएमएस अध्यक्ष देवरायलु, सचिव राजेश संधू, सीआईएसएफ कमांडेंट, छात्र छात्राएं एवं अन्य उपस्थित थे।

# पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति जन जाग्रति अभियान



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

पुलिस विभाग ने नशे की रोकथाम के लिए अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत ग्रामीण इलाकों में शिविर लगाकर लोगों को नशे की लत से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। अमरावती बाजार में आज पास के गांव से आए लोगों को जागरूक किया गया। थाना प्रभारी अखिलेश धीवर ने बताया कि, नशीले पदार्थों के तेजी से बढ़ रहे उपयोग और उससे होने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए अभियान चलाया जा रहा है। कोंडागांव जिले के अनंतपुर थाना क्षेत्र में नशामुक्ति अभियान चलाया गया है, जिसमें युवाओं, स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को नशे की लत से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि, आगे और नशा मुक्ति जन जाग्रति अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर लोगों को नशे की लत से दूर रहने की समझाइश दी जाएगी।

# हजारों करोड़ का गोठान घोटाला करने वालों का गौ सत्याग्रह का ढोंग करना हास्यास्पद : कविंद्र जैन

## अपनी ड्यूटी कर रही पुलिस के साथ विधायक द्वारा दुर्व्यवहार निंदनीय : तेजराम साहू

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



विधायक ओंकार साहू के नेतृत्व में कांग्रेस का गौ सत्याग्रह महज एक छलावा है। नगर पंचायत आमदी में कांग्रेस के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के आमदी मंडल के प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष कविंद्र जैन ने कहा कि कांग्रेस सरकार में हजारों करोड़ का गोठान घोटाला अभी जांच के घेरे में है। प्रदेश भर के गोठानो में अनेक अनियमितताएं पाई गई है। गोठान में मवेशियों की देखभाल करने की बजाय कांग्रेसियों ने उसे भ्रष्टाचार का चारागाह बनाया हुआ था। भूपेश सरकार में गौ तस्करी अपने चरम पर थी। ऐसे लोगों के द्वारा गौ सत्याग्रह किया जाना हास्यास्पद है। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार की गौ अभ्यारण योजना गौधन के संरक्षण और गौ सेवा के उद्देश्य से एक अभिनव योजना है जिसका क्रियान्वयन पशुधनए राजस्व एवं वन विभाग की संयुक्त भागीदारी से शुरू होने जा रही है। जिसका लाभ न सिर्फ प्रदेश के किसानोंए पशुपालकों को मिलेगा अपितु इससे रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे और प्रदेश की सड़कों को आवारा पशुओं से मुक्त करने में भी सफलता मिलेगी। आमदी नगर पंचायत अध्यक्ष ने दावा किया कि नगर पंचायत क्षेत्र मे सड़कों को आवारा पशुओं से मुक्त कराने विशेष अभियान चलाया जाता रहा है जिसके फलस्वरूप यहां ऐसी कोई समस्या नही है। विधायक के नेतृत्व में कांग्रेसी घरों से पालतू मवेशियों को निकाल कर प्रदर्शन का छलावा कर रहे। कांग्रेस के प्रदर्शनकारियों को धमतरी नगर निगम के सामने प्रदर्शन करना चाहिए क्योंकि निगम क्षेत्र में महापौर की निष्क्रियता और उदासीनता के चलते अनेक दुर्घटनाएं हो चुकी है परंतु कांग्रेस के लोगों में इतना नैतिक साहस नही है कि अपने ही महापौर की खामियों के खिलाफ आवाज उठा सके। कांग्रेसियों के इस प्रदर्शन को उन्होंने जनता के साथ मजाक बताया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष तेजराम साहू एवं समस्त भाजपा पार्षदों ने कांग्रेस के इस प्रदर्शन को नौटंकी बताया और केवल खबरों में बने रहने के लिए किया गया ढोंग बताया। उन्होंने विधायक सहित कांग्रेस के नेताओं पर आरोप लगाया कि उनके द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया जबकि वो अपनी ड्यूटी कर रहे थे। उन्होंने विधायक द्वारा बैरिकेड्स तोड़नेए उपद्रव करने और पुलिस कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करने जैसे कार्य की निंदा की और उपद्रवियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करने की मांग की।

# सार्थक स्कूल, नेहरू प्रा.शा.क्र 5 आंगनबाड़ी केन्द्र में सयुक्त रूप से मनाया स्वतंत्रता दिवस



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र सार्थक स्कूल, नेहरू प्राथमिक शाला क्रमांक 5 और आंगनबाड़ी केंद्र में संयुक्त रूप से नेहरू स्कूल कैम्पस में प्रगतशील भारत का 78 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्णिमा रजक पार्षद नयापारा वार्ड धमतरी, अध्यक्षता डॉ अनिल रावत संरक्षक सार्थक स्कूल धमतरी, विशिष्ट अतिथि प्रभा रावत, संस्थापक अध्यक्ष सार्थक स्कूल धमतरी एवं गजानंद रजक समाजसेवी धमतरी, डॉ सरिता दोशी अध्यक्ष सार्थक, मैथिली गोड़े, प्रशिक्षिका सार्थक स्कूल धमतरी, नोमेश साहू, प्रधानपाठक नेहरू स्कूल धमतरी, पद्मिनी साहू, आंगनबाड़ी केंद्र 2 ने दीप प्रज्वलित कर गांधीजी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। बच्चों ने स्वागत गीत व श्रीफल से अतिथियों का स्वागत किया। डॉ अनिल रावत और पूर्णिमा रजक द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर सार्थक के विशेष बच्चे भारतमाता की वेषभूषा में दिशा गौतम और महाराणा प्रताप की वेशभूषा में प्राची सोनी ने देशभक्ति से ओतप्रोत धरती सुनहरी अंबर नीला ऐसा देश हैं मेरा गीत पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। सभी अतिथियों ने अपने आशीर्वचन में स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए बच्चों एवं प्रशिक्षकों की सराहना की। नोमेश साहू ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव स्नेहा राठौड़ ने किया। इस अवसर पर कीर्ति गोयल, प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, देविका दीवान, स्वीटी सोनी, थॉमस साहू, निरेश ध्रुव, हरीश सोनी,जितेंद्र साहू,राजकुमार मसीह,सुनैना गोड़े, शांता यादव, निर्मला, श्यामा उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन के बाद सभी को सेव बूंदी के पैकेट्स प्रदान किए गए।

# जिले के 111 ग्राम पंचायत हुए टीबी मुक्त



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस के अवसर परजिले के 111 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल. कौशिक ने बताया कि ग्राम पंचायतों के विशेष योगदान को प्रोत्साहित करते हुए सभी 111 ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में सांकेतिक रूप से 9 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिवों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का प्रमाण पत्र समारोह के मुख्य अतिथि विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर द्वारा प्रदाय किया गया। इनमें ग्राम पंचायत दर्रा के सरपंच त्रिलोचन साहू, राखी की धनेश्वरी निर्मलकर, कठौली की कविता साहू, गोजी के थानेश्वर तारक, मौरीकला की खुशबू साहू, धुमा के सरपंच बहुर राम साहू, ग्राम पंचायत रामपुर के सचिव बलराम साहू, अछोटी के कृष्ण कुमार और ग्राम पंचायत बानगर की सरपंच निर्मला साहू शामिल है। सीएमएचओ डॉ.कौशिक ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय क्षय उन्मूल के तहत वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत धमतरी जिले के 111 ग्राम पंचायतों में से धमतरी और कुरूद विकासखण्ड के 21-21, मगरलोड के 25 और नगरी के 44 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। डॉ.कौशिक ने कहा कि आने वाले समय में शेष ग्राम पंचायतों को भी टी.बी.मुक्त करने में सफल होंगे।

# मां दंतेश्वरी विद्या मंदिर में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

## विद्यालय में रक्षाबंधन पर छोटे छोटे बच्चो ने बांधी राखी

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मां दंतेश्वरी विद्या मंदिर स्कूल धमतरी में 78वीं वर्षगांठ मनाया गया। सर्वप्रथम शाला प्रबंधन समिति के सदस्यो द्वारा शाला परिसर में ध्वाजारोहण किया गया। इसके पश्चात बच्चों ने राष्ट्रगान, भारत माता के जयकारों व गगन भेदी नारों से पूरे परिसर को गुंजायमान कर दिया पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया जिसमें बारहमासी गीत सुआगीत, सांस्कृतिक एवं विभिन्न देशभक्ति गीतों में नृत्य प्रहसन प्रस्तुत करके दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। अंत में सभी बच्चों को पुरस्कार प्रदान एवं मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के सदस्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाए सहित स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया जिसमें छोटे-छोटे बच्चो ने हाथ में पूजा की थाली लिए स्कूल के भाइयों की आरती ली। छात्रो ने हाथ में राखी बांध कर माथे में टिका लगाकर राखी बांधकर मुंह मिठा कराया गया। राखी उत्सव में सभी बच्चो ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया।

# आंगनबाड़ी केंद्रों के खुलने से वंचित बच्चों को बेहतर सुविधा : नोवीना अमृत

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



विधानसभा क्षेत्र के ग्राम संत पाली में नवनिर्मित आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन जिला पंचायत सभापति नोवीना अमृत जगत ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति ने अपने उद्बोधन पर कहा कि बड़ी अच्छी बात है कि इस ग्राम पंचायत में तीन-तीन आंगनवाड़ियां केंद्र हैं आंगनबाड़ी केंद्रों के खुलने से गांव के वंचित बच्चों को अब बेहत्तर सुविधा मिलेगी साथ ही उनका भविष्य भी उज्जवल होगा उन्होंने आगे कहा आंगनबाड़ी केंद्र में कमरे का विद्युतीकरण, शौचालय, बच्चों के खेलने के लिए खिलौने, किताब, खेल सहित अन्य अत्याधुनिक सुविधा मुहैया कराई जाएगी ताकि इस केंद्र के अंदर बच्चों के बचपन का सही तरीके से विकास हो सके। उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच सुरेश निषाद सचिव सारथी बेहरा, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक कु. निशा बघेल भगवान प्रसाद सेठ, देव कुमार सिदार, कौशल कुमार करसल, शोभन सिंह राय, घनश्याम साहू, रेखा चौहान, लुमती चौहान, राजिम चौहान, प्रीति भोई, मायावती चौहान रूपलाल चौहान, उपेंद्र चौहान, मलिक चौहान, हुसैन साहू, दयालाल चौहान एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# रोजगार सहायक ने मिट्टी कार्य को ठेका में देकर किया फर्जीवाड़ा, कलेक्टर से कार्यवाही की मांग

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



देवभोग ब्लॉक के ग्राम पंचायत धौराकोट में रोजगार सहायक तुलाराम साहू द्वारा मनरेगा के अंतर्गत मिट्टी कार्य में फर्जीवाड़ा और गांव के परशुराम को ठेका पद्धति में देने का मामला प्रकाश में आया है बकायदा शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर दीपक अग्रवाल के जनदर्शन में शिकायत कर मस्टर रोल की परत दर परत जांच करने की मांग किया है जिसके बाद पुरे पंचायत में हडकंप मचा हुआ क्योंकि ग्रामीणों की शिकायत और धरातल की तस्वीर को देख प्राथमिक दृष्टि में फर्जीवाडा की पुष्टि भी होती है ऐसे अन्य बिंदुओ मे हुई शिकायत पर ग्रामीण कुछ हद तक पुष्टि की मुहर भी लगा रहें हैं जिनमे सरपंच ओंकार सिन्हा के नाती शिवम हार्डवेयर दुकान संचलित है और इस दुकान से गिट्टी छड़ सीमेंट सप्लाई किया जाता हैं और शिवम हार्डवेयर का ही बिल लगाया जाता है इसके अलावा वर्ष 2015 में हितग्राहियों के घरों में शौचालय निर्माण के लिए शिवम इंटरप्राइज के खाते 600000 रुपए जमा हुआ लेकिन हितग्राहियों के घरों में शौचालय नहीं बन पाया मतलब पैसा की बंदरबांट का भी आरोप लगाया है इसके साथ 2015 से 2024 में 14 वे और 15 वे वित्त मे लाखों रुपए सरकार की ओर से आंबटित हुआ लेकिन कभी कोई ग्रामीणों को आय व्यय की जानकारी नही मिल पाती तभी पंचायत उपेक्षित दिखाई पड़ता है साथ ही बीते सत्र के दौरान चनाभांटा मार्ग सोधन नागेश के खेत सामने बनाए गए 16 लाख की पुल के जांच के अलावा शिवम इंटरप्राइज वेंडर के खाते की भी जॉच के लिए किशोर नागेश हेमपाल राजेंद्र नारायण रुकचंद डमरू यादव सहित मांग किया है।

### वर्षो से पदस्थ ग्राम पंचायत सचिव

ब्लॉक के अधिकांश ग्राम पंचायत सचिवो को जिला के निर्देशानुसार इधर से उधर किया गया है लेकिन धौराकोट पंचायत के सचिव वरुण मांझी पिछले 3 साल से अधिक समय हो रहा धौराकोट में ही कुंडी मार कर जमे हुए हैं शायद यही वजह है की मनमानी पर उतारू बताया जाता हैं सबसे दुर्भाग्य की बात तो यह की पंचायत ना नियमित खुलती हैं और ग्राम पंचायत सचिव पहुंचते हैं इसलिए ग्राम पंचायत सचिव को भी हटाने के लिए मांग किया जा रहा है ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगते फर्जी कार्यों को रोका जा सके हालांकि इसके लिए अलग से जिला पंचायत सीईओ से मुलाकात कर ग्राम पंचायत सचिव को हटाने की मांग करने की बात कह रहे हैं ।

### स्थानीय अधिकारी होने से कार्यवाही नहीं

शिकायतकर्ता किशोर नागेश ने शिकायत पत्र पर उल्लेख करते बताया है की महीनो पहले मनरेगा में फर्जीवाड़ा और सरपंच द्वारा अपने सगे नाती के दुकान का बिल लगाने सहित भ्रष्टाचार की शिकायत एसडीएम से किया रहा लेकिन स्थानीय अधिकारी के हाथों जॉच का जिम्मा आने के चलते ना नियमानुसार जांच हो पाई और ना कार्यवाही इसलिए इस बार कलेक्टर से शिकायत किया है ताकि निष्पक्ष जांच करते ठोस कार्यवाही को अंजाम दिया जाएं अन्यथा मनरेगा के मजदुरो का हक फर्जीवाड़ा की भेंट चढ़ जाएगा जबकि मनरेगा के साहारे कई मजदुर है फिर भी मजदूरों को शत प्रतिशत काम नही मिल पा रहा है

# दावा-आपत्ति 15 दिवस के भीतर मंगाए गए

**धमतरी।** जिले में मसाहती, असर्वेक्षित, अत्यधिक बंदोबस्त त्रुटिवाले ग्रामों का राजस्व सर्वेक्षण प्रक्रियाधीन है। इसके तहत वन से घोषित राजस्व ग्राम है। कार्य एजेंसी आईआईटी रूढ़की द्वारा प्रथम प्रकाशन हेतु बेलरगांव तहसील के दो ग्रामों के 4 नक्शा शीट उपलब्ध कराया गया है। इसी तरह बेलरगांव तहसील के ग्राम बांसपानी के 2 नक्शा शीट, ग्राम जुनवानी के 2 नक्शा शीट और नगरी तहसील के ग्राम मौहाबाहरा के 2 नक्शा शीट उपलब्ध कराया गया है। संबंधित नक्शा शीटों का भौतिक सत्यापन राजस्व सर्वेक्षण दल द्वारा कराया जाकर नक्शा-खसरा तैयार किया गया है। हल्का पटवारी द्वारा तैयार राजस्व अभिलेख खसरा व नक्शा भू-धारकों के अवलोकन के लिए संबंधित पंचायत भवन में कार्यालयीन अवधि में उपलब्ध रहेगा। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने हल्का पटवारी द्वारा तैयार किए गए नक्शा शीटों एवं खसरों पर जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो, उनसे आगामी 15 दिवस के भीतर लिखित अथवा मौखिक आवेदन कार्यालयीन समय में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से दावा-आपत्ति संबंधित ग्राम पंचायत भवन प्रस्तुत करने कहा है। उन्होंने कहा कि नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# सैंपल फेल होने पर दुकानदारों को लगाया गया है 1 लाख 60 हजार का जुर्माना



पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा किए गए जांच एवं सैंपल उपरांत न्यायनिर्णयन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत एक माह के भीतर ही 6 प्रकरण पर निर्णय आया है। जिसके तहत विभिन्न विभिन्न प्रकरण पर 6 दुकानदारों को कुल 1 लाख 60 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया हैं। जिसमे जुर्माना लगाया गया है उसमें कमलेश किराना बलौदाबाजार को अवमानक मिर्च पाउडर हेतु 15 हजार रूपये, राजेश दाल भंडार पलारी को अवमानक दाल पर 25 हजार रूपये, संजय राव रेस्टोरेंट भाटापारा को मंचूरियन ग्रेवी अवमानक हेतु 20 हजार रूपये, मिथ्या छाप आटा हेतु विक्रेता कमल किराना पलारी को 20 हजार रूपये एवं निर्माता जगदंबा राइस मिल को 50 हजार रूपये, अवमानक बर्फी के लिए कृष्णा जोधपुर स्वीट्स बलौदाबाजार को 15 हजार रूपये, अवमानक चिकन बिरयानी के लिए केजीएन बिरयानी 15 हजार रूपये अर्थदंड अधिरोपित किया गया. उक्त जानकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा के द्वारा दी गई है एवं मिलावट के खिलाफ शीघ्र ही अन्य नवीन प्रकरण न्यायालय में दर्ज करने की जानकारी दी गई हैं।

# तिल्दा-नेवरा में जगह जगह फहराया तिरंगा



पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

देश के स्वतंत्रता दिवस के 78 वर्ष गांठ के अवसर पर जगह जगह ध्वजारोहण किया गया ।वहीं नगर में तिरंगा यात्रा भी निकाली गई। छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला तिल्दा -नेवरा नगर में देश के स्वतंत्रता के 78 वर्ष गांठ को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। तिल्दा-नेवरा नगर के गांधी चौक नेवरा, सुभाष चौक, पंडित दिन दयाल उपाध्याय चौक सहित विभिन्न चौक चौराहों के अलावा प्रशासनिक कार्यालय व स्कूल कालेजो मे ध्वजारोहण किया गया। वहीं पत्रकारों के महासंघ छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के द्वारा सासाहोली दुर्गा चौक पर तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के अलावा शिक्षक गण बड़ी संख्या में शरीक वहीं। ध्वजारोहण छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के ब्लांक अध्यक्ष अविनाश वाधवा के द्वारा किया गया, इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपूत, जिला मिडिया प्रभारी अजय नेताम, ब्लांक उपाध्यक्ष प्रकाश जोशी उपस्थित थे। ध्वजारोहण देश भक्ति गीतों के धुन के मध्य किया गया।

# स्वतंत्रता दिवस पर हुआ रक्त दान शिविर

## बढ़ते कदम और पूज्य सिंधी पंचायत के प्रयास से मिला 50 यूनिट रक्त

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



आज़ादी के 78 वें वर्ष में इस 15 अगस्त को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग और समाजसेवी संगठन बढ़ते कदम पूज्य सिंधी पंचायत बलौदाबाजार के संयुक्त तत्वावधान में नगर के स्थानीय विप्र भवन में एक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी तथा पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर अशोक कुमार वर्मा की उपस्थिति में 50 यूनिट रक्त दान की प्राप्ति हुई ।डॉक्टर वर्मा के अनुसार इसमें 32 यूनिट पुरुष दानदाताओं और 18 यूनिट महिला दानदाताओं से रक्त प्राप्त हुआ है। बढ़ते कदम से जुड़े मुकेश कुमार रोहरा ने बताया कि,युवाओं को रक्तदान हेतु प्रेरित करने हेतु आज़ादी की वर्षगांठ पर आज यह कार्यक्रम किया गया जिसमें 50 लोगों ने रक्तदान किया। बढ़ते कदम यह प्रयास पहले भी करता रहा है। पूर्व में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर ऐसे शिविर में 51 यूनिट रक्तदान किया गया था। रक्तदान जीवन रक्षा हेतु अति आवश्यक है,इस कार्यक्रम द्वारा समाज को यह सन्देश दिया जा रहा है। 18 से 65 वर्ष का व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिन 12.5 हो वह रक्तदान कर सकता है। एक बार मे 350 मिली रक्त ही निकाला जाता है। एक व्यक्ति साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है। इससे किसी प्रकार की कोई कमज़ोरी नहीं आती है। जिला कलेक्टर दीपक सोनी ने बढ़ते कदम के इस नेक कार्य हेतु सराहना की है तथा उनसे युवाओं को रक्तदान हेतु प्रेरित करते रहने की आशा व्यक्त की है जिससे समाज मे रक्तदान हेतु सकारात्मक माहौल बन सके ।शिविर में अंशुल सिंग, राजेन्द्र कुमार घिर्रे ,राकेश कुमार पैकरा,चेतन साहू ने जिला अस्पताल से आवश्यक सहयोग किया।

# भव के बदलने से पहले हमे अपना भाव बदलना है और भाव को बदलकर उन भावो को अपने हृदय में लाना है : विशुद्ध सागर

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



परम पूज्य विशुद्ध सागर जी म सा ने अपने आज के प्रवचन में फरमाया कि प्रगतिशील आत्मा जो परमात्मा बनने का प्रयास कर रहे है उन्हे और अधिक पुरुषार्थ करने का प्रयास करना है, ये मानव भव हमे अपने भाव को बदलने के लिए मिला है। हम इस संसार में सबको बदलना चाहते है लेकिन स्वयं के भाव को नही बदलना चाहते। ज्ञानी भगवंत कहते है इस भव के बदलने से पहले हमे अपना भाव बदलना है और भाव को बदलकर उन भावो को अपने हृदय में लाना है जिस भाव के कारण भगवान बन सके। हमारी आत्मा अच्छे भाव के अभाव में अपने वास्तविक स्वभाव में नहीं आ सकती। और अपने स्वभाव में न आने के कारण उसका प्रभाव भी दिखाई नहीं देता। कई बार हम जाने अनजाने में ही द्रव्य के स्थान पर भाव से आशातना अर्थात पाप कर लेते है। हमारे जैसे भी भाव होंगे उसका कुछ न कुछ प्रभाव जरूर होगा। और उसका फल भी जरूर मिलता ही है। हमे विचार इसलिए करना है क्योंकि हमे विचार करने की योग्यता मिली है। अगर हम इस योग्यता का उपयोग नही करेंगे तो आने वाले भव में यह योग्यता फिर नहीं मिलेगी। इस संसार में हमारे पास सबके लिए समय है केवल स्वयं को छोड़कर। पूर्व के कर्मो के कारण आज हमे जो मिला है आने वाले भव में ऐसा ही मिले आवश्यक नहीं है। क्योंकि इस भव में हमारे भाव पूर्व के जैसे नही है। परमात्मा ने स्वाध्याय के 5 अंग बताए है वांचना, प्रिछना, परावर्तन,अनुप्रेक्षा और धर्म कथा । इन पांचों के माध्यम से अपनी आत्मा को जानने का पहचानने का प्रयास करना चाहिए।

# स्कूली छात्राओं ने किया राखी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्च प्राथमिक शाला चिंगरौद में बैगलेस डे के अवसर पर स्कूली छात्राओं के द्वारा राखी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन कर शिक्षकों एवम् स्कूल के छात्रों अर्थात अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र का पवित्र बंधन बांधकर अपनी रक्षा का वचन लिया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर शाला विकास समिति के संरक्षक सुखदेव मालेकर ने बच्चों से कहा किवदंती है कि प्राचीन काल में महाभारत के समय भगवान श्री कृष्ण के हाथ किसी धारदार हथियार से कट गया और खून की धारा बहने लगी तब द्रौपदी ने उनके हाथों पर अपने आंचल अर्थात् पल्लू को फाड़ कर पट्टी बांधा था ठीक उसी समय जब पांडवों ने जुए में अपनी पत्नी द्रोपती को हार गए तब कौरवों के द्वारा भरी दरबार में द्रोपती का चीर हरण दुर्योधन ने किया तो श्री कृष्ण ने भाई बनकर द्रोपती की रक्षा की थी। तब से यह परंपरा रक्षाबंधन के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधान पाठक गणेश राम चंद्राकर ने बच्चों से कहा कि यह भाई और बहनों के प्रति एक अटूट प्यार को प्रदर्शित करने वाला पर्व है जिसे हम स्कूल स्तर पर शिक्षक योगेश मधुकर के अमूमन प्रयासों एवम् उनके मार्गदर्शन के बदौलत यह कार्यक्रम संपन्न हुआ है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को प्रत्येक वर्ष स्कूल स्तर पर ऐसा आयोजन करने की सलाह दी जिससे स्कूली छात्र-छात्राओं में एक दूसरे के प्रति प्रेम, विश्वास और भाईचारे की भावना विकसित हो सके। उद्बोधन की इसी कड़ी में शिक्षक योगेश कुमार मधुकर ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि आज स्कूल में राखी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन हमारे संकुल लाफिन खुर्द में पहली बार हुआ है सभी छात्राएं अपने हाथों से राखी बनाकर एवम् थाल सजाकर लाई थी और तीनों ही कक्षाओं के भाइयों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र का पवित्र बंधन बांधकर भाई बहन के अटूट रिश्ते को प्रगाढ़ किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के बीच इस प्रकार की गतिविधि करने से उनमें सृजनात्मक क्षमता के साथ साथ मानसिक, बौद्धिक एवं क्रियात्मक क्षमताओं का विकास होता है। बैकलेस डे का तात्पर्य होता है बिना बस्ता रहित शिक्षण लेकिन इसका आशय यह नहीं की इस दिवस बच्चों की पढ़ाई नहीं होती। बच्चों के द्वारा उस दिन स्वयं रचनात्मक ढंग से कार्य करने से उनमें ज्ञान और बुद्धि का समग्र विकास होता है जिससे बच्चे की कार्य कुशलता में वृद्धि होने के साथ वह गुणवान बनते हैं।

# भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेश में गौवंश बदहाल

## भिलाई/ भिलाई-3 में एसडीएम कार्यालय के पास निर्मल कोसरे के नेतृत्व में गौ सत्याग्रह किया गया

पायनियर संवाददाता ❮ भिलाई
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ कांग्रेस लगातार राज्य सरकार को घेरने में लगी हुई है। इस क्रम में पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर गुरुवार को भिलाई-3 में एसडीएम कार्यालय के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गौ सत्याग्रह किया। अहिवारा विधानसभा के चारों ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष एवं भिलाई-चरोदा निगम महापौर निर्मल कोसरे विशेष रूप से उपस्थित थे। कोसरे ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद पूरे प्रदेश में गौवंश की स्थिति बदहाल हो गई है। अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के भिलाई-चरोदा, जामुल, अहिवारा एवं नंदिनी ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गौ सत्याग्रह के लिए एसडीएम कार्यालय भिलाई-3 में एकत्रित हुए। यहां पर खुले में घूमने वाले मवेशियों को सामने रख कांग्रेस नेताओं ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा संचालित गोधन न्याय योजना को बिना किसी सूचना के बंद करने पर राज्य की मौजूदा सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम को सड़कों से पकड़कर लाए गए मवेशियों के साथ एक ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से राज्य सरकार को चेतावनी दी गई है कि जल्द से जल्द खुले में घूमने वाले मवेशियों की सुरक्षा और उनके भोजन पानी का इंतजाम सुनिश्चित नहीं होने पर कांग्रेस के कार्यकर्ता उन्हें एसडीएम कार्यालय, नगर निगम या फिर पुलिस थानों में लाकर छोड़ेंगे। गौ सत्याग्रह को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष एवं महापौर निर्मल कोसरे ने बताया कि प्रदेशभर में हो रही गायों की मौत और खुले मवेशियों के कारण सड़कों में हो रही दुर्घटनाएं आवारा मवेशियों से खेतों की चराई पूरे प्रदेश में एक बड़ी समस्या बन कर उभरी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद से प्रदेश में गौवंश बदहाल है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार की ओर से संचालित गोधन न्याय योजना को बंद करके गौवंशी पशुओं को सड़क पर बेमौत मरने छोड़ दिया है। एक तरफजहां किसान खुली चराई से परेशान है। वहीं सड़कों में दुर्घटनाएं बढ़ गई है। भाजपा की सरकार में गाय, भैंस के साथ जनता भी सड़कों पर बेमौत मरने मजबूर हैं। इस अवसर पर भिलाई-चरोदा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मढ़रिया, जामुल ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, अहिवारा ब्लाक अध्यक्ष हीरा वर्मा, नंदिनी ब्लाक अध्यक्ष दुर्गा गजभिए, महामंत्री पप्पू चंद्राकर, पार्षद गण ईश्वर साहू, मोहन साहू, संतोष तिवारी, संतोषी निषाद, एस वेंकट रमना, टेनेंन्द्र ठाकरे, दीप्ति वर्मा देव कुमारी भल्लावी, मनोज कुमार, एम जॉनी, अभिषेक वर्मा, डे साहब वर्मा, कामता साहू, नरेंद्र वर्मा, विनोद निषाद, निलांबुज साहू विनोद प्रसाद, आनंद टेंमुलकर, आशीष वर्मा, ललित दुर्गा, कालिंद्री नायक, भागी निर्मलकर, अशफाक अहमद, गिरवर साहू, इंद्रजीत यादव, युवराज कश्यप, करीम खान, उमेश साहू, आशीष अग्रवाल, बी एन राजू, मिलिंद दानी, जगदीश मारकंडे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत संडा मे राशन विक्रेता का मनमानी आधे ग्रामीणों को नहीं दिया नमक शक्कर




**सारंगढ़।** जिले के बरमकेला अंतर्गत संडा के राशन विक्रेता कि मनमानी चरम पर है, शासन प्रशासन और तमाम कोशिशो के बावजूद राशन विक्रेताओं का मनमानी थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। ताजा मामला बरमकेला के संडा गांव का है, बतादे कि ग्रामीणों ने नमक और शक्कर वितरण नहीं करने का आरोप लगाया है जिससे भोली भाली गरीब जनताओं कि हक कि आबंटन नहीं मिला है। क्या राशन विक्रेताओं को राशनकार्ड वार राशन नहीं दिया जा रहा है अगर राशन कार्ड कि राशन आबाँटन बराबर दे रहे हैं तो विक्रेता आखिर क्यों वितरण नहीं कर रहा है, आखिर सम्बंधित विभाग अधूरे बाँटने वाले राशन विक्रेताओं के ऊपर कार्यवाही नहीं करना कई सवाल खड़े हो रहे हैं, संडा राशन विक्रेता ने बताया कि खाद्य विभाग व नान से बराबर राशन डीलर को नहीं देते हैं ऐसे मे समझ से परे है, आखिर खाद्य विभाग के अधिकारी आखिर क्यों संज्ञान नहीं लेते हैं अब ग्रामीणों ने मिडिया के माध्यम से उचित कारवाही करने गुहार लगाया है।

## फाईट द बाईट की मुहिम के तहत् भिलाई-चरौदा निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया हथखोज की औद्योगिक ईकाईयों का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ❮ भिलाई-3
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन दुर्ग के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा द्वारा फाईट द बाईट अभियान को सफल बनाने की कार्यवाही की जा रही है। इसके तहत् निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत के निर्देशानुसार हथखोज एरिया में संचालित औद्योगिक प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता संबंधी मापदण्डों का मूल्यांकन करते हुये निगम की टीम द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव प्रदान किये गये। जैसे पानी के जमाव को रोकना, कूलर के पानी का नियमित रूप से बदला जाना, बाड़ी और पेड़-पौधों के आसपास मच्छरों के पनपने की संभावना को देखते हुये दवा का छिड़काव व नियमित सफाई करना, साथ ही मिट्टी वाली जगहों पर कीचड़ नहीं होने देना ये सभी अहतियात बरतने पर मौसमी बीमारियों तथा मच्छरों से जनित रोगों से बचाव किया जा सकता है। इस दौरान निरोस इस्पात कंपनी, मां संतोषी रोलिंग मील, सुप्रीम सायनाथ स्पेस्लिंस्ट, जे.के. स्टील हथखोज, सैप भाई मेटू प्रा.लि. इन औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को डस्टबीन के उपयोग सहित ग्लब्स और मास्क से स्वयं को सुरक्षित रखने से भी अवगत कराया गया। इस दौरान निगम सफाई विभाग से स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा, सफाई दरोगा हरिशचन्द्र जोशी स्वच्छता सुपरवाईज़र सहित पूरी टीम मौजूद रही।

# मसीही समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस प्रेम व भाईचारे का दिया सन्देश

पायनियर संवाददाता ❮ कांकेर
www.dailypioneer.com





मसीही समाज द्वारा स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मसीही समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

विदित हो कि पिछले 24 वर्षो से बेतेल प्रार्थना भवन टिकरापारा में मसीही समाज के लोगों द्वारा आजादी का पर्व मनाया जाता है जिसमें समाज के लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है। सुबह 8 बजे प्रार्थना व सुसमाचार के साथ यह कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें मसीही समाज के अध्यक्ष सिद्धान्त राज चंद्रा द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

### वृद्धाश्रम व अनाथ आश्रम में किया गया फल वितरण

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मसीही समाज के युवा संगठन व महिला संगठन के पदाधिकारियों ने इस बार स्वतंत्रता दिवस वृद्धाश्रम में बुजुर्गों व अनाथ आश्रम में बच्चों के साथ खुशी बांटने, वहां उनके साथ कुछ समय बिताकर उन्हें फल फ्रुट, बिस्किट मिक्सचर वितरण किया गया। इस अवसर पर मसीही समाज से बेतेल प्रार्थना भवन टिकरापारा के पास्टर ऐबेल वर्गिस, मसीही समाज के संरक्षक डॉ. पी क्लॉडियस, उपाध्यक्ष राजकुमार देवांगन, सचिव सुरेंद्र रंगारी, सहसचिव गुणोनिधि बेसरा सह-कोषाध्यक्ष प्रदुमन मेश्राम, हाबिल मसीह वहीं मसीही युवा समाज से अध्यक्ष नरेश भीमगज पवन कांगे उपाध्यक्ष, गणपत कुलदीप उपाध्यक्ष, हर्ष ठाकुर सचिव, प्रशान्त पटेल सह सचिव, तिलक मरकाम कोषाध्यक्ष, टोकेश्वर साहू मिडिया प्रभारी, महिला संगठन से रूखमणी छाटा अध्यक्ष, रजनी भोइनंदी सचिव, मीनाक्षी पटेल उपाध्यक्ष, करूणा वसनिकर कोषाध्यक्ष, प्रतिमा नेताम सहसचिव राजबति मौजूद रहे।

# जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों ने फिर खोला मोर्चा

**लिखित आश्वासन के बाद भी चलने लायक नहीं बनी सड़क, ग्रामीणों ने किया चक्काजम**

पायनियर संवाददाता ❮ रायगढ़
www.dailypioneer.com

तमनार क्षेत्र के हुँकराडिपा चौक से लेकर मिलुपारा तक की बदहाल सड़क को लेकर एक बार फिर खम्हरिया के ग्रामीणों ने मोर्चा खोला है। सुबह से फिर ग्रामीण सड़क मरम्मत की मांग को लेकर सड़क किनारे धरने पर बैठ गए है। पीड़ित ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें केवल झूठा आश्वासन मिलता है, लेकिन सड़क का मरम्मत कार्य करने की जवाबदारी किसी ने अभी तक नहीं उठाई है। हालांकि चक्का जाम की जानकारी मिलने के बाद कुछ प्रभावित प्रबंधन के अधिकारी और तमनार थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे थे। जहां घँटो समझाइस के बाद भी ग्रामीणों ने चक्का जाम छोड़ना उचित नहीं समझा, उनका कहना है कि जब तक सड़क चलने लायक नहीं हो जाता है, तब तक वे धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे। लिखित आश्वासन के बाद ही नहीं बन पाई सड़कग्रामीणों का कहना है कि पिछले दो अगस्त को सड़क की समस्या को लेकर चक्का जाम कर विरोध जताया गया था। तब तहसीलदार और प्रबंधन के जवाबदारों ने लिखित आश्वासन दिया था कि सड़क मरम्मत कार्य जल्द प्रारंभ कराया जाएगा। लेकिन अभी तक किसी भी कंपनी के जवाबदेहों के द्वारा सड़क मरम्मत नहीं कराई गई। सड़क की समस्या आज भी जस के तस बनी हुई है, आज भी लोग कीचड़ युक्त सड़क पर चलने को मजबूर है। फिसलन की वजह से लोग लगातार दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं।सड़क मरम्मत के लिए फरिश्ते का इंतजार औद्योगिक विकास के नाम पर छले जा रहे लोगों को अब सड़क मरम्मत के लिए किसी फरिश्ते का इंतजार है। लोगों को यही उम्मीद है कि कोई फरिश्ता रातों-रात आएगा और सड़क को चकाचक करके चला जाएगा। क्योंकि प्रबंधन और प्रशासन ने तो अपनी जवाबदारी दिखला ही दी है। मौसम ने भी सड़क मरम्मत के लिए जवाबदेहों को मौका दिया था, लेकिन लोगों की समस्या से लगता है उन्हें कोई नाता ही नहीं है। बस सुविधा से वंचित हो रहे पीड़ित ग्रामीणों का आरोप है कि 5 दिन मौसम खुला था, बारिश नहीं हो रही थी। लेकिन जवाबदार कंपनी के दूतों के द्वारा सड़क मरम्मत की जवाबदारी नहीं समझी गई। जिससे समस्या आज भी वही पुरानी है। ग्रामीणों का कहना है कि खस्ता हाल सड़क की वजह से वे बस सुविधाओं से भी वंचित हो रहे हैं।

यात्री बस के अलावा बच्चों को ले जाने वाले स्कूल बस भी गांव तक नहीं पहुंच रही है। जिससे उन्हें आवागमन संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।गांव को तमनार से जोड़ने वाली प्रमुख सड़क का टूटा कनेक्शनहमने आपको पहले ही बताया था कि दैनिक रोजमर्रा की जिंदगी में आवश्यक वस्तुओं को लेने के लिए वनांचल क्षेत्र के लोगों को तमनार जाने की जरूरत पड़ती है। साथ ही साथ लैलूंगा क्षेत्र के रहवासी भी मिलुपरा तमनार की सड़क का उपयोग करते हैं। हजारों की संख्या में मिलुपारा, उरबा पेलमा, हिंझर कोडकेल सेमिजोर लालपुर के लोग उक्त सड़क से तमनार की ओर आते हैं लेकिन वर्तमान समय में सड़क की स्थिति काफी दयनीय है। कीचड़ की वजह से सड़क में फिसल कर कई छोटी बड़ी दुर्घटनाएं रोज हो रही है। लेकिन प्रशासन और कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंद लिए हैं।

## बंग समाज के नेतृत्व में सर्व हिन्दू समाज ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहें अत्यचार को लेकर सौंपा ज्ञापन



**रायगढ़।** बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहें अत्याचार को लेकर देश में हर जगह से आवाज उठने लगी हैं। हाल ही में बांग्लादेश में तख्तापलट के कारण वहा मुस्लिमों द्वारा सभी अल्पसंख्यकों पर अत्याचार किया जा रहा। जिसके खिलाफ भारत देश में भी लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। जबसे यह घटना घटित हुई हैं देश में कई जगहों से विरोध प्रदर्शन की खबर सामने आई हैं। ऐसा ही विरोध धरमजयगढ़ में भी देखने को मिल रहा है। 14 अगस्त को बंग समाज द्वारा इस सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें निर्णय लिया गया था की बंग समाज के सभी लोग धरमजयगढ़ एसडीएम को ज्ञापन सौपेंगे। जैसे ही इसकी सूचना ब्राम्हण समाज को मिली सर्व हिन्दू समाज द्वारा बंग समाज का हाथ थामते हुए ज्ञापन सौपने की तैयारी की गई। इसी कड़ी में बंग समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ सर्व ही हिन्दू समाज के अध्यक्ष और सदस्यों द्वारा एक साथ मिलकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम धरमजयगढ़ एसडीएम डिगेश पटेल को ज्ञापन सौंपा गया है और इस मामले पर कोई कडा कदम उठाने की मांग की गई हैं।

# रायगढ़ हाईवे पर नाकाबंदी में तीन तस्कर गिरफ्तार, 2.8 किलोग्राम गांजा बरामद

पायनियर संवाददाता ❮ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़-उड़ीसा हाईवे पर कांशीराम चौक के पास जूटमिल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नाकाबंदी करते हुए गांजा रेड कार्रवाई को अंजाम दिया गया। नाकाबंदी के दौरान, एक काले रंग की होंडा एक्टिवा स्कूटी में तीन व्यक्ति उड़ीसा की ओर से रायगढ़ की ओर आते हुए पाए गए। स्कूटी को रोककर पुलिस ने जब पूछताछ की, तो स्कूटी चालक ने अपना नाम अश्वनी खुटे (30 वर्ष) बताया, जो छोटे खैरा, थाना सारंगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ का निवासी है और वर्तमान में भजनडीपा, थाना जूटमिल, रायगढ़ में रहता है। स्कूटी के पीछे बैठे दो व्यक्तियों ने अपने नाम मुन्ना निषाद (42 वर्ष) और गौरी शंकर साहू (40 वर्ष) बताए, दोनों उल्खर, थाना सारंगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के निवासी हैं। मुखबिर की सूचना के आधार पर जब स्कूटी की तलाशी ली गई, तो स्कूटी की डिक्की से खाकी रंग के टेप और नीले रंग के प्लास्टिक पन्नी में लिपटे 3 पैकेट मादक पदार्थ (गांजा) बरामद हुए। बरामद गांजे का कुल वजन 2.794 किलोग्राम (42,000 रूपये) पाया गया। पुलिस ने अवैध गांजा और स्कुटी को विधिवत जप्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर थाना जूटमिल में कार्रवाई की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेजा गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र पटेल, प्रधान आरक्षक दिलदार कुरैशी सतीश पाठक, आरक्षक नरेश रजक, शशिभूषण साहू, और अनिरूध सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# महापौर निर्मल कोसरे द्वारा भिलाई-चरौदा निगम में किया गया ध्वजारोहण

**भिलाई-3।** 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम भिलाई-03 चरौदा कार्यालय प्रांगण महापौर निर्मल कोसरे के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिसके पश्चात राष्ट्रीय ध्वज को सभी के द्वारा सलामी देने के बाद राष्टगान जन गण मन का गायन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निगम कमिश्नर डी एस राजपूत ने कहा कि जिस स्वतंत्रता का हम उत्सव मना रहे है उसके लिए भारत माता के असंख्य वीर सपूतों द्वारा अपने प्राणों की आहुति दी गयी है। जिसके बाद हमे स्वतत्रंता प्राप्त हुई है।



महापौर कोसरे ने अपने उद्बोधन की शुरुआत मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश के साथ की। इसके बाद उन्होने कहा कि संपूर्ण विश्व में भारत की स्वतंत्रता का उत्सव मनाया जा रहा है। मै शहरवासियों और प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अनेक अनेक शुभकामनाएं देते हुए, हमारे बलिदानी वीरो के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूॅ। महापौर परिषद के सदस्य एस वेंकट रमना, शांतिपारा वार्ड क्रमांक-10 के पार्षद गुरूचरण सिंह, बाजार चौक वार्ड क्रमांक-16 की पार्षद प्रेमलता चंद्राकर, हाउसिंग बोर्ड चरोदा वार्ड-23 के पार्षद टेनेन्द्र ठाकरे, बजरंग पारा वार्ड क्रमांक-15 के पार्षद डे साहब वर्मा, पूर्व पार्षद डी वेंकट ये सभी जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।


AU SMALL FINANCE BANK चलो आगे बढ़ें

# एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV-A नियम 8(6) के लिए देखें

अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तं व सपठित नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी विक्रय सूचना आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड(ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को "जैसे है जहाँ है" एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई-नीलामी द्वारा निम्न तालिका मेंदर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का व्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।

यह सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| ऋण खाता संख्या/ऋणी/ सह-ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | 13(2) नोटिस की दिनांक व राशि | कब्जा दिनांक | सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि एवं समय | ई-निविदा जमा कराने की तिथि | ई-निविदा खोलने, जमा कराने का स्थान | सम्पर्क सूत्र व संपत्ति विजिट दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060716426870 & L9001060820482336 प्रदीप बंजारे पुत्र बुधराम बंजारे (ऋणी), शीतल बंजारे पुत्र आत्मा राम (सहऋणी), शिशु कुमार बंजारे पत्नी बुध राम बंजारे (सहऋणी) | 13-अप्रैल-22 47,51,677/- सैंतालीस लाख इक्यावन हजार छः सौ सतहत्तर रूपये मात्र एवं 9,69,682/- नौ लाख उनहत्तर हजार छः सौ बयासी रूपये मात्र 10-अप्रैल -22 तक | 27-फरवरी -23 | संपत्ति स्थित पीएच नं. 12, खसरा नं. 2223/2, वार्ड नं. 14, चक्रधारी मंदिर, ग्राम डाबरा, तहसील डाबरा, जिला जांजगीर, चम्पा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 5232 वर्ग फीट (0.049 हैक्टेयर) | Rs. 28,00,000/- अट्ठाईस लाख रूपये मात्र | Rs. 2,80,000/- दो लाख अस्सी हजार रूपये मात्र | 11-सितम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 09-सितम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः जांजगीर भूतल, तिवारी कॉम्पलेक्स केरा रोड, नायला जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ 495668 | गोपाल दास बैरागी/ दिपक जैन 7610210556 9773358234 ई.मेलः auctions@aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 06 सितम्बर 2024 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060123035391 सदभाव ग्रुप (ऋणी), शब्बीर सोलंकी पुत्र अजीमुद्दीन सोलंकी (सहऋणी) | 14-सितम्बर-22 21,39,902/- इक्कीस लाख उनतालीस हजार नौ सौ दो रूपये मात्र 08-सितम्बर -22 तक | 16-अक्टूबर -23 | संपत्ति स्थित पीएच नं. 28, खसरा नं. 345/14, ग्राम मोतीपुर, तुलसीपुर, ठाकुर प्यारे लाल वार्ड, वार्ड नं. 15, आरएनएम राजनंदगांव, तहसील एवं जिला राजनंदगांव, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 48.33 वर्गगज | Rs. 14,00,000/- चौदह लाख रूपये मात्र | Rs. 1,40,000/- एक लाख चालीस हजार रूपये मात्र | 11-सितम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 09-सितम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः भूतल, सहदेव नगर चौक, अपोलो फार्मेसी के पीछे, राजनंदगांव, छत्तीसगढ 491441 | गोपाल दास बैरागी/ दिपक जैन 7610210556 9773358234 ई.मेलः auctions@aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 06 सितम्बर 2024 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060719923792 सम्राट पैकेजिंग जरिये प्रोपराइटर सुनील लेखवानी (ऋणी), सुनील लेखवानी पुत्र श्याम लाल लेखवानी (सहऋणी), श्रीमती कुसुम लेखवानी पत्नी सुनील कुमार लेखवानी (सहऋणी) | 13-फरवरी-23 53.57.903/- तिरेपन लाख सत्तावन हजार नौ सौ तीन रूपये मात्र 08-फरवरी -23 तक | 12-जून -24 | (संपत्ति 1) संपत्ति स्थित पीएच नं. 23, खसरा नं. 338 एवं 350/9, 350/6 एवं 350/14, ग्राम रीवागहान, तहसील एवं जिला राजनंदगांव, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 82328 वर्ग फीट (संपत्ति 2) संपत्ति स्थित खसरा नं. 338, पीएच नं. 23, ग्राम रेवागहान, तहसील एवं जिला राजनंदगांव, छत्तीसगढ 7840 वर्ग फीट | (संपत्ति 1) Rs. 45,00,000/- पैंतालीस लाख रूपये मात्र (संपत्ति 2) 45,00,000/- पैंतालीस लाख रूपये मात्र | (संपत्ति 1) Rs. 4,50,000/- चार लाख पचास हजार रूपये मात्र (संपत्ति 2) Rs. 4,50,000/- चार लाख पचास हजार रूपये मात्र | 25-सितम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 23-सितम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः भूतल, सहदेव नगर चौक, अपोलो फार्मेसी के पीछे, राजनंदगांव, छत्तीसगढ 491441 | गोपाल दास बैरागी/ दिपक जैन 7610210556 9773358234 ई.मेलः auctions@aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 20 सितम्बर 2024 |

ई-निलामी बिक्री के नियम और शर्तेः

1. बंधक परिसंपत्ति की ई-नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा "जैसा है, जहां है," जैसा है वैसा, "जो कुछ भी है और" नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्तसम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है।
2. ऑनलाइन ई-निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईमएडी के साथ, जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड MSME AUCTION POOL ACCOUNT के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599 AU SMALL FINANCE BANK LIMITED पांचवी एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नं. 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020 IFSC कोड : AUBL0002011 में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लियाजा सकता है। आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी auctions@aubank.in पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नंबर भेजने की आवश्यकता होगी। 3. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई-निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाईट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in@bank.auction अवश्य देखें। और अधिक जानकारी के लिए श्री भानूप्रताप सिंह से संपर्क करें: 9358002663 और ई-मेल auctions@aubank.in

नोटः-यह सूचना पत्रऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन 15 दिवस व 30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा। यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर विक्रय की जाएगी।

दिनांकः 17.08.2024
स्थानः छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर (छ.ग.)

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक-5220/NIT-05/2024-2025/व ले लि दिनांक :14/08/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 5 T0060 | SITC of cassette air conditioner for Vidya Samiksha Kendra at Rajya Pariyojna Samagra Shiksha Office, Raipur Chhattisgarh App Make Voltas/Daikin/Panasonic/Mitsubishi प्रथम आमंत्रण | 5.00 |
| 5 T0061 | Annual maintenance work of networking, video conferencing system, projector, computer & sound system installed at Sirpur Bhawan campus PWD Office Buildings, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 8.50 |
| 5 T0062 | E/F work in newly proposed I no bandi bairak and bandi toilet in district jail. Gariyaband Chhattisgarh प्रथम आमंत्रण | 4.90 |
| 5 T0063 | Maintenance & repair of air conditioner under Civil line section under PWD E/M Vidhansabha subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 18.50 |
| 5 T0064 | Annual maintenance & repair of RO, water cooler for Minister Bungalow, Civil line & speaker house under PWD E/M Vidhansabha subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 18.90 |
| 5 T0065 | Annual maintenance & repair of EPBAX system under new Circuit House section, Civil line & Speaker House under PWD E/M Vidhansabha subdivision, Raipur (C.G.) (App. Make-Matrix, Avaya, Transtel) प्रथम आमंत्रण | 18.80 |
| 5 T0066 | Annual maintenance & repair of CCTV system under New Circuit House section, Civil line & Speaker House under PWD E/M Vidhansabha subdivision, Raipur (C.G.) (App. Make-CP plus, Dahua) प्रथम आमंत्रण | 19.00 |
| 5 T0067 | Electrical repair and maintenance of street light & high mast at Birgaon road and Bhanpuri road under PWD E/M Workshop subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 9.50 |
| 5 T0068 | Comprehensive maintenance and operation of all types of lift installed at International Cricket Stadium Parsada under PWD E/M Workshop subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 8.00 |
| 5 T0069 | Comprehensive maintenance and operation of all types of electrical equipment and accessories installed at Pt. Deendayal Upadhyay Auditorium, Science College campus under PWD E/M Workshop subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 18.00 |
| 5 T0070 | Comprehensive maintenance of all types of D.G.set installed at Pt. Deendayal Upadhyay Auditorium, Science College campus under PWD E/M Workshop subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 5.60 |
| 5 T0071 | Annual comprehensive maintenance and operation of all types of air conditiners installed at Rajbhawan under PWD E/M Workshop subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 10.00 |
| 5 T0072 | Providing and fixing of LV package system and accessories under PWD E/M Workshop subdivision, Raipur (C.G.) (App. Make-HP, lenevo, CP Plus, Panasonic, Hikvision) प्रथम आमंत्रण | 18.50 |
| 5 T0073 | लो.नि.वि. विद्युत/यांत्रिकी अनुविभाग मंत्रालय रायपुर के अंतर्गत इंजीनियरिंग कॉलेज सेक्शन के गुढियारी अंडर ब्रिज के सम्पवेल में स्थापित पंप सेट का मरम्मत/संधारण/रख रखाव का कार्य प्रथम आमंत्रण | 5.00 |
| 5 T0074 | लो.नि.वि. विद्युत/यांत्रिकी अनुविभाग मंत्रालय रायपुर के अंतर्गत इंजीनियरिंग कॉलेज सेक्शन के विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का सीलिंग फैन/एक्जॉस्ट फैन/एल.ई.डी फिटिंग्स इत्यादि का मरम्मत/रख रखाव/नवीन प्रदाय एवं स्थापना का कार्य प्रथम आमंत्रण | 5.00 |
| 5 T0075 | E/f work to deposit/original work/SR/MOW at Kashiram Nagar section under PWD E/M Mantralay subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 4.80 |
| 5 T0076 | Comprehensive maintenance of all types of dewatering pump installed at Disha College, Gondwara, Mahoba Bazar, Telghani naka, Gogaon, DRM under bridge under PWD E/M workshop subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 15.60 |
| 5 T0077 | E/F in 06 nos additional class rooms at Aatmanand Higher Secondary School building, Kasdol, District Balodabazar, Bhatapara Chhattisgarh प्रथम आमंत्रण | 4.84 |
| 5 T0078 | E/F in sub health center building at Kosmanda Block Palari, District Baloda Bazar, Bhatapara Chhattisgarh प्रथम आमंत्रण | 2.70 |
| 5 T0079 | SITC of sound system, projector at Consumer Forum under PWD E/M Mantralay subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 17.50 |

नोट :- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी दिनांक 28/08/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www:cg.nic.in/raipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

शर्ते-1) उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

G-242501880/4

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर (छ.ग.)

## संपादकीय

# स्वतंत्रता दिवस अब तक की यात्रा

**भारत अपना** 78वां स्वतंत्रता दिवस गर्व से मना रहा है। यह समय अब तक की यात्रा पर विचार करने का है। 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाने के समय माहौल गर्व, स्मृतियों एवं उम्मीदों से भरा है। यह दिवस केवल औपनिवेशिक शासन से मुक्ति का नहीं, बल्कि देश की अब तक की गई यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है। आज हम जहां खड़े हैं, वह विजयों व चुनौतियों से भरे 'रोलर कोस्टर' जैसा है। एक राष्ट्र के रूप में हम अपनी उपलब्धियों पर गौर करते हैं, लेकिन इसके साथ ही हमें अपनी नजरें भविष्य की ओर रख कर आगे के रास्ते का अनुमान लगाना चाहिए। स्वतंत्रता के पश्चात भारत की यात्रा दृढ़ता और विकास की उल्लेखनीय यात्रा है। 'विभाजन की विभीषिका' और औपनिवेशिक शोषण के बोझ से उबर कर राष्ट्र एकता और प्रतिबद्धता की भावना से ऊपर उठा। शुरुआत के वर्ष चुनौतियों से भरे थे जिनमें आर्थिक अस्थिरता, सामाजिक उथलपुथल तथा राष्ट्र-निर्माण का महान कार्य शामिल थे। इसके बावजूद भारत मजबूत बना रहा। 'हरित क्रांति' ने भारत को खाद्यान्न की कमी वाले देश से आत्मनिर्भर देश में बदला, जबकि 'श्वेत क्रांति' ने देश को दुनिया में सबसे बड़ा दूध उत्पादक बना दिया। भारत ने अंतरिक्ष की खोज में तेजी से कदम बढ़ाए और वह चंद्रमा तक पहुंच गया। राष्ट्र ने अपना मजबूत औद्योगिक आधार भी बनाया। लेकिन यह रास्ता हमेशा सरल नहीं था। भारत को युद्धों, राजनीतिक उथलपुथल तथा आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ा। 1970 के दशक में आपातकाल का समय एक अंधेरा अध्याय था जिसने लोकतंत्र की दृढ़ता की परीक्षा ली। 1991 में आर्थिक उदारीकरण एक परिवर्तनकारी मोड़ था जिसने भारत को विश्व मंच पर पहुंचा दिया, लेकिन इसने असमानता और सामाजिक विसंगतियों के रूप में नई चुनौतियां भी पैदा कीं। नई सहस्राब्दी में भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में लंबी छलांग लगाई। 'आईटी क्रांति' ने देश को वैश्विक तकनीक केन्द्र में बदल दिया, जबकि अंतरिक्ष की खोज तथा नाभिकीय तकनीक के क्षेत्र में प्रगति ने भारत की वैज्ञानिक शक्ति प्रदर्शित की। शिक्षा, स्वास्थ्यरक्षा और महिला सशक्तीकरण पर जोर देने से सामाजिक प्रगति को महत्वपूर्ण स्थान मिला।



शिक्षा अधिकार कानून तथा धारा 377 को आपराधिकता से मुक्त करने जैसे उल्लेखनीय विधायनों ने सामाजिक न्याय के प्रति देश की प्रतिबद्धता प्रकट की। लेकिन अब भी चुनौतियों की कोई कमी नहीं है। बढ़ते सांप्रदायिक तनाव, पर्यावरणीय चिन्ताओं तथा समावेशन के लिए संघर्ष देश को याद दिलाते हैं कि उसकी यात्रा अभी जारी है। कोविड-19 वैश्विक महामारी की हालिया चुनौती ने जोखिमों को उजागर करने के साथ ही भारत की दृढ़ता भी रेखांकित की। इससे देश वैक्सीन उत्पादन और वितरण में विश्व का नेता बन कर उभरा। आज राष्ट्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। देश को पर्यावरण क्षरण का मुकाबला करते हुए आर्थिक वृद्धि को टिकाऊ व समावेशी बनाना सुनिश्चित करना है। इसमें भारत के नौजवान महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे जो जनसंख्या संरचना के दृष्टिकोण से सबसे बड़ा समूह हैं। हमें लोकतांत्रिक मूल्यों और पंथनिरपेक्ष संरचना पर डटे रहना होगा। स्वतंत्रता दिवस पर हवा में फहराने वाले तिरंगे हमें याद दिलाते हैं कि हमने लाखों लोगों के बलिदानों और प्रयासों से बहुत कुछ प्राप्त किया है। इससे हम अपना देश बनाने में सफल हुए हैं और आगे का रास्ता चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद संभावनाओं से भरा है। दुनिया की सर्वाधिक 140 करोड़ जनसंख्या वाला देश भारत अब एकजुट होकर तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह दुनिया के लिए अवश्य आदर्श बनेगा। जय हिंद।

# बांग्लादेश में जारी उथलपुथल

बांग्लादेश में जारी राजनीतिक उथलपुथल का प्रभाव क्षेत्रीय सुरक्षा और राजनय पर पड़ना अवश्यंभावी है। नई दिल्ली ने सीमा पर निगरानी तेज की है।



कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



बांग्लादेश में वर्तमान समय में जारी राजनीतिक उथलपुथल का प्रभाव क्षेत्रीय सुरक्षा और राजनय पर पड़ना अवश्यंभावी है। ऐसे में सुरक्षा के दृष्टिकोण से नई दिल्ली ने सीमा पर निगरानी तेज की है। लगभग एक सप्ताह पहले बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अचानक अपना देश छोड़ दिया। इससे उनके देश तथा पूरे क्षेत्र में चिन्ता पैदा हो गई है। 'बीबीसी' के अनुसार, सुरक्षा अधिकारियों के बजाय शेख हसीना के परिवार ने परिवार की सुरक्षा को देखते हुए उनको देश छोड़ने के लिए मनाया। हसीना के बेटे ने कहा, 'हमने उनको मनाया कि हिंसक भीड़ के पहुंचने से पहले वे देश छोड़ दें।' शेख हसीना के देश छोड़ने के फौरन बाद हिंसक भीड़ ने उनके आवास पर धावा बोल दिया था। बांग्लादेश में इस उथलपुथल के पीछे अनेक राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक कारण थे। उथलपुथल में बाहरी शक्तियों के शामिल होने तथा शेख हसीना से नाराज राजनीतिक विरोधियों की संलिप्तता ने उनका तख्ता उलटने का माहौल तैयार कर दिया था।

बांग्लादेश की घटनाओं के बारे में देश की संसद को संबोधित करते हुए भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बताया कि उनके भारत आने से बांग्लादेश के साथ भारत के संबंधों पर संभवत: प्रभाव पड़ सकता है। बांग्लादेश में पैदा राजनीतिक उथलपुथल और हिंसा में लगभग 560 लोगों की जानें गईं। इससे पैदा अशांति के कारण शेख हसीना को अपना देश छोड़ कर भारत में शरण लेनी पड़ी। हालांकि, शेख हसीना के भारत में शरण लेने से दोनों देशों के बीच संबंध प्रभावित हो सकते हैं और संभवत: इसका असर क्षेत्रीय सुरक्षा और विदेश संबंधों पर भी पड़ेगा। 15 साल लंबे अपने शासनकाल के प्रारंभ में शेख हसीना को बांग्लादेश के एक लोकतांत्रिक व सेक्युलर नेता के रूप में देखा जाता था। उन्होंने बांग्लादेश की तेज आर्थिक प्रगति सुनिश्चित कर उसकी किस्मत बदल दी थी। लेकिन बाद में वे असहिष्णु हो गई थीं तथा उनमें तानाशाही प्रवृत्तियां दिखने लगी थीं। उन्होंने मीडिया में अपने आलोचकों पर हमला बोला था तथा अनेक राजनीतिक विरोधियों को जेल में बंद कर दिया था। हालांकि, इस दौरान उन्होंने भारतीय नेताओं के साथ हार्दिक संबंध बनाए रखे थे। इसके कारण बांग्लादेशी जनता के एक हिस्से में भारत-विरोधी भावनायें भी जोर पकड़ रही थीं।

भारत के साथ बांग्लादेश के संबंधों की निकटता इस तथ्य से स्पष्ट होती है कि प्रधानमंत्री मोदी ने उल्लेख किया था कि पिछले साल उनकी शेख हसीना से दस बार मुलाकात हुई थी। भारत-बांग्लादेश मैत्री परस्पर लाभदायक थी। शेख हसीना ने भारत से मैत्री का ध्यान रखते हुए भारत पर निशाना लगाने वाले आतंकियों को अपने देश से भगा दिया था तथा उनमें से अनेक को पकड़ कर भारत के हवाले कर दिया था। इसके साथ ही उन्होंने भारत को पारगमन सुविधायें भी दी थीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव जीत कर तीसरी बार सत्ता संभालने के बाद वे भारत आने वाली पहली राजकीय अतिथि थीं।

1971 में बांग्लादेश के जन्म के बाद से ही भारत और बांग्लादेश के बीच विशेष संबंध बने हुए थे। बांग्लादेश के संस्थापक और शेख हसीना के पिता शेख मुजीबुर रहमान की 1975 में हत्या के बाद शेख हसीना भारत में 6 साल रही थीं। इसके बाद वे अवामी लीग का नेतृत्व करने ढाका चली गईं। 5 जुलाई को बांग्लादेश में शुरू हुआ छात्रों का विरोध प्रदर्शन स्वतंत्रता संग्राम के वारिसों के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण का विरोधी था। इसको मिला कर बांग्लादेश में 56 प्रतिशत सरकारी पद आरक्षण के दायरे में आ गए थे। इसका बांग्लादेश की राजनीति पर व्यापक प्रभाव पड़ा था। शेख हसीना सरकार द्वारा इस आरक्षण के कारण देश में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे जिसमें हिंसा के चलते 200 लोग मारे गए थे। हालांकि, बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय ने इस आरक्षण को बहुत घटा दिया था, लेकिन तब तक माहौल बिगड़ गया था। बांग्लादेश की विपक्षी पार्टियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ बढ़ते असंतोष को अभिव्यक्त करने के लिए 'लांग मार्च' का आयोजन किया था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शेख हसीना और अमेरिका के बीच तनाव उस समय बढ़ गया, जब उनके देश छोड़ने के बाद अमेरिका ने उनका वीसा रद्द कर दिया।

अमेरिकन विदेश विभाग ने बांग्लादेश में दीर्घकालीन शांति एवं राजनीतिक स्थायित्व बनाने के लिए 'अंतरिम सरकार' गठन के महत्व पर जोर दिया था। ब्रिटेन तथा पश्चिम के कई अन्य देशों ने भी यही दृष्टिकोण अपनाया था। अंतरराष्ट्रीय समुदाय मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार का समर्थन कर रहा है जो सामान्य स्थिति बहाल करने की जिम्मेदार है। नई दिल्ली ने एक निगरानी समिति का गठन करने के साथ स्थिति से निपटने के लिए सीमा पर नियंत्रण बढ़ा दिया है। शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद बेगम खालिदा जिया तथा अन्य विपक्षी नेताओं को जेल से रिहा कर दिया गया। खालिदा जिया के दो कार्यकाल में भारत-बांग्लादेश संबंध कमजोर हुए थे। उनकी दिल्ली यात्रा का कोई नतीजा नहीं निकला था। खालिदा जिया की रिहाई के बाद उनकी पार्टी की स्थिति मजबूत हो सकती है। बेगम जिया ने लोकतांत्रिक बांग्लादेश के साथ ही शांति और एकता पर जोर दिया है। शेख हसीना और खालिदा जिया के बेटे अपनी पार्टियों का नेतृत्व करने के लिए तैयार हो रहे हैं। इन दोनों तथा अन्य विपक्षी नेताओं की संभावित वापसी के बाद बांग्लादेश के राजनीतिक परिदृश्य में व्यापक परिवर्तन आ सकता है।

शेख हसीना के बेटे के अनुसार वे किसी जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं, पर उन्हें अभी पार्टी का नेतृत्व करने के बारे में तय करना है। इस बीच शेख हसीना ने तख्तापलट के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया है। उनके बेटे ने दावा हिया है कि शेख हसीना को इस्तीफा देने का समय नहीं मिला और वे अब भी प्रधानमंत्री हैं। बांग्लादेशियों ने व्हाइट हाउस के सामने और ब्रिटेन में विरोध प्रदर्शन किये हैं। नई दिल्ली पूरी स्थिति पर गहरी नजर रखे हुए है। उसे खासकर बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ ही सीमा और क्षेत्रीय सुरक्षा की चिन्ता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार को बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के बारे में बहुत चिन्ता है। अपने खिलाफ अत्याचारों के विरोध में हिंदू अल्पसंख्यक बांग्लादेश की सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। बांग्लादेश में अनेक हिंदुओं की हत्या की गई, उनके बिजनेस संस्थानों को निशाना बनाया गया तथा हिंदू मंदिरों को नष्ट किया गया। अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के आश्वासन के बावजूद हिंदू-विरोधी हिंसा जारी है। प्रगति कर रही बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था पिछले कुछ समय से गिर रही थी। इसका कारण शेख हसीना के कठोर नीतियों, हिंसा, बेरोजगारी तथा मुद्रास्फीति को बताया जा रहा है। आवश्यक वस्तुओ तथा ढांचागत संरचना के लिए बांग्लादेश भारत पर निर्भर है। ऐसे में शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद भारत को अपनी 'बांग्लादेश नीति' पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा भी चिन्ता का विषय है जहां से आना जाना बहुत आसान है। भारत ने आरोप लगाया है कि ऐसी सीमा के कारण बांग्लादेशी घुसपैठिए भारत में आ जाते हैं। भारत की मित्र शेख हसीना के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार ने घुसपैठियों के भारत में प्रवेश की समस्या से निपटने के प्रयास किए थे। लेकिन इसके एकमद उलट बांग्लादेश में लगभग दस साल चली बेगम खालिदा जिया की सरकार ने इस समस्या से ही इनकार कर दिया था।

बांग्लादेश में जारी उथलपुथल को देखते हुए नई दिल्ली ने 'देखो और प्रतीक्षा करो' की रणनीति अपनाई है। यह एक सकारात्मक कदम है। बांग्लादेश में अब स्थिति चुनावों के समय और बेगम खालिदा जिया तथा शेख हसीना की पार्टियों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। यदि बांग्लादेश में चुनाव के बाद नया नेतृत्व उभरता है तो नई दिल्ली को अपना दृष्टिकोण तय करना होगा। क्षेत्रीय शांति बनाए रखने के लिए भारत की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। वह बांग्लादेश को सामान्य स्थिति बहाल करने में सहायक हो सकता है।

शांतिपूर्ण, स्थिर व समृद्ध बांग्लादेश भारत के हित में है। भारत को इसे सुनिश्चित करने के सारे कदम उठाने चाहिए। स्थिति अभी बदल रही है और भविष्य अनिश्चित है। चुनावों की घोषणा के बाद बांग्लादेश में स्थिति स्पष्ट होगी। बेगम जिया और शेख हसीना की योजनायें अभी सामने आनी हैं, लेकिन 'वंशवादी' शासनों की संभावित वापसी स्थिति को जटिल बनाए रखेगी।

# कार्य वातावरण में खेलों को जोड़ना जरूरी

> कर्मचारियों को खेलों में भाग लेने के अवसर प्रदान करके, कंपनियां भी स्वस्थ और अधिक लचीले कार्यबल में योगदान दे सकती हैं।

साक्षी सेठी
(लेखिका शिक्षाविद हैं)



समकालीन कार्य वातावरण में, जहां तनाव, गतिहीन जीवनशैली और उच्च मांगें आम हैं, कार्यस्थल में खेल गतिविधियों को शामिल करना बहुत ज़रूरी हो गया है। पारंपरिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों से परे, खेल अद्वितीय लाभ प्रदान करते हैं जो कर्मचारी कल्याण को बढ़ा सकते हैं, उत्पादकता को बढ़ावा दे सकते हैं और सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा दे सकते हैं। कार्यस्थल में खेल गतिविधियों को शुरू करने के सबसे सम्मोहक कारणों में से एक कर्मचारी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर उनका सकारात्मक प्रभाव है। आज, कई आधुनिक नौकरियों में लंबे समय तक बैठना शामिल है, जिससे मोटापा, हृदय संबंधी समस्याएँ और मस्कुलोस्केलेटल विकार जैसी समस्याएँ होती हैं। खेलों में नियमित भागीदारी शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देकर, मुद्रा में सुधार करके और पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करके इन प्रभावों का प्रतिकार कर सकती है। इसके अलावा, खेल गतिविधियां एक प्राकृतिक तनाव निवारक के रूप में काम करती हैं। कार्यस्थल में खेल गतिविधियों पर विभिन्न अध्ययनों और शोधों ने लगातार कर्मचारी कल्याण, उत्पादकता और समग्र संगठनात्मक संस्कृति पर सकारात्मक प्रभाव दिखाया है। शोध यह भी सुझाव देता है कि शारीरिक गतिविधि पुरानी बीमारियों, जैसे हृदय रोग और मोटापे के जोखिम को कम करती है, जो अक्सर गतिहीन कार्य वातावरण से बढ़ जाती हैं। शारीरिक व्यायाम करने से एंडोर्फिन निकलता है, जो तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में मदद करता है।

कर्मचारियों को खेलों में भाग लेने के अवसर प्रदान करके, कंपनियां भी स्वस्थ और अधिक लचीले कार्यबल में योगदान दे सकती हैं, जिससे अनुपस्थिति कम होगी और समग्र मनोबल में सुधार होगा।



कार्यस्थल में खेल गतिविधियों के लाभ व्यक्तिगत कल्याण से कहीं आगे बढ़कर संगठन की समग्र सफलता तक पहुंचते हैं। एक स्वस्थ, व्यस्त और प्रेरित कार्यबल कंपनी के लक्ष्यों और उद्देश्यों में सकारात्मक रूप से योगदान करने की अधिक संभावना रखता है। खेल कंपनी की छवि को बढ़ा सकते हैं, इसे संभावित कर्मचारियों के लिए काम करने के लिए एक आकर्षक स्थान बना सकते हैं और कर्मचारी प्रतिधारण में सुधार कर सकते हैं। खेल गतिविधियों में निवेश करने वाली कंपनियों को अधिक सकारात्मक कार्य वातावरण देखने की संभावना है। इसके अलावा, जो कंपनियां खेल और अन्य कल्याण कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारी कल्याण को प्राथमिकता देती हैं, उन्हें स्वास्थ्य सेवा लागत में कमी, कम टर्नओवर दर और कर्मचारी संतुष्टि के उच्च स्तर का अनुभव होने की संभावना है। ये कारक अधिक सकारात्मक कार्य वातावरण में योगदान करते हैं, जहाँ कर्मचारी मूल्यवान और समर्थित महसूस करते हैं। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि खेल समाज में एक एकीकृत शक्ति के रूप में कार्य करते हैं, जो विविध पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को एक साथ लाते हैं। चाहे स्थानीय, राष्ट्रीय या वैश्विक स्तर पर, खेल आयोजन समुदाय और साझा पहचान की भावना को बढ़ावा देते हैं। उदाहरण के लिए, राष्ट्रीय खेल टीमें अक्सर एकता के प्रतीक के रूप में काम करती हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों, जातीयताओं और सामाजिक वर्गों के नागरिकों को अपने देश का समर्थन करने के लिए एक साथ लाती हैं। इसके अतिरिक्त, खेल सांस्कृतिक अंतर को पाट सकते हैं और अंतरराष्ट्रीय समझ और शांति को बढ़ावा दे सकते हैं, जैसा कि ओलंपिक जैसे आयोजनों में देखा जाता है।

वे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं जो शारीरिक स्वास्थ्य, चरित्र विकास, सामाजिक एकीकरण और आर्थिक विकास में योगदान देता है। व्यक्तियों और समुदायों को आकार देने में खेलों की भूमिका को कम करके नहीं आंका जा सकता। जैसे-जैसे समाज विकसित होता रहेगा, खेलों का महत्व बढ़ता जाएगा, जिससे एकता को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के नए अवसर मिलेंगे।

कार्यस्थल में खेल गतिविधियों की आवश्यकता स्पष्ट है। वे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देकर, टीम निर्माण और सहयोग को बढ़ावा देकर, जुड़ाव और प्रेरणा को बढ़ावा देकर और समग्र संगठनात्मक सफलता में योगदान देकर कर्मचारी कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।

जैसे-जैसे कंपनियां आधुनिक कार्य वातावरण की चुनौतियों का सामना करना जारी रखती हैं, उनके कल्याण कार्यक्रमों में खेलों को शामिल करने से महत्वपूर्ण लाभ मिल सकते हैं, जिससे एक स्वस्थ, खुशहाल और अधिक उत्पादक कार्यबल बन सकता है। खेल गतिविधियों में निवेश करके, संगठन एक सकारात्मक और गतिशील कार्य संस्कृति बना सकते हैं जो व्यक्तिगत और सामूहिक सफलता दोनों को समर्थन देती है।

## आप की बात

### विधानसभा चुनाव

**इस वर्ष** होने वाले विधानसभा चुनाव बीजेपी के लिए अग्नि परीक्षा हैं। लोकसभा चुनाव में इन चारों राज्यों में इंडिया ब्लॉक ने शानदार सफलता प्राप्त की है जबकि भाजपा 2019 का प्रदर्शन दोहरा नहीं पाई है। हरियाणा में किसान आंदोलन और अग्निवीर बड़े मुद्दे रहेंगे, जबकि झारखंड में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हेमंत सोरेन को पुन: सत्ता मिलने के कारण भाजपा को कड़ी चुनौती मिल सकती है। जम्मू कश्मीर में बीजेपी को बड़ी चुनौती नहीं मिलेगी क्योंकि जनता 370 के खिलाफ खड़ी दिखाई देती है और आतंकवाद भी एक बड़ा मुद्दा है। सबसे बडा चुनावी घमासान महाराष्ट्र में देखने को मिलेगा जहां पर सभी राजनीतिक दल दो गठबंधनों में बट जाएंगे। यह बीजेपी के लिए भी बड़ी चुनौती है कि कैसे उद्धव ठाकरे, शरद पवार और राहुल गांधी द्वारा पेश चुनौती का सामना स्थानीय नेताओं द्वारा किया जाएगा। मराठा आरक्षण एक बड़ी चुनौती है। वर्तमान सरकार के लिए इससे पार पाना बड़ा मुश्किल दिखाई देता है। यदि महाराष्ट्र विकास अघाड़ी-एमवीए का और विस्तार कर इसमें सपा समेत अन्य विपक्षी दलों को शामिल किया जाता है तो फिर पूरी लड़ाई परोक्ष रूप से विपक्ष बनाम भाजपा में बदल जाएगी। ऐसी संभावना के दूरगामी परिणाम 2029 के लोकसभा चुनाव तक जा सकते हैं।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### कोलकाता की निर्भया

**कोलकाता** में महिला जूनियर डॉक्टर के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की घटना ने एक बार फिर अस्पतालों में नाइट ड्यूटी करने वाली महिला डॉक्टरों और कर्मचारियों के समक्ष आने वाले खतरों को उजागर कर दिया है। विडंबना है कि देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त कानून मौजूद होने के बावजूद थोड़े-थोड़े अंतराल के निर्भया कांड की पुनरावृत्ति होती रहती है। पश्चिम बंगाल में हाई कोर्ट ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। लेकिन इसके बावजूद ममता बनर्जी की पुलिस घटनास्थल से सबूत मिटाने के प्रयास कर रही है। कोलकाता में निर्भया कांड का विरोध कर रही डाक्टरों पर रात में अराजक तत्वों द्वारा किया जाने वाला हमला, उनके द्वारा वार्ड में की गई तोड़फोड़ तथा पुलिस उच्चाधिकारी द्वारा पूरे मामले पर लीपापोती का प्रयास करते हुए उल्टे मीडिया पर ठीकरा फोड़ने का प्रयास अत्यन्त निंदनीय है। ममता बनर्जी इसके पहले भी अनेक मामलों में दोषी अधिकारियों का बेशर्मी से बचाव करते दिखी हैं। इसके कारण एक समय पूरे देश ही नहीं, दुनिया भर में सभ्यता, संस्कृति, साहित्य, संगीत व कला का केन्द्र माना जाने वाला बंगाल आज लगातार अपनी गरिमा खोते हुए गुंडाराज में बदलता जा रहा है।

– **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

### स्वतंत्रता का अर्थ

**स्वतंत्रता** का मतलब केवल गुलामी से आजाद होना बिलकुल नहीं है, वरन इसका अर्थ स्वेच्छा एवं स्वाभिमान व आत्मसम्मान से अपना जीवन जीना, हीन मानसिकता से मुक्ति, समानता व समरसता का अधिकार, शोषण व अत्याचार से आजादी, कुविचारों और रूढ़िवादी परंपराओं को तिलांजलि, अपनों से बड़ों का सम्मान, अनुजों से स्नेह और विचारों की अभिव्यक्ति है। सबको अपनी इच्छा से जीवन जीने का संवैधानिक व मौलिक अधिकार है। जब नारी न घर में सुरक्षित है और न ही बाहर तो ऐसी स्वतंत्रता किस काम की। सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा के बारे में सरकार को गंभीरतापूर्व विचार कर कानून में बदलाव लाने चाहिए। इनका जमीनी स्तर पर त्वरित क्रियान्वयन भी उतना ही जरूरी होगा। आज असहिष्णु जीवन और पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण ने हमें गुलाम बना दिया है। सच्ची आजादी का अर्थ सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनैतिक, वैयक्तिक, दैहिक, शैक्षिक आध्यात्मिक, वैचारिक और सात्विक स्वतंत्रता है। यदि हम हीनभाव और दुराचार से बाहर नहीं आएंगे तो यह माना जाएगा कि हम परतंत्र है। मन के कुविकारों पर संयम का अंकुश ही सही अर्थों में आजादी है। इसे आदर्श बनाना चाहिए।

– **नलिन खोईवाल**, इंदौर

### जमानत की व्यवस्था

**जेल** मैं बंद कैदियों के लिए जमानत को लेकर सर्वोच्च न्यायलय का संदेश स्पष्ट है। मगर देखने में आता है कि अनेक कारणों से पुलिस प्रशासन किसी भी आरोपी को जमानत न मिलने के जुगाड़ में लगे रहते हैं। देश की जेलों में कुछ विचाराधीन कैदियों को लंबे समय तक सलाखों के पीछे रहना पड़ रहा है। पुलिस द्वारा चार्जशीट ही पेश नहीं की जाती है तो कई मामलों में मुकदमों के अंबार के नीचे उनकी जमानत की अर्जी दब कर रह जाती है। इसका सबसे बड़ा खामियाजा छोटे-मोटे अपराधों के आरोपी गरीब व निरक्षर लोगों को उठाना पड़ता है। बड़े नेताओं की तरह आम आदमी तो सुप्रीम कोर्ट तक नहीं जा सकता। पैरोल व्यवस्था भी भ्रष्टाचार का बड़ा स्रोत बन गई है। राम रहीम जैसे पावरफुल लोगों को जल्दी-जल्दी पैरोल मिल जाती है। इसे देखते हुए न्याय व्यवस्था में बड़े परिवर्तन की जरूरत है। किसी भी आरोप में तीन माह तक सुनवाई न होने पर स्वत: जमानत का प्रावधान होना चाहिए। छोटे-मोटे अपराधों में जेल की सजा के बजाय त्वरित अर्थदंड की व्यवस्था होनी चाहिए जिसे राजस्व बकाये की तरह वसूल किया जाए।

–**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# बालक एवं बालिका छात्रावास प्रवेश उत्सव में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने किया बच्चों का स्वागत

## भाजपा सरकार की जनहितैषी योजनाओं व नीतियों से जनजातिय समाज विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्र कुई-कुकुर में विशेष पिछड़ी जनजातीय बालक एवं बालिका छात्रावास में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में पंडरिया विधायक भावना बोहरा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं और नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को संबोधित कर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित भी किया और छात्रावास में सुविधाओं का जायजा भी लिया। इस छात्रावास में 250 छात्र एवं 250 छात्राओं के लिए शिक्षा सुविधाएँ उपलब्ध हैं। विदित हो कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा 14 करोड़ की लागत से जनजाति समाज के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए इस छात्रावास का निर्माण किया था जो छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े जनजाति समाज के बच्चों के लिए बने सबसे बड़े छात्रावास में से एक है, जिसमें आज बच्चों ने प्रवेश किया। इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार की कुशल नीतियों और जनहितैषी योजनाओं से हमारे प्रदेश के विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोग विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहें हैं। इस छात्रावास के माध्यम से समुदाय से आने वाले 500 छात्र एवं छात्राओं को शिक्षा और सुविधा दोनों मिल रही है। यहां से बच्चे शिक्षा ग्रहण कर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लेकर आयेंगे और अपने समाज व क्षेत्र के साथ ही हमारा व हमारे प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इस छात्रावास में पढ़ने वाले सभी बच्चों को मैं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देती हूँ और हर संभव सहायता करने का आश्वासन देती हूँ। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए आपको परिश्रम हमेशा करना होगा और परिश्रम करने से आपको सफलता जरुर मिलेगी। अगर कभी असफल नहीं होते हैं तो निराश न हों और उसका अवलोकन कर अपनी कमी को समझें और फिर उसे दूर करने के लिए दुगनी मेहनत करिए तो आपको सफलता जरुर मिलेगी। शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम ही नहीं है बल्कि उससे भी बढ़कर एक आदर्श समाज की नींव है। किसी भी कार्य को अच्छी तरह कर पाने के लिए शिक्षा का अहम योगदान होता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में तैयार किये गये बजट में विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों के लिए 300 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। इस बजट प्रावधान से छत्तीसगढ़ में रह रहे बिरहोर, पहाड़ी कोरवा, बैगा, कमार और अबूझमाड़िया समुदाय के लोगों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल पाएगा। घास-फूस के घरों की जगह वे पक्के घरों में रह सकेंगे। पेयजल की अच्छी सुविधा होगी। देश में पहली बार इन विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना बनाई गई। यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु से शुरू की थी। छत्तीसगढ़ में इस योजना पर तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है जनमन योजना के माध्यम से न केवल बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं अपितु इनके लिए रोजगार के अवसर भी इसके माध्यम से सृजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी, भाजपा मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं छात्रावास के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक अवधेश चंदेल के नेतृत्व में बेरला में निकली गई तिरंगा यात्रा



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें नगर बेरला में स्कूली बच्चों और नगर बेरला के आम जनों के साथ विशेष रूप से पूर्व विधायक अवधेश चंदेल और भाजपा के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में तिरंगा यात्रा निकाली गई। कन्या माध्यमिक शाला से यात्रा की शुरुवात भारत माता की पूजा कर के हुई जिसके पश्चात हॉस्पिटल चौक होते हुए सेवा सहकारी बैंक, गौठान, मिनी माता चौक होते हुए बाजार चौक( गांधी चौक) में यात्रा का समापन हुआ। अवधेश चंदेल ने कहा कि पूरे देश मे दो राष्ट्रीय पूर्व है स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस जिसे हर वर्ग के लोग एक साथ हर्षोल्लास, उत्साह और उमंग के साथ मानते है मोदी के आह्वाहन पर हर घर मे तिरंगा फहराया जा रहा हर कोई अपने तरफ से इस पर्व को मना रहा है, सभी को शुभकामनाएं दिया। मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल एवं योगेश तिवारी के द्वारा भी सभी को सम्बोधित किया गया। आभार व्यक्त अमृत लाल माहेश्वरी द्वारा किया गया। इस यात्रा में नेता प्रतिपक्ष मानक चतुर्वेदी, संतोष साहू ,बलराम यादव, आशीष सोनी, डोमेन राजपूत, युगल पाटिल, अरविंद ठाकुर, राघव सिंह, जहर साहू, ललित ठाकुर सहित कन्या शाला बेरला, प्राथमिक शाला बेरला, सरस्वती शिशु मंदिर बेरला, आत्मानंद स्कूल बेरला के प्रधान पाठक एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। संचालन शिक्षक यशपाल राजपूत के द्वारा किया गया।

# 24 माह के बाद भी नहीं मिला किसानों को चौथे किश्त की राशि

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में सन् 2022मे किसानों से खरीदा गया धान का चौथा किश्त की राशि को करीब 22 माह बाद भी अभी तक भुगतान किसानों को नहीं हो पाया है जिससे छत्तीसगढ़ के लगभग 14 लाख 20 हजार किसानों की करोड़ रुपए बकाया है। राज्य सरकार द्वारा सन् 2022-23 में धान की सामान्य ग्रेड क़िस्म के एम एसपी को 1940 रुपए को बढ़ाकर 2040 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया था इस संबंध में नवागढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र के कृषक नेता जितेन्द्र सिंह भुवाल ने बताया कि समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 9000 हजार रुपए प्रति एकड़ धान पंजीकृत कि किसानों को छत्तीसगढ़ सरकार देने का वादा कर धान खरीदी की गई थी। भुवाल ने बताया कि इसमें किसानों को सरकार के द्वारा तीन किश्त भी भुगतान किया जा चुका है और लेकिन आम चुनाव पश्चात 31 मार्च 2024 के पूर्व चौथी किश्त देना था इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी कहा था किन्तु अभी तक नहीं मिला है इस संबंध में भुवाल आगे बताया कि 2040 रुपए तुरंत नगद खरीदी की गई थी और 650 रुपए को चार किश्तों में देना था इसमें के तीन किश्त चुनाव के पूर्व भुगतान किया जा चुका है और अंतिम किश्त 152.50 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान होना शेष है।

# कोचिया धड़ल्ले से खरीद रहे हैं फोर्टीफाइड चावल, जिम्मेदार मौन



पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में छोटे बड़े सभी प्रकार के कोचिया के द्वारा राशनकार्ड धारियों को उचित मूल्य की दुकानों से मिलने वाले फोटिफाइड चावल को खुलेआम खरीदा जा रहा है। जिस पर किसी भी जिम्मेदारों ने कार्यवाही नही कर रहे हैं बल्कि उन्हें पनाह दे रहे है। जो समझ से बाहर है। सरकार की सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना के तहत गरीबों को बांटा जाने वाला चावल, कुछ मुनाफाखोरों के लिए मोटी कमाई का जरिया बन चुका है। दुकानों से सांठ-गांठकर दलाल इसे खरीद रहे हैं, 16 से 18 रुपए में मिलर या थोक कारोबारियों को इसे बेचा जा रहा है। सरकारी योजना के फोर्टिफाइड चावल को सिर्फ गरीब जरूरतमंद राशनकार्ड धारियों के लिए उपयोग किया जाता है। इसका व्यापारिक इस्तेमाल गैर कानूनी है।

### विक्रेता से लेकर राइस मिलर शामिल

जिले में उचित मूल्य की दुकान खुलने का दिन व समय निर्धारित है जिसकी जानकारी कोचियो को होता है। दुकान खुलने के दिन कोचिया गावो में घूम घूमकर चावल की खरीदी करता है या फिर अधिकांश उचित मूल्य की दुकानें साप्ताहिक बाजार के दिन खुलता है और कोचिया बाजार में दुकान लगाकर खरीदी करता है। उसके बाद उक्त चावल को राइस मिलर के पास बेच देता है। राइस मिलर उसी चावल को पुनः पैकिंक कर उचित मूल्य की दुकानों में भेज देता है। खाद्य विभाग कार्डधारियों की संख्या के हिसाब से सोसायटियों को चावल का आबंटन हर महीने देता है। बीपीएल के एक परिवार को एक रुपये में 35 किलो चावल और बीपीएल को 10 रुपये प्रति किलो चावल के हिसाब से खाद्य विभाग आबंटन भेज देता है। एपीएल में एक बार राशन ले जाने के बाद हितग्राही दूसरे महीने नहीं ले जाते। यही बचा हुआ चावल आसानी से बेच दिया जाता है।

### ज़िम्मेदार मौन

राइस मिलर को कस्टम मिनलिंग के तहत धान के बदले चावल देना होता है। छत्तीसगढ़ में धान का भाव ज्यादा होने के कारण मिलर धान को बेच देते हैं लेकिन चावल जमा करने के लिए इन कोचिया का सहारा ले रहे हैं। अधिकारियो के द्वारा राइस मिलर के उठाव और बदले में दिए जाने वाले चावल का मिलन करते तो सारी गड़बड़ी उजागर हो जाता। मिलारो का स्टॉक मिलान ही नहीं करते और न ही कोचियों के दुकान में छपामारी करते है। कोचिया फोर्टीफाईव चावल कहां से पाएगा।

# सरस्वती शिशु मंदिर बेमेतरा में भोजली विसर्जन



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सरस्वती शिशु मंदिर बेमेतरा मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीप प्रज्वलित कर माता भोजली की स्थापना की गई थी, जिसका विसर्जन प्राचार्य मालिक राम वर्मा के संरक्षण में एवं लक्ष्मी वर्मा तथा तारिणी साहू के नेतृत्व में आज की गई। इस विसर्जन के अवसर पर सभी कक्षा के बहने एवं भैया ने अपना योगदान दिया तथा देवेंद्र देवांगन के नेतृत्व में घोष दल के बच्चों द्वारा सम्मान पूर्वक माता भोजली का विसर्जन, सिंघौरी नगर के पास स्थित तालाब में किया गया। इस विसर्जन में समस्त आचार्य एवं दीदीयाँ उपस्थित रहे।

# सीटू ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

श्रमिक संगठन हिंदुस्तान स्टील इंप्लाइज यूनियन सीटू ने देश की स्वतंत्रता की 78वीं वर्षगांठ बड़े धूमधाम से मनाया गया। यूनियन कार्यालय में सुबह 7:30 बजे यूनियन के अध्यक्ष कामरेड पुरुषोत्तम सिमैया ने ध्वजारोहण किया। कामरेड पुरुषोत्तम सीमैया ने उपस्थित सदस्य को संबोधित करते हुए देश के 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर सभी को परिवार सहित हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि देश के लाखों वीर शहीदों के बलिदान के फलस्वरुप हमें यह आजादी मिली है, हमें इसे भूलना नहीं चाहिए। अंग्रेज आए और देश के एकता और अखंडता में फूट डालो और राज करो की नीति अपनाकर लोगों के बीच अलगाव पैदा कर राज करते रहे लोग। जब तक उनकी भावना को समझते तब तक बहुत देर हो गई थी। लगभग 200 वर्ष के शासन के बाद अंग्रेजों को भारत छोड़कर जाना पड़ा। हम अंग्रेज़ों से तो आजाद हो गये परन्तु चंद पूंजीपतियों के गुलाम बनकर रह रहे हैं। हमें अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा। ध्वजारोहण समारोह में संगठन के सचिव प्रकाश क्षत्रिय, ज्ञानेंद्र सिंह, जे.गुरुवुलू, चार्ली वर्गिस विनोद मिश्रा, आर के कुर्रे, शीत बघेल एवं संगठन के अन्य बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

# जिला सहकारी संघ मर्यादित बेमेतरा में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, प्राधिकृत विनय जेहोआश ने किया ध्वजारोहण



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला सहकारी संघ मर्या. बेमेतरा कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण 7:30 बजे मुख्य अतिथि विनय कुमार जेहोआश के कर कमलों से किया गया, 15 अगस्त 2024 के शुभ अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेहोआश ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा की जैसे कि आप सभी यह भलीभाँति जानते है कि यह स्वतंत्रता हमे आसानी से प्राप्त नही हुई है कितने वीर जवानों के लहू बहे है कितनो को हमने खोया है आज उन सभी के कुर्बानियों के कारण हम सभी इस राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को सालों से मनाते आ रहे हैं मैं इस शुभ अवसर पर आप सभी से भी आग्रह करता हूँ कि जब कभी भी देश को आपकी जरूरत होगी तो हम सभी एक जुट होकर अपना योगदान देश को देंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सहकारी निरीक्षक महेंद्र कुमार टेकाम ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बहुत से वीरों के समर्पण,त्याग और बलिदान ही हम सभी भारत वासियों को एक जुट किया है, अतिथि प्राधिकृत अधिकारी विनोद बीनकर ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई दिया और शहीदों को नमन करते हुए उनके परिवार जनों के प्रति अपनी सवेदनाये जाहिर की, अंत मे जिला सहकारी संघ मर्या.बेमेतरा के प्रभारी प्रबंधक सृजन धर दीवान ने उपस्थित अतिथियों का आभार करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी और जिला सहकारी संघ को आगे बढ़ाने के लिए सभी से मार्गदर्शन देने हेतु निवेदन किया, स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि प्राधिकारी अधिकारी विनय कुमार जेहोआश, एससीआई महेंद्र कुमार टेकाम, सहायक प्रबंधक सृजन धर दीवान, सहायक लिपिक दीपक देवांगन कम्प्यूटर ऑपरेटर हरीश साहू,नरेश बलम और नीतेश विश्वकर्मा, विक्की कुमार चौबे, सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जन सेवा और समाज सेवा के लिए बनाई गई 10 सदस्यीय संस्था



पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

समाज में सेवा का एक दूसरा नाम हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति। जहां दल्ली राजहरा के 10 सदस्यों के द्वारा समाज सेवा और जन सेवा के लिए संस्था बनाई गई है। इस संस्था के माध्यम से इन लोगों ने समाज में विभिन्न रूपों में मदद करते हैं। जिसमें सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूल जूता मोजा कापी, पेन दिए गए। सरकार की ओर से इन बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म तो मिल जाता है लेकिन जूता, मोजा नहीं मिल पाता इसको पूरा करने के लिए इन लोगों ने अपनी ओर से सहयोग किए हैं। समिति के अध्यक्ष जीवन लाल साहू ने बताया कि हमारा मकसद है कि बच्चे अच्छे मन से पढ़ाई करें। इसके लिए हम लोग खासकर सरकारी स्कूल के बच्चों को चुनते हैं। वह इसलिए कि इस स्कूल में निर्धन स्तर के बच्चे पढ़ाई करने के लिए आते हैं। इस बार हम लोगों ने तीन स्कूलों को चुना है जिसमें 100 से अधिक बच्चों को स्कूल जूता, मोजा, कापी, पेन सीस पेंसिल देने की योजना है। इसी योजना के तहत कोड़ेकसा के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को जूता, मोजा कापी, पेन दिया गया है। आगामी दिनों में ग्राम धोबेदंड और कोंडेकसा प्राथमिक शाला में बच्चों को भी दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी शिरोमणि माथुर, नगर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर चित्रा वर्मा, राजहरा व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी, तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा की महिला अध्यक्ष दामिनी साहू पहुंचे थे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना, अतिथि स्वागत के और बच्चों के द्वारा बेहतरीन स्वागत गीत के बाद किया गया। जिसमें राजहरा व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने ओजपूर्ण शब्दों में बच्चों को पढ़ने लिखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आप जीवन सीखने के मुकाम पर खड़े हैं आप अच्छी बात सीखें कड़ी मेहनत करिए खूब पढ़े आप अपने भविष्य संवार सकते हैं। इसके लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी। कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्ति शिरोमणि माथुर ने बच्चों को कहा की हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति की ओर से की जा रही प्रयास बहुत बेहतर है। आप लोग भी अच्छा पढ़िए लिखिए अच्छे मुकाम पर पहुंचे और जिस तरह सेवा समिति के द्वारा आप लोगों को एक छोटे से प्रयास के तहत मदद किया जा रहा है। आप भी लोगों के मदद करने आगे आंए। नगर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर चित्रा वर्मा ने भी बच्चों को अच्छी पढ़ाई लिखाई और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज मैं दल्ली राजहरा नगर पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत हूं । यह अच्छे पढ़ने लिखने और गुरुजनों, अपने माता-पिता की बात मानने के ही फलस्वरूप इस स्थान पर पहुंची हूं। मैं आप लोगों से भी यही उम्मीद करती हूं कि आप लोग भी मुझ से अच्छा पढ़े लिखे और मुझसे भी आगे बढ़कर देश का तथा अपने मां पिताजी का नाम रोशन करे। उन्होंने उपस्थित बच्चों से कहा कि जब भी आपको कुछ परेशानी हो आप मेरे कार्यालय में आकर बेझिझक मुझसे मिल सकते हैं। बहुत जल्द भी मैं आप लोगों से मिलने अपने पूरे टीम के साथ स्कूल आऊंगी। अंत में दामिनी साहू महिला अध्यक्ष तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा ने सभी बच्चों को बेहतर पढ़ने लिखने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि स्कूल हो गांव हो या समाज हो आपका सम्मान तभी होगा। जब आप पढ़ लिखकर ऊंचे पद पर आसीन होंगे। उसके लिए बेहतर होगा अपने लिए एक ही लक्ष्य बनाएं। बेहतर से बेहतर पढ़ना लिखना और सीखना जब आप तीनों चीज में माहिर हो जाएंगे। आप अच्छे पद पर पदस्थ होंगे और हर तरफ आपका सम्मान होगा। इस कार्यक्रम में हमर सुघ्घर पंडरदल्ली सेवा समिति की ओर से जीवनलाल साहू, भोज राम साहू, शिवप्रसाद साहू, किशोर कुमार कराडे, ममता नेताम, बच्चितर सिंह संधू, मिलाप कुर्रे, रोहित कुमार साहू, विकास गजभिए, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक एवन सिंह भैंसारे स्कूल के प्रधान पाठक तेज कुमार साहू, सरिता राव, अंजलि कुरेटी, ग्राम सरपंच पांचो बाई मरकाम, राजेश कुमार पटेल, शाला विकास समिति अध्यक्ष पालक गण सुभाष कुमार,अश्वनी बाई, चंद्रिका चंद्राकर, गायत्री बाई उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर बेमेतरा को स्वच्छता एवं अनुशासन में प्रथम स्थान प्राप्त

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ दुर्ग विभाग का विभाग स्तरीय खो-खो कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता भागू टोला कवर्धा में विगत दिनों संपन्न हुआ। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर बेमेतरा के 16 विधार्थियों को कक्षा एवं परिसर के स्वच्छता एवं अनुशासन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही प्राचार्य मालिक राम वर्मा एवं संरक्षक युवराज सोनी एवं शारीरिक प्रमुख गिरधारी लाल सिन्हा के नेतृत्व में गए किशोर वर्ग के समस्त छात्रो को कबड्डी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में हरमन यादव (कप्तान), कुणाल यादव (उपकप्तान), तुषार, पीयूष, यश सुशील, दीपक, नरेंद्र एवं खिलेश्वर ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया एवं विद्यालय को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर सभी आचार्य एवं दीदीयों ने तथा समस्त भैया एवं बहनों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया।

# विभिन्न शासकीय और स्वायत्तशासी संस्थानों पर गर्व और उल्लास से मनाया गया 78वां स्वतंत्रता

पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्र अंतर्गत 78वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न शासकीय और स्वायत्तशासी संस्थानों पर ससम्मान उमंग और उत्साह से लहराया गया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा। नगर पालिका परिसर में नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने ध्वजारोहण किया उन्होंने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि विगत वर्षो में विकास के जितने कार्य हो सके हमने हर सम्भव कार्य किये। हमारा सपना था कि नगर विकास के और भी कार्य नई सोच और सत्यपूर्ण निष्ठा से करें जो समयाभाव में अविकसित रह गए हैं। फिर भी हमने जितना किया उसके लिये समस्त नगर वासियों का जो सहयोग मिला उसके लिए हमारे समस्त साथी आभारी हैं। उद्बोधन के क्रम में पार्षद मनहरण यादव थनेश पटेल एवं जानकी ध्रुव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के मध्य एस एल एम आर सेंटर की दीदियों, सफाई कर्मचारियों व राजस्व विभाग के निष्ठावान कर्मचारियों का सम्मान किया गया। नगर पालिका मुख्य अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने समस्त नगरवासियों को आजादी के पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। शासकीय शैक्षणिक संस्थान स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में जन भागीदारी समिति के नव नियुक्त अध्यक्ष रामाधार शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस अविस्मरणीय क्षणों में विद्यालयीन छात्र छात्राएं एवं शिक्षकगण व नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य विद्यालय में अध्यक्ष निश्चय बाजपेयी द्वारा ध्वजारोहण किया गया विद्यालय में छात्र- छात्राओं ने स्वागत गीत संस्कृतम गीतम एवं तिलक व बैच के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। स्कूल के अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश में 11 सौ और देशभर में 12 हजार से अधिक सरस्वती शिशु मंदिर संचालित है प्रति वर्ष यहां के विद्यार्थी प्रवीण्य सूची में स्थान बनाते हैं। विद्यालय के छात्र-छात्राएं अनेक स्थानों पर आईएएस, आईपीएस तथा इसरो व नासा में कार्य करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम में के एस के इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के जी एम देवेन्द्र कुमार अग्रवाल, रामबिहारी मिश्रा संजय पांडे एवं बबला चंद्राकर, महेश वर्मा, मधु यादव, अवधेश दुबे, राजकुमार शुक्ला, अश्वनी साहू, गीतेश्वर साहू की उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन मनीषा साहू जागेश्वरी देवांगन ने किया। सेजस जंजगिरी में जन भागीदारी समिति अध्यक्ष रूपेश साहू एवं लोकेश साहू ने ध्वजारोहण किया। स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल में वार्ड 10 के पार्षद सुधाकर त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया। वार्ड क्रमांक 15 दुर्गा मंच में वार्ड पार्षद श्रीमती रागिनी निषाद ने तिरंगा झंडा फहराया। वार्ड क्रमांक 9 में वार्ड पार्षद निश्चय वाजपेयी ने ध्वजारोहण किया। विद्या ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य रेवरेंड फादर लिज्जो मैथ्यू ने ध्वजारोहण किया। नगर स्थित शासकीय आयुर्वेद औषधालय में वार्ड पार्षद महेश सोनकर व पूर्व पार्षद राधेलाल यादव द्वारा आजादी के 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। वहीं विद्यादीप पब्लिक स्कूल में स्कूल संचालक बल्ला सोनकर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। यहां स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति पर सीडी रिकार्डिंग के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। खारुन ग्रीन्स में कॉलोनी वासियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में रहवासी उपस्थित रहे। के एस के इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड में सामूहिक रूप से देवेंद्र अग्रवाल सुरेश पांडे एवं रामबिहारी मिश्रा, विद्या शंकर पांडे ने ध्वजारोहण किया। नगर स्थित गौरव टिम्बर में संस्था प्रमुख बृजभूषण पाण्डेय ने झंडा फहराया इस दौरान वरिष्ठ भाजपाई नेता राकेश पाण्डेय भी उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलार समाज नगर इकाई द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से समाज अध्यक्ष हीरा सिन्हा सहित समाज के लोग उपस्थित रहे। स्कूल बाजार चौक (बस्ती) स्थित उच्च माध्यमिक कन्या शाला एवं बालक पूर्व माध्यमिक शाला तथा प्राथमिक शाला में संयुक्त रूप से 78 वें स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई यहां सांसद प्रतिनिधि गिरीश सोनी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान एस एम सी सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान तथा राज्य गीत की प्रस्तुति की गई। शाला के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत के बाद विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, गीत, कविता, भाषण आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरीश सोनी (सांसद प्रतिनिधि), अतिथि केनरा बैंक प्रबंधक, व पार्षद महेश सोनकर, अश्विनी देशलहरे, इमरान रिजवी, फिंगेश्वर साहू, केजऊ राम यादव, राधे लाल यादव (पूर्व पार्षद), आर.के. सिदार (आयुर्वेदिक डॉक्टर), दीपक बैस उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मा सेन, रानू यादव, एस एम सी अध्यक्षों के द्वारा किया गया। गिरीश सोनी ने सम्बोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस के महत्व को समस्त उपस्थित रहे लोगों को बताया। अंत में कन्या शाला के संस्था प्रमुख पी. एम. चंद्राकर के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अंतिम पंक्ति में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण किया गया। दूसरी ओर प्रेस क्लब कुम्हारी में भी स्वतंत्रता दिवस श्रद्धापूर्वक शालीनता पूर्ण ढंग में मनाया गया, यहां संरक्षक डॉ मोहन आनंद वाधवानी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पत्रकार साथी सम्मिलित हुए। प्रेस क्लब परिसर में संध्या 7 बजे से एक शाम शहीदों के नाम पर आधारित देश भक्ति गीतों का संगीतमय आयोजन सम्पन्न हुआ। इसके अतिरिक्त अन्य विभिन्न क्षेत्रों में भी जय हिंद के नारों, भारतमाता की गगन भेदी जयघोष के साथ राष्ट्रीय तिरंगा ध्वजारोहण कर उत्सव मनाया गया।

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत, विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहायक बने : मूलचंद गुप्ता

## प्रेस क्लब तथा आईसेक्ट कंप्यूटर कॉलेज चांपा ने हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com



मां भारती की स्वाधीनता में अपनी आहुति देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने प्रेस क्लब तथा आईसेक्ट कंप्यूटर कॉलेज लच्छीबंध तालाब के किनारे, चांपा स्थित कॉलेज भवन में 78 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती के चित्र पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सरदार कुलवंत सिंह सलूजा तथा आईसेक्ट कंप्यूटर कॉलेज के संचालक तथा प्रेस क्लब सचिव मूलचंद गुप्ता ने पूजा-अर्चना व पुष्प अर्पित कर किया। आइसेक्ट की छात्र-छात्राएं के साथ-साथ शशिभूषण सोनी, संतोष देवांगन तथा करन सिंह भाटिया झंड़ा रोहण और राष्ट्रगान में सहभागी बने। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेस क्लब चांपा के अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में शहीदों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि तभी सार्थक होगी, जब हम-सब उनके सपनों का भारत बनाने की दिशा में एकजुट होकर देश प्रेम और एकता के साथ कार्य करें। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा के पूर्व सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) रहे शशिभूषण सोनी ने आजादी की लड़ाई में शहीद हुए क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस पावन पर्व पर हम उन सभी शहीदों और वीर नवजवानों को नमन करते हैं जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अविस्मरणीय योगदान दिया। अंत में आईसेक्ट कंप्यूटर कॉलेज के संचालक डॉ. मूलचंद गुप्ता ने कहा कि हम एक भारत-श्रेष्ठ भारत, विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए संकल्प लें। इस अवसर पर संतोष देवांगन, करन सिंह भाटिया तथा संस्थान की शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए और सभी शहर व देश वासियों को 78 वें स्वतंत्रता दिवस की मंगलमयी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मनीषा पटेल, खुबी सिंह, मिली सिंह, निशा देवांगन, रितिका, दीपेंद्र साहू, विभोर गुप्ता सहित अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शान से लहराया तिरंगा, डीईओ एन के चंद्रा ने किया ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



जिले के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा ने ध्वजारोहण किया तो वही इस अवसर पर राष्ट्रगान भी हुआ एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जहां कार्यालय के कर्मचारी भी एक ही गणवेश में नजर आए तो वहीं भारत माता की भी पूजा-अर्चना की गई एवं इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा, सहायक सांख्यिकी अधिकारी राकेश अग्रवाल, प्रभारी जिला खेल अधिकारी अमर सिंह राज, रोशन लाल पटेल सहित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

### विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय शक्ति में भी हुआ ध्वजारोहण कार्यक्रम

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पी राठौर ने ध्वजारोहण किया इस अवसर पर यहां कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे तो वहीं पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड़ ध्वजारोहण किया गया एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी केपी राठौर ने भी विकास खंड के शिक्षा विभाग के लोगों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत तिरंगा मैराथन दौड़ का आयोजन

### नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा मैराथन दौड़ शुरू कराई

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



मैराथन दौड़ सुबह सात बजे वार्ड नंबर 1 जनकपुर से प्रारंभ होकर मेला ग्राउंड के रास्ते होते हुए मध्यनगरी चौक नेताजी चौक, थाना चौक, रपटा चौक में तिरंगा मैराथन दौड़ समाप्त हुई। तिरंगा मैराथन दौड़ में लगभग 70 बच्चों ने दौड़ लगाई जिसमे बालक वर्ग में दीपक कैवर्त्य ट्रिनिटी कान्वेंट कक्षा 11वीं ने प्रथम स्थान द्वितीय स्थान प्रांजुल चौधरी ट्रिनिटी कान्वेंट कक्षा 12, तृतीय स्थान यांशु कैवर्त्य लिट्टल फ्लावर कक्षा 12, बालिका वर्ग में प्रथम स्थान रूपाली यादव महंत लाला दास विद्यालय शिवरीनारायण कक्षा 9वी, द्वितीय स्थान वर्षा केवट महंत लाल दास विद्यालय शिवरीनारायण कक्षा 10वीं, तृतीय स्थान में प्रिया सिंग कक्षा 11 वि धाविका पब्लिक स्कूल शिवरीनारायण ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी, उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव सीएमओ आशीष तिवारी, इंजीनियर हर्षा तिवारी, पूजा साहू, रविन्द्र साहू सहित नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

# केशरवानी महिला समिति चांपा के सदस्यों ने हर्षोल्लास से मनाया सावन उत्सव

पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com





हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी केशरवानी महिला समिति चांपा की सदस्यों ने हर्षोल्लास से सावन उत्सव का आयोजन समिति की अध्यक्ष शांता महेंद्र गुप्ता के निवास पर किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव-पार्वती जी की पूजा आराधना के साथ किया गया। इसके पश्चात सभी सदस्यों ने सावन के गीत गाकर नृत्य कर अंताक्षरी और एक मिनट गेम खेला इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष शांता गुप्ता ने उपस्थित महिलाओं को सावन उत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि वर्षा ऋतु प्रकृति के श्रंगार का ऋतु है चारों ओर हरियाली प्रकृति का श्रंगार करती है जो बहुत ही सुन्दर लगती है सावन में बारिश की फुहारें और हर ओर हरियाली की बिखरी छटा हमें न ई ऊर्जा से भरकर जीवन में उमंग और नव रंग भरता है तो आइए सावन की इस उमंग में हम डुबकर अपने जीवन को उल्लासित कर सभी खुशियां मनाएं। सभी सदस्य हरे परिधान और श्रंगार में सजी हुई सावन सुंदरियां गीत गाकर नृत्य कर झूला झूल कर बहुत ही हर्ष से सावन उत्सव का आनंद उठाए स्वल्पाहार के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया सावन उत्सव कार्यक्रम में अध्यक्ष शांता महेंद्र गुप्ता, रिंकी अलका, अनुपमा, प्रियंका, मंजू, दुर्गेश, सुशीला, विभा, प्रीति, क्षमा, सिंकी, मीनू, सरला, कुमारी बाई, सरिता, तृप्ति, प्रमिला, दिव्या, मान्या, शान्वी, के अलावा समाज की महिलाएं शामिल हुए।

# थाना चांपा की सराहनीय पहल स्कूल के बच्चियों के हाथों बंधवाया रक्षाबंधन



**जांजगीर चांपा।** रक्षाबंधन का त्योहार 19 अगस्त दिन सोमवार को मनाया जाएगा। रक्षाबंधन के दिन बहनें, भाई की कलाई पर स्नेह और प्रेम का सूत्र बांधती हैं और साथ ही उसकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। इसके बदले में भाई उन्हें रक्षा का वचन देते हैं। भारत में राखी के पवित्र पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इसे रिश्तों में मिठास, विश्वास और प्रेम बढ़ाने वाला पर्व माना गया है। इसी क्रम में एसडीओपी यदुमणि सिदार, टीआई डॉ. नरेश पटेल थाना स्टाफ के पहल से रैन्बौ पब्लिक स्कूल चांपा के (छात्राओं) बच्चियों के हाथो स्वयं तथा थाना चांपा में पदस्थ पुलिस अधिकारी-कर्मचारी के हाथ में रक्षा बंधन बंधवा कर पर्व मनाया गया।

# गिरिराज रेन बसेरा मे हुआ स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण



**सक्ति।** सक्ति शहर के स्टेशन रोड में स्थित गिरिराज रेन बसेरा परिसर में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भारत माता की आरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जहां सुप्रसिद्ध विद्वान पंडित महेश शर्मा ने विधिवत भारत माता का पूजन एवं भगवान गणेश की भी आरती करवाई तो वही आरती के पश्चात ध्वजारोहण किया गया एवं राष्ट्रगान संपन्न हुआ,इस अवसर पर गिरिराज रैन बसेरा सक्ति के संचालक परिवार की महिलाएं, अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार, उषा रितु अग्रवाल, मामनी देवी बजरंग अग्रवाल, कपूरचंद अग्रवाल, पंकज अग्रवाल पिंटू, कुलदीप अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नोटरी ऑफिसर पंडित मदन मोहन शर्मा, अविनाश राठौर सहित काफी संख्या में मोहल्ले वासी उपस्थित रहे तथा गिरिराज रेन बसेरा सक्ति द्वारा प्रतिवर्ष 26 जनवरी एवं 15 अगस्त के मौके पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है एवं ध्वजारोहण के पश्चात जहां आगंतुक लोगों के सम्मान में स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई तो वहीं राष्ट्रभक्ति के गीत भी बजते रहे एवं इस अवसर पर बच्चों ने भी उपस्थित होकर इस कार्यक्रम में सहभागिता की।

# एजुकेशन हब व बाल वाटिका प्ले स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया




**चांपा** । बाल वाटिका प्ले स्कूल में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ बड़ चढकर हिस्सा लिया संस्था के डायरेक्टर धनंजय चतुर्वेदी द्वारा ध्वजारोहण किया गया कार्यक्रम की शुरुआत के बाद राष्ट्रगान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, नित्य नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुति दी गई इस कार्यक्रम में प्रदान अकादमी के संचालक संदीप पाण्डेय, गौतम शुक्ला (मैनेजर) धनेश बघेल, साक्षी, अंशिका, कृतिका, सरिता उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन व समापन प्रवीण व अविनाश के द्वारा किया गया।

# मुख्य समारोह में सम्मानित हुए जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक शैलेंद्र तिवारी

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा सक्ति के शाखा प्रबंधक शैलेंद्र तिवारी को 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शक्ति जिला मुख्यालय के जेठा में आयोजित मुख्य समारोह में अपनी जिम्मेदारियो के प्रति सजगता के साथ कार्य करने एवं सक्ति जिले के धान खरीदी केदो में शून्य प्रतिशत खरीदी के शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति कर समन्वय बनाने में विशेष भूमिका निभाने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया, इस दौरान जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कमलेश जांगड़े एवं सक्ति जिले के आईएएस कलेक्टर अमृत विकास टोपनो के कर कमलो से शाखा प्रबंधक तिवारी को सम्मानित किया गया तथा शाखा प्रबंधक शैलेंद्र कुमार तिवारी को मिले इस सम्मान पर जहां शाखा शक्ति के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं, तो वहीं शाखा प्रबंधक शैलेंद्र तिवारी ने कहा है कि शासन की जिम्मेदारियो के प्रति उन्होंने तत्परता के साथ कार्य किया तथा उनके विभाग के सभी जिम्मेदार कर्मचारियों के सहयोग से यह सब संभव हो पाया है, एवं वे सदैव शासन के हित में काम करते रहेंगे।

# कुशल कश्यप के नेतृत्व में हसौद तहसील कार्यालय के सामने किया गया गौ-सत्याग्रह आंदोलन

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी हसौद के अध्यक्ष कुशल कश्यप के नेतृत्व में हसौद तहसील के सामने गायों को साथ में रखकर गौ सत्याग्रह धरना किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये ब्लाक अध्यक्ष कुशल कश्यप ने कहा राज्य की भाजपा सरकार गौ-धन न्याय योजना बंद करके गौवंशीय मवेशियों को सड़क पर बेमौत मरने के लिए छोड़ दिया है, गायों की मौत तथा खुले मवेशियो के कारण सड़क दुर्घटनाएं आज प्रदेश की सबसे बड़ी समस्या बन गई है जिससे राज्य की भाजपा सरकार गम्भीर नही है, किसान मवेशियो के खुले चराई से परेशान है, छत्तीसगढ में निरंतर बढ़ रहे गौ तस्करी, गौ वध और गौवंश की लगातार सड़क दुर्घटनाओं पर हो रहे मौत पर सरकार नियत्रंण करने में पूरी तरह से विफल हो चुकी है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष भोजराम हरवंश जिला सयुक्त महामंत्री मधुसुदन साहू, जिला सचिव हरिलाल खटर्जी, पिछड़ा वर्ग विभाग के ब्लाक अध्यक्ष किशोर चन्द्रा, दादूराम सोनवानी, भागवानदिन भारद्वाज, सीता बाई जाटवर, सुमित्रा धृतलहरे, लखन चन्द्रा, आशा राम महेश, शिवम हरवंश, विजय कश्यप, पवन मानिकपुरी, डेविड रात्रे,गणेश कश्यप, स्माइल खान, रामप्रसाद कश्यप, सुखराम जायसवाल, प्रकाश कश्यप, बसंत कश्यप, पारस यादव, विजय शास्वत, सुरज कश्यप, राजू यादव, घनश्याम साहू, योगेश यादव, ब्रजेश शाशी सहित बड़ी सख्या कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शासकीय नवीन महाविद्यालय मे मनाया गया हर हाथ तिरंगा घर घर तिरंगा कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com




बम्हनीडीह विकासखंड मेँ स्थित शासकीय नवीन महाविद्यालय बिर्रा में हर हाथ तिरंगा घर घर तिरंगा कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें संस्था के प्राचार्य डॉक्टर मुकेश कुमार ने महाविद्यालय के छात्रों को तिरंगे के महत्व एवं देशभक्ति के बारे में पहले जानकारीयां दी, उन्होंने कहा कि किस प्रकार हमारा देश पहले सोने की चिड़िया कहलाता था। लोग बढ़िया आपस मेँ सौहार्द से रहते थे, फिर धीरे से विदेशियों की नजर हमारे देश पर पड़ी और यह देश फिर विदेशियों का गुलाम हो गया।

इसी तरह हम देख पाते है की किस प्रकार से अंग्रेज हमारे देश मेँ विदेशी व्यापारी बनकर आये और हमारे देश के राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक स्थितियों को अपने कब्जे में ले लिए और यहां के निवासियों के बीच आपस मेँ मतभेद पैदा कर दिए, और इस तरह लगभग 350 सालों तक भारत मेँ शासन किये। तब कहीं जाकर हमारे देश के महापुरुषों ने आजादी की लड़ाई लड़ी और देश को अंग्रेजी राज से आजादी दिलाई। शासकीय नवीन महाविद्यालय बिर्रा के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर मोतीचंद्र अनंत ने कहा की ये तिरंगा हमारे आजादी का प्रतीक है और हम सबका सम्मान है, अतः इसकी रक्षा के लिए हम सबको हमेशा तैयार रहना चाहिए और इस पैगाम को हम सबको घर घर, गली मोहल्ले एवं हर व्यक्ति तक पहुंचाना है। महाविद्यालय से उक्त वक्तव्य समाप्त होने के बाद प्राचार्य के आदेशानुसार तिरंगा रैली ग्राम बिर्रा के हर गली एवं मोहल्ले मेँ निकाली गईं एवं लोगों को तिरंगा भेट किया गया और तिरंगा के महत्व को लोगों को बताया गया. रैली के बीच बीच मेँ छात्र छात्राओं ने देशभक्ति गीत गाया एवं देशभक्ति नारे लगाते हुए रैली में आगे बढ़ रहे थे, उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ जिसमें प्राचार्य डॉक्टर मुकेश कुमार, प्रोफेसर उत्तम सिदार, प्रोफेसर सौरभ शर्मा, योगेश टंडन, बाबूलाल कुर्रे, डॉक्टर सरोजनी कोशले, छात्र, छात्राओं मेँ मोहन कश्यप, दुर्गेश साहू, शिल्पी कश्यप, संध्या मल्होत्रा, दिव्या सारथी एवं मानसी कश्यप राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं सेविकाये इत्यादि उपस्थित थे। हर घर तिरंगा कार्यक्रम का सफ्ल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर मोती चंद्र अनंत ने किया प्रेमलाल कर्ष आदि लोग उपस्थित थे।

# ऊर्जा सचिव पी. दयानंद ने सहायक अभियंता महेश जायसवाल का किया सम्मान, उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देने के लिए दिया प्रशस्ति पत्र



**जांजगीर चांपा।** 15 अगस्त के अवसर पर चेयरमैन उर्जा सचिव पी. दयानंद ने विघुत विभाग चांपा संभाग के सहायक अभियंता महेश जायसवाल को सम्मानित किया है। ये पूरे नगर के लिए गौरव की बात है। वे जोन के ट्रांसफार्मरों को स्थानीय स्तर पर सुधरवा कर, ट्रांसफार्मर विफलता दर को 12% से घटाकर 1% करने तथा चांपा शहर के अंतर्गत विघुत लाइनों का प्रभावी ढंग से रख-रखाव एवं उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण कर अल्पसमय में विघुत आपूर्ति को बहाल करने में उल्लेखनीय कार्य करते है। उनके ऐसे कार्यों की चर्चा नगर में ही नही बल्कि पूरे प्रदेश में है साथ ही उन्हें जिला कलेक्टर कार्यालय जांजगीर-चांपा में उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा सम्मानित किया गया है।

# सीएम साय की पहल पर करोड़ों की लागत से 15 सड़क की मिली स्वीकृति

## जिलें में मजबूत अधोसंरचना निर्माण के लिए विकास कार्यों की लगातार मिल रही स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जिले में एक मजबूत अधोसंरचना निर्माण के लिए सड़कें, पुल-पुलिया के साथ ही स्कूल, छात्रावास सहित अन्य शासकीय भवनों के निर्माण आदि के लिए राज्य शासन द्वारा लगातार स्वीकृति दी जा रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री साय की पहल पर ही जशपुर क्षेत्र के लिए 15 विभिन्न सड़कों के निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लोक निर्माण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जशपुर क्षेत्र में भुड़केला से लवानदी तक पहुचं मार्ग लंबाई 2.10 किमी निर्माण कार्य हेतु 2 करोड़ 38 लाख 77 हजार रूपए, बालाछापर-आरा-सकरडेगा मार्ग से छोटा बनई पहुंच मार्ग लंबाई 2.40 किमी निर्माण कार्य हेतु 2 करोड़ 57 लाख 84 हजार रूपए, बघियाकानी से शिवमंदिर तक मार्ग लंबाई 0.60 किमी निर्माण कार्य हेतु 87 लाख 21 हजार रूपए, ठेठेटांगर से बरंगजोर मार्ग लंबाई 1.18 किमी निर्माण कार्य हेतु 1 करोड़ 44 लाख 89 हजार रूपए, एस.एच.17 15/10 से घुईडांड मार्ग लम्बाई 1.70 किमी निर्माण कार्य हेतु 01 करोड़ 93 लाख 06 हजार रूपए, गड़ाकटा दुलदुला मार्ग के किमी 10/4 से ग्राम रजौटी पहुंच मार्ग लंबाई 1.68 किमी. निर्माण कार्य हेतु 1 करोड़ 87 लाख 33 हजार रूपए, कंदाडोड़हा से घुमरा पहुंच मार्ग लंबाई 0.80 किमी निर्माण कार्य हेतु 78 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह मयाली रिसोर्ट से देवबोरा बस्ती पहुंच मार्ग लंबाई 1.26 किमी निर्माण कार्य हेतु 1 करोड़ 27 लाख 41 हजार, बालाछापर-आरा-सकरडेगा मार्ग से कारीताला पहुंच मार्ग लंबाई 2.00 किमी निर्माण कार्य हेतु 2 करोड़ 25 लाख 71 हजार रूपए, खरवाटोली से बांधाटोली पहुंच मार्ग लंबाई 2.00 किमी निर्माण कार्य हेतु 2 करोड़ 33 लाख 99 हजार रूपए, बेलसोंगा से रनपुर पहुंच मार्ग लंबाई 1.38 किमी निर्माण हेतु 01 करोड़ 70 लाख 95 हजार रूपए, मुख्यमार्ग सिंगीबहार से रघराटोली मार्ग लंबाई 1.12 किमी निर्माण कार्य हेतु 01 करोड़ 88 लाख 36 हजार रूपए, डिपाटोली (सिंगीबहार) से धवईटोली तक पहुंच मार्ग लंबाई 1.36 किमी निर्माण हेतु 02 करोड़ 03 लाख 95 हजार रूपए, बहराखैर से जुड़वाईन पहुंच मार्ग लंबाई 1.63 किमी निर्माण कार्य हेतु 2 करोड़ 29 लाख 96 हजार रूपए एवं जशपुर के एन.एच. 73 खड़सा से कोमड़ो तक पहुंच मार्ग लंबाई 1.94 किमी निर्माण कार्य हेतु 2 करोड़ 45 लाख 68 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है।

# सुशील सन्नी अग्रवाल शामिल हुए कांवड़ एवं त्रिशूल यात्रा में



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के प्रिर्यदर्शनी नगर में दुर्गा मंदिर से गोवर्धन चौक केनाल रोड से हटकेश्वरनाथ मंदिर महादेव घाट रायपुर तक के लिए कांवड़ एवं त्रिशूल यात्रा का आयोजन ले। अरविंद दीक्षित वार्ड के पार्षद आकाशदीप शर्मा एवं वार्ड वासियों के द्वारा किया गया था। इस यात्रा में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल बोलबम के जयकारे एवं भगवान शिवजी की पूजा अर्चना कर प्रारंभ किए। इस अवसर अग्रवाल ने कहा की सावन के पावन महीने में शिव जी में जल चढ़ाने से पुण्य की प्राप्ति होती है, समस्त वार्ड वासियों को सावन की एवं सभी बहनों को रक्षा बंधन की हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। यात्रा में अभिषेक बोरकर, आवेश खान, नीलम नीलकंठ जगत, पार्षद सिविल लाइन वार्ड सहित भारी संख्या में शिवभक्त एवं श्रद्धालुगण शामिल हुए।

# विज्ञान के विद्यार्थियों से भारत के गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेने और भारत को विश्व गुरु बनाने का आग्रह

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने विज्ञान संकाय के नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें प्राचीन भारतीय ग्रंथों रामायण, महाभारत और शिवपुराण की कहानियां सुनाईं, जो इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन, अंग प्रत्यारोपण और अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों जैसी आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों से मेल खाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से भारत के गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेने, प्राचीन ज्ञान की पुनः खोज करने तथा भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने का आग्रह किया। विश्वविद्यालय ने विज्ञान, कला और मानविकी विभाग, बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए), बैचलर ऑफ लॉ (बीबीएएलबी), और बैचलर ऑफ आर्ट्स और बैचलर ऑफ लॉ (बीएएलएलबी) में नामांकित छात्रों का स्वागत किया, जो छात्र कल्याण विभाग के डीन (डीएसडब्ल्यू) द्वारा आयोजित चल रहे इंडक्शन प्रोग्राम फर्स्ट स्टेप 2024 का हिस्सा है। प्रवेश कार्यक्रम विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर गर्मजोशी से भरे पारंपरिक स्वागत के साथ शुरू हुआ, जहां नए छात्रों का पारंपरिक ढोल और तिलक समारोह की लय के साथ स्वागत किया गया। एक वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से छात्रों को कलिंगा विश्वविद्यालय, उसके इतिहास और उसकी उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई। दिन की शुरुआत करने के लिए वार्म-अप सत्र के दौरान 'गेस द साउंड' नामक एक मजेदार खेल खेला गया। कार्यक्रम में सभी गणमान्य व्यक्तियों का परिचय कराया गया तथा उन्हें पौधे भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. आर. जयकुमार, छात्र कल्याण विभाग की प्रभारी डीन लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर, मार्केटिंग एवं प्रवेश निदेशक अभिषेक शर्मा तथा मार्केटिंग प्रबंधक जे. विशाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला ने कार्यक्रम को और भी अधिक रोचक बना दिया। स्वागत नृत्य, समूह नृत्य, विश्वविद्यालय ज्ञान गतिविधियों पर प्रश्नोत्तरी, बैंड प्रदर्शन, पेपर ड्रेस-मेकिंग प्रतियोगिता, जिसमें छात्रों ने अभिनव पेपर आउटफिट डिजाइन करके अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया, कुछ ऐसे कार्यक्रम थे जिन्होंने कार्यक्रम को और अधिक रोमांचक बना दिया। विजेताओं को प्रभारी डीन छात्र कल्याण लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर, और कलिंगा विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर मेघा चतुर्वेदी एवं लिप्सा दाश द्वारा उपहार प्रदान किए गए। कैरियर और कॉर्पोरेट संसाधन केंद्र (सीसीआरसी) सत्र, सीसीआरसी के प्रबंधक सौरभ बनवार के नेतृत्व में, छात्रों को कैरियर मार्गदर्शन पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की गई। भोजनोपरांत सत्र में शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता डॉ. राहुल मिश्रा ने छात्र आचार संहिता और शैक्षणिक दिशा-निर्देशों पर एक जानकारीपूर्ण सत्र प्रस्तुत किया।

# त्यौहार से पहले मिठाई दुकान पर खाद्य विभाग की टीम का छापा, अव्यस्थाओं और एक्सपायरी ड्रिंक का अंबार





पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले में आगामी पर्व को देखते हुए खाद्य विभाग की टीम द्वारा मिष्ठान की दुकानों और होटलों-रेस्टोरेंट पर छापेमारी की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को जशपुर शहर में मिष्ठान की दुकानों और होटलों-रेस्टोरेंट पर पहुँचकर साफ-सफाई की जाँच की गई। इस दौरान शहर स्थित उत्कल रेस्टोरेंट में जब खाद्य विभाग संयुक्त टीम के साथ पहुँची तो उन्हें यहाँ कई खामियाँ और अव्यवस्थाएं नजर आई। जिसके बाद विभाग द्वारा यहाँ बनाए जा रहे मिठाइयों के सैंपल के नमूने भरकर उन्हें जांच के लिए भेजा गया। सैंपल फेल होने के उपरांत कार्यवाही की जायेगी।

### साफ-सफाई की भी कमी

खाद्य विभाग के अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रक्षाबन्धन पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एव पेय पदार्थों के उपलब्ध कराये जाने के लिए खाद्य विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और नगर पालिका की संयुक्त जाँच दल द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों में छापा मारकर नमूने एकत्र किए जा रहे हैं। यह विभाग की रूटीन जांच है लेकिन आगामी पर्व को देखते हुए साफ़सफाई की जाँच प्राथमिकता के साथ निरंतर जारी है। आज शहर स्थित उत्कल रेस्टोरेंट में साफ-सफाई की जाँच के दौरान जाँच दल ने पाया कि यहां गंदगी के बीच खाने-पीने की चीजें रखी गई थी। दुकान के अंदर भारी गंदगी देखने को मिला, साथ ही मिठाई बनाने वाले स्थान पर गंदगी और बदबू था। जहां से टीम ने छेना मिठाई एवं चमचम मिठाई का एक-एक नमूना लिया। साथ ही रेस्टोरेंट से गंदा पानी निकलने के लिए निकासी की व्यवस्था नही की गई है।

### एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक्स बरामद

वही रेस्टोरेंट के फ्रिज पर भारी मात्रा में एक्सपायरी डेट की कोल्ड्रिंग भी टीम को प्राप्त हुए। साथ ही घरेलू एलपीजी गैस का इस्तेमाल किया जा रहा था, साथ ही कई तरह की भारी जांच में अनियमितता नहीं पाई गई। नायब तहसील एवं खाद्य विभाग सहित पुलिस विभाग और नगर पालिका की संयुक्त जाँच दल ने जाँच के बाद पंचनामा तैयार कर लिया है। साथ ही यहाँ बनाए जा रहे मिठाइयों के सैंपल के नमूने भरकर ले लिए हैं जिसे जांच के लिए भेजे जाएंगे। सैंपल फेल होने के उपरांत कार्यवाही की जायेगी। साफ-सफाई की जाँच निरंतर जारी है।

# शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



चंगोराभाटा बाजार चौक स्थित शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में 78 व स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें डायरेक्टर ज्योति गुप्ता डायरेक्टर ऋषभ गुप्ता की अध्यक्षता में ध्वजारोहण किया गया स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा राष्ट्रगान गया गया स्कूली छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजय रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए हैं। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी प्रभारी शिक्षकगण छात्र-छात्राएं नागरिक व तृतीय चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी गण उपस्थित रहे। भारत देश के वीर शहीदों को याद करते हुए डायरेक्टर ज्योति गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश की रक्षा हमारा सर्वोत्तम प्रथम कर्तव्य है आज वीर शहीदों की कुर्बानी का ही नतीजा है कि हम अपने स्वतंत्र भारत देश में रहते हैं उन वीरों की एकता और अखंडता के सपने को पूरा करने के लिए एवं देश के लिए जिए इतना कहकर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी एवं विद्यार्थियों को सदैव अनुशासन में रहने की वह देशभक्ति प्रेरणा दी विभिन्न प्रतिभागियों ने विजई रहे और स्कूल विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए कक्षा तीसरी व चौथी के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति देते हुए रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम कक्षा ग्यारहवीं से देशभक्ति देश रंगीला रंगीला जैसे गानों पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति कक्षा तीसरी से छत्तीसगढ़ी से लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया कक्षा चौथी से मेरी भारत महान विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति दी। कक्षा 11वीं से सोनम एवं ग्रुप के द्वारा देशभक्ति ए मेरे वतन के लोगों सॉन्ग पर बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति तथा कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा तुलसी साहू ग्रुप से देशभक्ति रीमिक्स सॉन्ग संदेश संदेश से आते हैं गाने पर डांस प्रस्तुत किया गया। कक्षा पांचवी से विभिन्न उत्सव एवं गीतों पर स्कूल की विद्यार्थियों ने रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया कार्यक्रम में स्कूल शिक्षकगण अनामिका साहू मोनिशा दुबे प्रिया साहू प्रभाव यादव माया शुक्ला ममता रेड्डी में प्रीति वर्मा प्रीति रानी भट्ट प्रगति शर्मा व रोशनी त्रिपाठी गैंदलाल देवांगन समस्त छात्र-छात्रागण उपस्थित रहे।

# डॉ केशव साहू का निधन



कुम्हारी। वार्ड क्रमांक 23 जंजगिरी निवासी डॉ केशव साहू (72 वर्ष) का स्वर्गवास 14 अगस्त को हो गया जिनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम जंजगिरी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे पिछले 4 महिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। प्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष पूर्णिमा साहू के पति व तारा शंकर साहू के पिता डॉ केशव साहू काफी लंबे समय से सक्रिय राजनीति में थे। उनके निधन से नगर ही नहीं राजनैतिक गलियारों में भी बड़ी क्षति पहुंची है। मृत आत्मा की शांति हेतु कार्यक्रम 18 अगस्त को निवास स्थान जंजगिरी में रखा गया है।

# समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ ने किया शनि प्रदोष को ग्यारह हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण सहित रुद्राभिषेक पूजन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com





पुरानी बस्ती स्थित श्री महामाया देवी मंदिर सत्संग भवन में समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ द्वारा श्री महामाया देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास रायपुर के सहयोग से सावन माह के अंतिम शनिवार एवं शनि प्रदोष तिथि को सनातन धर्म जागरण एवं राष्ट्रहित की कामना हेतु 11,000 पार्थिव शिवलिंग निर्माण सहित रुद्राभिषेक पूजन सहित महाआरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस आयोजन के लिये सुबह 7 बजे से श्रद्धालुओं द्वारा पार्थिव शिवलिंग बनाने हेतु तैयार की गयी मिट्टी से ओम नमः शिवाय से उच्चारण करते हुए ग्यारह हजार से अधिक शिवलिंग निर्माण किया गया। इसके बाद सभी निर्मित शिवलिंग को श्री सत्संग भवन के सभागार में रुद्राभिषेक पूजन के लिये स्थापित किया गया। पूजन का प्रारंभ श्री महामाया देवी मंदिर में प्रतिष्ठित सभी देवी देवताओं को नारियल, फल, अक्षत आदि समर्पित कर किया गया। तत्पश्चात सभागार मंच पर स्थापित गौरी-गणेश, कलश, षोडश मातृका, नवग्रह सहित वेदी आदि का आव्हान, प्रतिष्ठापन, षोडशोपचार पूजन संपन्न हुआ। पूजा के अगले क्रम में सभी श्रद्धालुओं ने वैदिक पं. लक्ष्मण तिवारी, वैदिक पं. खिलेंद्र पांडेय, पं.अभय तिवारी, पं.हेमन्त नंदे के मार्गदर्शन में पार्थिव शिवलिंगों की विधिपूर्वक पूजा सहित यजुर्वेद की शुक्लयजुर्वेद संहिता के 'रुद्राष्टाध्यायी' मंत्रों के सस्वर पाठ से दूध, दही, शर्करा, मधुरस, घी रुद्राभिषेक किया। रुद्राभिषेक पूजन के बाद उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने साकल्य एवं घी की आहुति से दशांश हवन किया। हवन पश्चात भगवान भोलेनाथ की महाआरती की गई। सायंकाल 4 बजे बाजे गाजे एवं आतिशबाजी के साथ विसर्जन झांकी निकाली गई जिसमें सभी पार्थिव शिवलिंगों को दूधाधारी मंदिर स्थित महाराजबंद तालाब में विसर्जित किया गया।

# अटल बिहारी वाजपेयी की मनाई पुण्यतिथि



**सरायपाली।** नगर के पदमपुर रोड़ पर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर छत्तीसगढ़ के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि मनाई गई जिसमें उपस्थित जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री कामता पटेल जिला शाह कोषाध्यक्ष धनेश नायक बलौदा मंडल अध्यक्ष प्रदीप साहू ,बलौदा मंडल उपाध्यक्ष नेपाल, मुरली नायक ,प्रखर अग्रवाल ,कन्हैया पटेल ,आशीष सेन ,युवराज प्रधान आयुष साहू आदि उपस्थित थे।


## न्यायालय सूचना

**न्यायालय सिविल जज कनिष्ठ श्रेणी गर्वी प्रयागराज**

**उत्तराधिकार वाद संख्या 180 सन् 2024**

राजीव कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. जटाशंकर श्रीवास्तव एवं स्व. श्रीमती विद्या श्रीवास्तव नि. 72 ए पूरा दलेल सर्वोदय नगर अल्लापुर, प्रयागराज हाल पता 15 शंकरपुरी सेक्टर ।। इंदिरा नगर लखनऊ बनाम संगीता श्रीवास्तव उम्र 59 वर्ष पुत्री स्व. जटाशंकर श्रीवास्तव एवं स्व. श्रीमती विद्या श्रीवास्तव पत्नी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव नि. टावर सी फ्लैट नं. 1103 एलिडको सिटी ब्रिज एलिडको सिटी आई आई एम लखनऊ 226013 (2) संजीव कुमार श्रीवास्तव उम्र 55 वर्ष पुत्र स्व. जटाशंकर श्रीवास्तव एवं श्रीमती विद्या श्रीवास्तव नि. ए -206 जगन्नाथ एनक्लेव महावीर नगर रवि ग्रा. तेलीबंधा वृंदावनगढ़ रायपुर छत्तीसगढ़ - 492006 (3) अजय कुमार श्रीवास्तव उम्र 59 वर्ष पुत्र स्व. जटाशंकर श्रीवास्तव एवं श्रीमती विद्या श्रीवास्तव नि. ए.सी.बी. इंडिया लिमिटेड बी फार्म भिवा नगर बटारी चकपुरा नियर इंडेन गैस एजेंसी बटारी पो. तिवारता जिला कोरबा छत्तीसगढ़ 495449 (4) अरविंद कुमार श्रीवास्तव उम्र 49 वर्ष पुत्र स्व. जटाशंकर श्रीवास्तव एवं श्रीमती विद्या श्रीवास्तव नि.डी 198 ऑपोजिट बालभारती स्कूल एलिडको तोमानी आई आई एम रोड पोस्ट महर्षि विद्या मंदिर भिटौली खुर्द लखनऊ - 226020

अपने मृत को देय ऋण और प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिए प्रमाण पत्र को अभिप्राप्ति के लिए सन 1989 ई के अधिनियम 7 के अधीन उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के लिए।

चूंकि आपसे प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिए आवेदन किया है और क्योंकि से प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिए आवेदन दिया है और 13.09.24 को आवेदन की सुनवाई के लिए नियत हुआ है अतः यह उद्घोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को उत्तराधिकार आवेदन के संबंध में आपत्ति हो वह स्वयं या अधिवक्ता द्वारा न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन गर्वी प्रयागराज में नियत दिनांक पर उपसंजत होकर अपनी आपत्ति पेश करें उक्त दिनांक के अवसान पर फिर किसी की आपत्ति न सुनी जाएगी और आवेदन के संबंध में यथोचित आदेश पारित होगा।

दिनांक : 13.09.2024 — **हस्ताक्षर न्यायाधीश**

## नाम परिवर्तन

नाम - राकेश कुमार बान्डे (RAKESH KUMAR BANDE) पिता मोजी राम बान्डे (MOJIRAM BANDE), उम्र-56 वर्ष
पता - वार्ड नं. 08, म.नं.-142/ए. टाउनशिप, दल्ली राजहरा, जिला-बालोद (छ.ग.)

**शपथकर्ता**

शपथकर्ता की ओर से निम्न शपथकथन पेश है-

1. यह कि मूलतः मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे स्वयं के आधार कार्ड नम्बर 3940 7184 2021 में मेरा नाम राकेश कुमार बान्डे (RAKESH KUMAR BANDE) पिता मोजी राम बान्डे (MOJIRAM BANDE), दर्ज है। जो कि सत्य व सही है।
3. यह कि मेरे स्वयं के पेन कार्ड नं. AIOPB6860F में मेरा नाम राकेश कुमार बान्डे पिता मुकुन्द राम बान्डे (MUKUNDRAM BANDE), दर्ज है।
4. यह कि मेरे पिता का सही नाम मोजी राम बान्डे (MOJIRAM BANDE) होने के समर्थन में दैनिक समाचार पत्र में इस्तेहार प्रकाशन हेतु शपथपत्र की आवश्यकता है।

**शपथकर्ता**

### सत्यापन

मैं वर्णित शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र की कंडिका 1 से 4 तक में दी गई जाननकारी सत्य है तथा आज दिनांक 13.08.2024 को दल्ली राजहरा में अपने हस्ताक्षर तस्दीक कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**

## कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक/आब./ठेका/2024-25/5200 — कबीरधाम, दिनांक 14/08/2024

### // निविदा सूचना-पत्र //

कार्यालय छ.ग. स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर छ.ग. के पत्र कमांक / सी.एस. एम.सी.एल/उ.प्र.(1)/169/2017/1240 रायपुर दिनांक 27.11.2017 में प्राप्त निर्देश के अनुसार वर्ष 2024-25 हेतु उपर्युक्त देशी/विदेशी/कम्पोजिट मदिरा दुकान के लिए सामान्य अनुप्रयोग नियम के अनुरूप कबीरधाम जिले के 02 मदिरा दुकानों के लिए आपत्ति रहित स्थल पर भवन किराया लिये जाने के संबंध में निविदा जारी किया जा रहा हैः-

| क्रं. | देशी/विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान का नाम | वर्तमान में संचालित मदिरा दुकान का स्थल | दुकान स्थापना हेतु निर्धारित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | दे.म.दु. कवर्धा टाऊन | रायपुर-राजनांदगांव बाईपास रोड कवर्धा | ग्राम पंचायत छिरहा सीमा अंतर्गत आपत्तिरहित स्थल पर मदिरा दुकान हेतु पुरे साज सज्जा से युक्त |
| 2 | वि.म.दु. कवर्धा टाऊन | रायपुर-राजनांदगांव बाईपास रोड कवर्धा | ग्राम पंचायत छिरहा सीमा अंतर्गत आपत्तिरहित स्थल पर मदिरा दुकान हेतु पूरे साज सज्जा से युक्त |

उपरोक्त 02 देशी/विदेशी मदिरा दुकानों के लिए आपत्ति रहित स्थल पर भवन किराये पर लिये जाने के संबंध में कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी (कलेक्टोरेट) कबीरधाम के अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में मुहरबंद निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 28.08.2024 समय 2.00 बजे दोपहर तक है।** निर्धारित मापदण्ड की जानकारी कार्यालय से कार्यालयीन दिवस एवं समय में प्राप्त करें। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। सबसे कम दर वाले निविदा स्वीकार किया जावेगा। निविदा स्वीकार करने का या न करने का अंतिम निर्णय जिला आबकारी अधिकारी, कबीरधाम का होगा। कार्यालय में प्राप्त निविदा की तकनीकि बिड **दिनांक 28.08.2024 समय शाम 4.00 बजे एवं वित्तीय बिड दिनांक 30.08.2024 समय शाम 4.00 बजे** निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

**जिला आबकारी अधिकारी**
**हेतु कलेक्टर**
**कबीरधाम (छ.ग.)**

G-242501858/2

## कार्यालय, नगर पंचायत डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक/757/लो.नि.शा./निविदा/न.पं./2024-25 — डोंगरगाँव, दिनांक 16/08/2023

### // मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से पुष्पवाटिका उद्यान में विविध कार्य अंतर्गत कुल 02 कार्य, लागत राशि 20.14 लाख रुपये हेतु दिनाँक 10/09/2024 को कार्यालयीन अवधि समय 3:00 बजे तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति पर सीलबंद निविदा प्रपत्र 'एबीसी' में आमंत्रित की जाती है। एक लिफाफे में टेंडर दर। दूसरे में स्व प्रमाणित समस्त दस्तावेज एवं अमानत राशि का एफ.डी.आर. तथा तीसरे लिफाफे में इन दोनों लिफाफों को भरकर इसके उपर कार्य का नाम, पाने वाले का नाम तथा प्रेषक का पूर्ण नाम/पता लिख कर जमा करना होगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि एवं समय | - | 03/09/2024 को शाम 04:00 बजे तक |
| 2 | निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि एवं समय | - | 04/09/2024 को शाम 04:00 बजे तक |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | - | 10/09/2024 को दोप. 03:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | - | 10/09/2024 को दोप. 04:00 बजे तक |

निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि एवं समय में लोक निर्माण शाखा से अथवा वेबसाईड **www.uad.cg.gov.in** पर देखी/प्राप्त की जा सकती है।

*''अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखे, शौचालय का उपयोग करें''*
*''जल ही जीवन है''*

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत डोंगरगांव**
**जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

पंजीकृत कार्यालयः पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, छठी मंजिल, टावर ए, लोअर परेल, मुंबई - 400013

**DCB BANK**

### कब्जा सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित के प्रवर्तन (2002 का 54) के तहत और नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधोहस्ताक्षरी डीसीबी बैंक लिमिटेड का अधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 ने नीचे उल्लिखित तिथियों पर एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें उधारकर्ताओं (उधारकर्ता और सह-उधारकर्ता) को 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि को सारणीबद्ध रूप में अतिरिक्त ब्याज के साथ चुकाने के लिए कहा गया। उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से. उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ता, सह- धारकर्ता एवं सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उप के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 3 की धारा (4) भी 14अगस्त, 2024 को सुरक्षा हित नियम 2002 की धारा 14(1) के साथ लागू होती है।

उधारकर्ता, विशेष रूप से सह-उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपति (अचल संपति का विवरण) के साथ लेनदेन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन डीसीबी बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा। राशि जैसा कि यहां नीचे बताया गया है।

सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| मांग सूचना तिथिः | 10 जून 2024 |
| उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता का नाम | श्रीमती संध्या राजपूत और श्री तोरन सिंग राजपूत |
| ऋण खाता संख्या | DBLARAI00448365 |
| कुल बकाया राशि | रू 25,37,772 (पचीस लाख सड़तीस हजार सात सौ बहात्तर) 10 जून 2024 को |

अचल संपत्ति का विवरण : संपत्ति के सभी टुकड़े और पार्सल, जिनका खसरा नंबर 1275/49, क्षेत्रफल 840 वर्ग फिट, पीएच नं. 63 वार्ड नंबर 10, आर.आई.सी. दुर्ग 1 तहसील और जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित है, जो पूर्व से घिरा है - तिरोथराज मेश्राम का घर, पश्चिम प्रह्लाद महार का घर, उत्तरी गली, दक्षिण सड़क, (सुरक्षित संपत्ति)

| | |
|---|---|
| मांग सूचना तिथिः | 10 जून 2024 |
| उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता का नाम | श्री मिर्जा सहदाब बेग , श्री मिर्जा सुकांत बेग श्रीमती सबारा मिर्जा और श्री मिर्जा आदाब बेग |
| ऋण खाता संख्या | DBLAPAR00416938 |
| कुल बकाया राशि | रू.20,77,672.35(बीस लाख सतहतर हजार छ सौ बहत्तर रूपये पैंतीस पैसे मात्र) 10 जून 2024 को |

**अचल संपत्ति का विवरण:** संपत्ति के सभी टुकड़े और पार्सल पर सर्वेक्षण क्रमांक 156/6, अंकित है। म्यूटेशन सर्वे के बाद क्रमांक. 156/47, क्षेत्रफल 1020 वर्ग. फीट वार्ड नं. 12, क्रांति कुमार भारती नगर वार्ड, मौजा-जूना, बिलासपुर (तालापार) पी. एच. नं. 22/34, ब्लॉक - बिल्हा, आर.आई. सर्कल और तहसील। जिला - बिलासपुर (छ.ग.)। पूर्व की ओर - सड़क से घिरा हुआ, पश्चिम की ओर - मोतीलाल की भूमि, उत्तर की ओर - सड़क से, दक्षिण की ओर - अन्य भूमि से घिरा हुआ ।

| | |
|---|---|
| मांग सूचना तिथिः | 10 जून 2024 |
| उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता का नाम | श्री बृजेश सिंग , श्रीमती उर्मिला देवी |
| ऋण खाता संख्या | 20459000000019 |
| कुल बकाया राशि | 19,77,278.46 (उन्नीस लाख सतहत्तर हजार दो सौ अठहत्तर और छियालीस पैसे मात्र) 10 जून 2024 को |

**अचल संपत्ति का विवरण:** प्लॉट नंबर पर निर्मित संपत्ति का पूरा टुकड़ा और टुकड़ा। एल. आई. जी 22, प्लॉट का आकार 101.70 वर्ग। एमटीएस., पी.एच. नं.18/24 गांव - श्यामतारी, धमतरी तह और जिला - धमतरी में स्थित है। से घिरा- पूर्व - एलआईजी 21, पश्चिम - प्रस्तावित एलआईजी प्लॉट, उत्तर - एलआईजी 24, दक्षिण - सड़क (सुरक्षित संपत्ति)।

| | |
|---|---|
| मांग सूचना तिथिः | 10 जून 2024 |
| उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता का नाम | श्री भोला राम शर्मा और श्रीमती मंजू शर्मा |
| ऋण खाता संख्या | DBLAKUM00417001 |
| कुल बकाया राशि | रु. 13,36,649.28 (तेरह लाख छत्तीस हजार छह सौ उनतालीस रुपये और अट्ठाईस पैसे मात्र) 10 जून 2024 को |

अचल संपत्ति का विवरण: संपत्ति का पूरा टुकड़ा और टुकड़ा, जिस पर प्लॉट नंबर 05, ब्लॉक नं. 11, क्षेत्रफल 440 वर्ग. फीट, रिक दुर्ग 1, तहसील और जिला दुर्ग (सीजी) में स्थित है, इसकी सीमा है: पूर्व - फुलतारा का प्लॉट, पश्चिम - मुरारीलाल का प्लॉट। उत्तर - सड़क, दक्षिण - सड़क। (सुरक्षित संपत्ति)

| | |
|---|---|
| मांग सूचना तिथिः | 10 जून, 2024 |
| उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता का नाम | श्री रूपराम साहू , श्रीमती फुलेश्वरी साहू और श्री तुलसी राम साहू |
| ऋण खाता संख्या | DBLAKUL00417777 |
| कुल बकाया राशि | 12,52,447.00 (बारह लाख बावन हजार चार सौ सैंतालीस रुपये मात्र) 10 जून 2024 को |

अचल संपत्ति का विवरण: संपत्ति के सभी टुकड़े और पार्सल पर के.एच. 795/39 (पुराना क्रमांक 795/5 का एक भाग) माप क्षेत्र 2016 वर्ग फीट, उरला स्थित, पी.एच. नं. 131/23, आर.आई.सी अभनपुर, तह अभनपुर, जिला. - रायपुर (सीजी), से घिरा: पूर्व में सड़क, पश्चिम में अन्य भूमि, उत्तर में विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण में डॉ. कुकरेजा की भूमि। (सुरक्षित संपत्ति)

दिनांकः 18.08.2024
स्थानः बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर, धमतरी

डीसीबी बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी

# बंद रही ओपीडी... पहली बार डॉक्टरों ने किया कामबंद, निजी अस्पताल में भी इलाज नहीं हुआ

## कोलकाता की घटना पर रोष जताया, चिकित्सकों ने किया प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में पोस्ट ग्रेजुएट महिला चिकित्सक के साथ रेप और जघन्य हत्या के विरोध में राजनांदगांव के सरकारी और गैर सरकारी चिकित्सकों ने विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय चिकित्सकों ने कोलकाता में हुए हृदय विदारक घटना के विरोध में शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लेकर चिकित्सकों ने बढ़ते आपराधिक घटनाओं पर चिंता जाहिर की। उक्त घटना के विरोध में शहर के सरकारी और निजी अस्पताल बंद रहे। सिर्फ आपातकालीन सेवाओं को बंद से अलग रखा गया। बंद के चलते आज अस्पतालों में ओपीडी में इलाज करने पहुंचे मरीजों को भटकना पड़ा। चिकित्सकों की गैरमौजूदगी को असर सीधे तौर पर रोगियों पर पड़ा। राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के पीजी, इंटर्न और जूनियर चिकित्सकों सहित प्रोफेसर ने भी एक दिवसीय हड़ताल कर ओपीडी को बंद रखा। मेडिकल कॉलेज के मुख्य प्रवेश द्वार पर बैनर लेकर सभी चिकित्सकों ने धरना दिया। बंद में निजी अस्पताल भी भागीदार बनें। जिसके चलते दूरदराज से इलाज के लिए पहुंचे रोगियों को परेशानी उठानी पड़ी। इससे पहले आज सुबह कलेक्टोरेट के सामने फ्लाईओवर के नीचे शासकीय और निजी चिकित्सकों ने प्रदर्शन किया। चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर चिकित्सकों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की। साथ ही देश ही कोलकाता की घटना के विरोध में शांतिपूर्वक आंदोलनरत चिकित्सकों को पर्याप्त सुरक्षा देने की अपील की। इसके बाद चिकित्सकों ने घटना के विरोध में मोटरसाईकिल रैली भी निकाली। इस दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे।

## डॉक्टर से दरिंदगी व मौत के विरोध में अस्पताल बंद



पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव
www.dailypioneer.com

**कोलकाता के मेडिकल कॉलेज छात्रा से हैवानियत**

पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित मेडिकल कॉलेज में 31 वर्षीय ट्रेनीपीजी डॉक्टर के साथ हुई हैवानियत से पूरे देश में गुस्सा है इस घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया है देशभर में इस घटना के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं। देशभर के मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में प्रदर्शन कर डॉक्टरों ने ड्यूटी पर सुरक्षा की मांग की है। इसी तारतम्य में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर सहित नर्स ने भी अपना काम बंद कर देशभर में चल रहे स्ट्राइक का समर्थन किया। अस्पताल परिसर में डाक्टर, नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ के द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। केंडल लाईट व तख्ती के माध्यम से विरोध प्रदर्शन करते हुए घटना में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई कर फांसी देने की मांग की। इस दौरान इमरजेंसी सेवाएं जारी रखी गई। विरोध प्रदर्शन में बीएमओ डॉ रागिनी चंद्रे खंड, डां हिमांशु नामदेव, डां इशिता बागची, डां भूपेन्द्र मार्कण्डेय, हुमेन्द्र सिन्हा, वंदना चुरेन्द्र, टी परवीन, भोज साहू, घनश्याम साहू, टिकेश्वरी साहू, किशोर साहू, शुभम् गुर्वे, रोमन सिन्हा, विशाल खत्री, खोमेश्वरी साहू, सुशीला मंडावी, गुलफ्सा अली, रानी ठाकुर व सतीश साहू सहित अस्पतालकर्मी शामिल थे।

# अचानक राजनांदगांव पहुंचे मंत्री डॉ. विरेन्द्र कुमार, 32 करोड़ का सीआरसी भवन देखा

■ 2 मंजिलों में सर्व सुविधायुक्त बनाया गया है, भवन में कुल 35 कमरे



पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. विरेन्द्र कुमार, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विकासखंड राजनांदगांव के ग्राम ठाकुरटोला में दिव्यांगजन कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) राजनांदगांव का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. विरेन्द्र कुमार ने सीआरसी के पुराने भवन का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित रहे।

केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. विरेन्द्र कुमार ने कहा कि देश में दिव्यांगजनों के पुर्नवास एवं विशेष शिक्षा के लिए 10 राष्ट्रीय संस्थान तथा 25 सीआरसी चलाये जा रहे हैं। राजनांदगांव में तैयार हो रहे नए केन्द्र के माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए दी जा रही सेवाओं को और अधिक प्रभावी तरीके से दी जाएगी। यहां फिजियोथैरेपी के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होगा। दिव्यांगजनों को ज्यादा अच्छी सुविधाएं मिलगी। ज्यादा मशीनें उपलब्ध करवायेंगे। डिप्लोमा कोर्स के साथ-साथ डिग्री कोर्स, प्रोफेशनल कोर्स प्रारंभ किया जायेगा। यहां के विद्यार्थी दिव्यांगजनों के क्षेत्र में विशेषज्ञ तौर पर सेवाएं दे सकते हैं। यह सीआरसी दिव्यांगजनों के लिए व्यावहारिक केन्द्र बनने वाला है। साथ ही मानसिक एवं बौद्धिक दिव्यांग बच्चों का ईलाज एवं उनको सशक्त बनाने के लिए कार्य किया जा सकेगा। जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया और कहा कि यहां नये सीआरसी भवन में अच्छे से दिव्यांग बच्चों को सेवाएं दे पायेंगे। यहां विद्यार्थियों को विशेषज्ञ के तौर पर और जॉब के लिए अवसर मिलेंगे। सीआरसी भवन में हॉस्टल भवन की सुविधा के लिए 11 करोड़ रूपए हॉस्टल के लिए दिया जा रहा है।

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि यह सीआरसी दिव्यांगजनों के लिए अच्छा साबित होगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आवंटित 4151.38 वर्ग मीटर भूमि पर सीआरसी राजनांदगांव का नया भवन राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में निर्माण किया गया है। यह भवन 32 करोड़ की लागत से लगभग 2 मंजिलों में सर्व सुविधायुक्त बनाया गया है। इस भवन में कुल 35 कमरे हैं। जिसमें भूतल में 17 कमरे, पहली मंजिल में 18 कमरे का निर्माण हुआ है।

## एफआईआर के चंद घंटे के भीतर चोर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



सोने का जेवर और नगदी 60 हजार रुपए की रकम पार करने वाले पड़ोसी को लालबाग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि, आरोपी इंदामारा निवासी मोजेश वर्मा पहले भी कुछ मामलों में जेल जा चुका है। उसने मौका देखकर अपने ही पड़ोसी की गाड़ी की डिक्की से सोने का मंगलसूत्र और नगदी रकम पार दिया था। थाना प्रभारी नवरतन कश्यप ने बताया कि, प्रार्थी ने 16 अगस्त को मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि 14 अगस्त को दोपहर लगभग 2 बजे वह अपने घर से पत्नी का मंगलसूत्र और 60 हजार रुपए लेकर गाड़ी की डिक्की में रखा था। इस बीच वह जब दोबारा घर के भीतर गया तो आरोपी ने जेवर और रकम पार कर दिया। पुलिस को जब इसकी जानकारी मिली तो मुखबिर ने खबर दी कि मोजेश वर्मा के पास चोरी का जेवर है। इस सूचना पर पुलिस ने कड़ाई से मोजेश से पूछताछ की जिसमें उसने चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## सरयूपारी ब्राह्मण समाज ने फहराया तिरंगा



पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

आजादी के 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर छत्तीसगढ़ी सरयूपारी ब्राह्मण सभा के द्वारा सामाजिक भवन में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर देश की एकता अखंडता में सहभागिता के साथ आप आपसी भाईचारा बनाने के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प लिया। उपस्थिति विप्रजनों ने समाज के निमार्णाधीन भवन का अवलोकन भी किया एवं वहां के सुविधा संबंधी विचार विमर्श भी किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शरद तिवारी, गौरीशंकर शर्मा, कुसुम दुबे, रुपेश दुबे, श्याम किशोर शर्मा, आरके मिश्रा, संजय तिवारी, पोषण शुक्ला, भूपेश तिवारी, अजय शर्मा, उमेश शुक्ला, जीत शर्मा, उदय भान ठाकुर, विष्णु नंद चौबे, पवन तिवारी सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे। उक्त जानकारी पंडित विष्णु नंद चौबे ने दी।

## कलस्टर बनाकर विभिन्न आजीविका गतिविधियां प्रारंभ करें : कलेक्टर



पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत लखपति दीदी पहल में स्व-सहायता समूह सदस्यों द्वारा आजीविका गतिविधियों को प्रोत्साहन एवं विभागीय अभिसरण हेतु विभिन्न विभाग एवं बिहान अंतर्गत सामुदायिक संवर्गो का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर अग्रवाल ने समूहों की आजीविका गतिविधियाँ बढ़ाने हेतु सभी विभागों को कलस्टर बनाकर विभिन्न आजीविका गतिविधियां प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने विभिन्न विभागों की योजनाओं में चयनित संभावित लखपति दीदी सदस्यों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी विकासखंडों को समूहों की आजीविका गतिविधि बढ़ाने के लिए सेंट्रिंग प्लेट, टेंट हाऊस, अगरबत्ती यूनिट, बेकरी, पोल्ट्री, बकरी पालन, मछली पालन आदि से जोड़कर अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने कहा। कार्यशाला में सामुदायिक संवर्गो द्वारा संभावित लखपति दीदी हेतु चयनित सदस्यों से प्राप्त मांगों को विभिन्न विभागों के समक्ष रखा गया एवं संबंधित विभाग के उपस्थित अधिकारियों द्वारा विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। कार्यशाला में कृषि, उद्यानिकी, पशुधन विकास, उद्योग, मत्स्य पालन, हथकरघा, श्रम, ग्रामोद्योग, लाईवलीहुड कॉलेज, आर-सेटी के जिला स्तर के अधिकारी सहित एनआरएलएम से अधिकारी-कर्मचारी एवं सामुदायिक संवर्ग उपस्थित हुए।

## 70 वर्षीय प्रीतराम ठाकुर ने किया देह दान

पायनियर संवाददाता ✓ छुरिया
www.dailypioneer.com



दुनिया में बहुत सारे ऐसे दानवीर हुए जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के उत्थान के लिए लगा दिया। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों मे दान करना तो दूर समाज और धर्म के लिए लोगों के पास समय नहीं है। ऐसे दौर मे ग्राम पंचायत भरीटोला के आश्रित ग्राम पैरीटोला के 70 वर्षीय बुजुर्ग प्रीतराम ठाकुर ने अपना देह मेडिकल क्षेत्र मे डॉक्टर की पढ़ाई करने वाले छात्रों के शोध के लिए दान कर दिया है जो कि अपने आप में समाज के लिए इस उम्र में एक नई मिसाल है। 15 अगस्त के दिन इनके अनुकरणीय कार्य के कारण ग्रामवासियों ने श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। जिसमे ग्राम पटेल चंदू दास साहू, सरपंच ममता पन्द्रो,साहेब दास साहू, जग्गूराम कंवर, परदेशी जमकातन, मोहन लाल साहू, कामता जुडा, निर्गुण बंबर, सुखचंद कंवर, जनक लाल, भीमबली बंबर, पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला के शिक्षक गण के साथ समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सिंघाभेड़ी स्कूल में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित

■ डॉक्टर सीमांत टेकाम के द्वारा बच्चों को दिए गए टिप्स

पायनियर संवाददाता ✓ अंबागढ़ चौकी
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंघाभेड़ी में प्राचार्य रुपेश तिवारी के मार्गदर्शन एवं व्याख्याता लोकेश कुंजाम के सहयोग से कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में कक्षा 9वी से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को कैरियर काउंसलर डॉक्टर सीमांत टेकाम के द्वारा कैरियर संबंधी मार्गदर्शन दिया गया।

डॉक्टर टेकाम ने बच्चों को बताया कि स्नातक और स्नातकोत्तर में विषय चयन के लिए किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, साथ ही साथ इंजीनियरिंग और मेडिकल के क्षेत्र के लिए किस तरह की तैयारी करनी चाहिए जिससे इस क्षेत्र में सफलता हासिल हो सके। उन्होंने बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए बताया कि अपने कैरियर को ध्यान में रखकर ही विषय का चयन करना चाहिए ताकि आसानी के साथ उस क्षेत्र में कैरियर निर्माण किया जा सके। बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्होंने आगे कहा कि जरूरी नहीं है कि पढ़ने लिखने के बाद शासकीय नौकरी ही रोजगार का माध्यम बने बल्कि उन्होंने आज बच्चो को बहुत से ऐसे क्षेत्रों के बारे में विस्तार से बताया जिसमें बच्चे बड़ी आसानी से अपना कैरियर बना सकते हैं और उस क्षेत्र में सफल हो सकते हैं।

डॉक्टर टेकाम ने बच्चों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए किस तरह की पढ़ाई और किस तरह की तैयारी आवश्यक होती है इन सब के बारे में बहुत विस्तार से बताया। अध्यनरत सभी छात्र-छात्राओं ने आज के इस कार्यक्रम को अपने लिए बहुत उपयोगी बताया एवं बीच-बीच में इस तरह के कार्यक्रम शाला में आयोजित किए जाने की बात रखी।

## गोधन न्याय योजना पुनः प्रारंभ करने की मांग

# गौवंश के रक्षार्थ कांग्रेस का गौ-सत्याग्रह प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में कांग्रेस ने गौ सत्याग्रह निकालकर गौवंश के रक्षार्थ प्रदर्शन किया। गायों को साथ लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे कांग्रेसजनो ने गौवंश की सुरक्षा के साथ ही आवारा मवेशियों से होने वाली सड़क दुर्घटना एवं फसल नुकसान का हवाला देते हुए प्रदेश में गोधन न्याय योजना पुनः प्रारंभ करने ज्ञापन सौंपकर राज्य सरकार से मांग की।

इस दरम्यान कांग्रेस के नेताओं ने मीडिया को बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी पीसीसी के आव्हान एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस के अगुवाई में गौ सत्याग्रह आयोजित किया गया है। पदाधिकारियों ने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने गौवंश के रक्षार्थ एवं आवारा मवेशियों के व्यवस्थापन के मद्देनजर गोधन न्याय योजना संचालित की थी। उक्त योजना से किसानों के मवेशी सुरक्षित थे। आवारा मवेशी भी व्यवस्थित हो रहे थे, जिससे मवेशी जनित सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आई थी। अब भाजपा सरकार आते ही गोधन न्याय योजना बंद कर देने से गोवंश सुरक्षित नही रह गए हैं। वहीं किसानों के खेत की फ़सल भी चौपट हो रही है। कांग्रेस ने गोधन न्याय योजना प्रारंभ करने की मांग संबंधी एसडीएम श्रीकांत कोराम को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर तहसीलदार पीएल नाग एवं टीआई उपेन्द्र शाह मोर्चेबन्द थे।

इस दरम्यान नरेश शुक्ला, हीरा निषाद, ललित लोढ़ा, टिकेश साहू, सुयश नाहटा, चेतन साहू, वीरेंद्र बोरकर, संध्या साहू, जमुना साहू, वैशाली बोरकर, अरुणा देवांगन, डॉ नीरेंद्र साहू, सोनुराम साहू, मोहनीश साहू, प्रियंक जैन, रितेश राजपूत, गणेश साहू, सुंदर साहू, कमलेश साहू, कमलनारायण वैष्णव, रवि शुक्ला, विष्णु सोनी, महेंद्र वैष्णव, संजय मुटकुरे, सद्दाम खत्री, गोल्डी खोब्रागढ़े सहित अनेक कांग्रेस शामिल थे।

## 6 लाख के 38 मोबाईल कोतवाली पुलिस ने लौटाए



**राजनांदगांव।** थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 38 मोबाईल की तलाश कर उन्हें प्रार्थियों को लौटाया गया। इनकी कुल कीमत लगभग 6 लाख रुपए है। अलग-अलग कंपनियों के यह मोबाईल या तो चोरी हुए थे या गुम हुए थे। पुलिस ने पतासाजी कर इन्हें बरामद किया था। शनिवार को यह मोबाईल धारकों को वापस लौटाया गया। थाना प्रभारी एमन साहू ने कहा कि, मोबाइल धारकों को मोबाइल गुम होने या चोरी होने पर तत्काल इसकी रिपोर्ट दर्ज करवानी चाहिए। पुलिस हमेशा प्रयासरत रहती है कि ऐसे मामलों में मोबाईल बरामद किए जाएं। इसी उद्देश्य के साथ काम करते हुए हमने ये मोबाईल बरामद किए जिन्हें आज धारकों को लौटाया जा रहा है। पुलिस की कार्रवाई पर मोबाइल धारकों ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## सीनियर डिवीजन हॉकी लीग में रनर्स अप का खिताब दीपेश को

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



हॉकी खिलाड़ी दीपेश चौबे की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए पुणे सीनियर डिवीजन हॉकी लीग 2024 में रनर्स अप खिताब अपने नाम किया। सीनियर डिवीजन हॉकी लीग जो की 21 जून से 11 अगस्त 2024 तक मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम, पिंपरी - चिंचवाड़, पुणे में खेला गया। इसमें, इनकम टैक्स, सेंट्रल रेलवे, क्रीड़ा प्रबोधिनी बालेवाड़ी (स्टेट हॉस्टल), पीसीएमसी (विक्रम पिल्ले) अकादमी, सिटी पुलिस, एफसीआई एवं सीजीएसटी × कस्टम्स पुणे जेसी कुल 7 दिग्गज टीमों ने हिस्सा लिया। हर सप्ताहांत में यह मैच खेला जाता था जिसमे सारी टीमों ने पहले एक दूसरे के साथ लीग मैच खेला। अनंत, टॉप की 4 टीमों ने सेमी फाइनल में जगह बनाई, जिसने कस्टम्स पुणे ने दूसरे नंबर पर अपनी जगह सुनिश्चित कर ली और सेमी फाइनल में सेंट्रल रेलवे को 4-2 से हरा कर फाइनल खेला। फाइनल मुकाबले में बालेवाडी स्टेट हॉस्टल से हार कर रनर्स अप की ट्रॉफी अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता, महाराष्ट्र हॉकी के प्रचलित प्रतियोगिताओं में से एक है जो की प्रति वर्ष, हॉकी पुणे एवं हॉकी महाराष्ट्र के संरक्षण में कराया जाता है। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ओलंपियन राहुल सिंह, ओलंपियन विक्रम पिल्ले, ओलंपियन देवेंद्र वाल्मीकि, जैसे हॉकी जगत की हस्तियां शामिल हुए।

# रिमझिम बारिश के बीच स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## मुख्य अतिथि ने शहीदों के परिजनों का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले जिला मुख्यालय मुंगेली स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने प्रातः 09 बजे मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया और जिले के नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि मोहले ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। तत्पश्चात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और कार्ययोजना के संबंध में जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक गिरिजाशंकर जायसवाल के साथ शांति के प्रतीक श्वेत कपोत और हर्षोल्लास एवं खुशहाली के प्रतीक तीन रंगों के गुब्बारों को उन्मुक्त आसमान की ओर छोड़े। सशस्त्र गार्ड द्वारा हर्ष फायर किया गया। परेड कमांडर रक्षित कमांडर नरगिस तिग्गा एवं परेड उप कमांडर दीपक तिवारी के नेतृत्व में 12 प्लाटूनों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट किया गया। वहीं 11 स्कूलों के 800 से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से पीटी का प्रदर्शन किया गया।

### रिमझिम बारिश के बीच में सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह में रिमझिम बारिश के बीच में सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रही। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला मुंगेली, रेम्बो मेमोरियल अंग्रेजी माध्यम स्कूल और कस्तूरबा गांधी स्कूल मुंगेली के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और भारत व छत्तीसगढ़ की कला एवं संस्कृति को प्रस्तुत करते हुए मनमोहक प्रस्तुति दी।

समारोह में विधायक मोहले ने जिले के वीर शहीदों के शहादत को नमन करते हुए उनके परिजनों को सम्मानित किया। उन्होंने शहीद धनंजय सिंह, छत्रधारी जांगड़े, आनंद सिंह राठौर, संतोष पहारे, नरेन्द्र साहू, प्लाटून कमांडर राजकुमार कश्यप के परिवारजनों को शाल और श्रीफल प्रदान किया और कुशलक्षेम पूछा।

### मुख्य अतिथि ने पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया 11-11 हजार रूपए

मुख्य अतिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर रेम्बो मेमोरियल अंग्रेजी माध्यम स्कूल, कस्तूरबा गांधी स्कूल मुंगेली को द्वितीय स्थान और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मुंगेली को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। उन्होंने चारों स्कूलों को पुरस्कार स्वरूप 11-11 हजार रूपए नगद प्रदान किया। साथ ही सामूहिक पीटी प्रदर्शन के लिए शालेय छात्र-छात्राओं को रूप से 11 हजार रूपए नगद प्रदान किया। इसी तरह परेड में बेहतर प्रदर्शन करने पर सीनियर वर्ग में जिला पुलिस बल-3 को प्रथम, जिला पुलिस बल-1 को द्वितीय पुरस्कार और जिला नगर सेना को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया। जूनियर वर्ग में स्काउट गाइड अजजा क्रीड़ा परिसर मुंगेली को प्रथम, एनसीसी बी.आर. साव. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल बालक-बालिका वर्ग को द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

### समारोह में 115 अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

मुख्य अतिथि मोहले ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने 40 विभाग के 115 अधिकारी-कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार अजगल्ले, वनमंडलाधिकारी संजय यादव, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, जिला पंचायत सदस्य अम्बालिका साहू सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, संयुक्त कलेक्टर मेनका प्रधान, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल, पथरिया एसडीएम बी.आर. ठाकुर, लोरमी एसडीएम जी.एल. यादव, संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में जिले के नागरिक मौजूद रहे। जिला कलेक्टोरेट के अधीक्षक अशोक सोनी और महिला एवं बाल विकास की पर्यवेक्षक विभा मसीह ने मंच का संचालन किया।

# आदर्शिनी महिला मण्डल द्वारा 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

पावर कंपनी की आदर्शिनी महिला मण्डल द्वारा 78 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत गीतों पर रंगारंग प्रस्तुतियां दी। अध्यक्ष कटियार व सह अध्यक्ष मंजुला सिंह द्वारा पौधा रोपण कर उनकी देखभाल करने पर जोर दिया। वहीं पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी वर्षा पटेल, अर्चना चोरनेले, अर्चना बन्छोर, अंशु ओझा व श्रृंखला सोनी ने ली। इस मौके पर नवीन कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सचिव प्रिया चौहान, संयुक्त सचिव वन्दना खंडेलवाल व अमिता जैन, ट्रेजरार प्रवीणा बापट व प्रशांति मूर्ति, सलाहकार अंजलि चन्द्रा व आभा शुक्ला तथा सांस्कृतिक सचिव पूनम विश्वकर्मा को सर्वसम्मति से चुन लिया गया। कार्यक्रम मे सुषमा सिंह, माधुरी निगम, दीपांजलि भालेराव, अपर्णा भट्ट, शालू पांडे, शोभा सक्सेना, रुपाली श्रीवास्तव नीलम भादे, मधुमिता रॉय आदि उपस्थित थी।

## सर्व ब्राह्मण समाज कार्यालय में किया गया ध्वजारोहण

**रायपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा समाज कार्यालय में आयोजित ध्वजारोहण के प्रमुख थे। मिश्रा ने स्वतंत्रता प्राप्ति के आंदोलन व कुर्बानियों को विस्तार से बताया। उक्त अवसर पर पदाधिकारी राजेश मिश्रा, जेपी शर्मा, मुन्ना मिश्रा, नीरज शर्मा, सुमित शर्मा, पं ऋषि तिवारी, मनीष मिश्रा, धनंजय शर्मा, हेमंत शर्मा सहित पदाधिकारी शामिल थे। बेटी बचाओ मंच के रोहिणीपुरम में आयोजित ध्वजारोहण के मुख्य अतिथि अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा विशेष अतिथि डगनिया बेटी बचाओ मंच के अध्यक्ष कृष्णा वर्मा थे। उक्त अवसर पर पदाधिकारी सरिता शर्मा, विभा तिवारी, अंजू शर्मा, अर्चना झा, लीला रहंगडाले, आशा चंद्राकर, संतोषी जैतवार, गंगा वर्मा, सरिता कटरे, हेमा यादव, नंद कुमारी वर्मा, सावित्री देवी, लक्ष्मी शर्मा, पार्वती वर्मा, गीता पटेल, देवकी साहू सहित पदाधिकारी शामिल थे।

# रामचंद्रपुर विकासखंड में गौवंश सुरक्षा के लिए टीकाकरण कार्य प्रारंभ

पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



रामचंद्रपुर विकासखंड अंतर्गत भारत सरकार की महत्त्वपूर्ण योजना लाइव स्टॉक हेल्थ एक डिसिम कंट्रोल प्रोग्राम अंतर्गत पशुधन विकास विभाग के द्वारा गौवंश सुरक्षा हेतु 15 अगस्त से लेकर 30 अगस्त तक टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. एस.एस. सेंगर ने बताया कि एफएम.डी. खुरहा-चपका के कारण पशुओं के मुँह में छाले होना खुर में पल्स होना अत्यधिक लार निकलना एवं बुखार आना इत्यादि लक्षण होते हैं। इसके बचाव के लिए कुल 19 टीकाकरण दल का गठन किया गया है जो क्षेत्र के पशुओं को सुरक्षित करने में लगे हुए हैं। उन्होंने इस क्षेत्र के पशुपालकों से अपील की है कि इस अभियान में अपना सहयोग कर पशुओं को निरोग काया प्रदान करें। विशेष टीकाकरण अभियान में सहायक नोडल अधिकारी बी.बी.गुप्ता विभागीय कर्मचारी रमेश पुरी, विजय पाल, मुकेश पाल, गोपाल राम, आनंद राम, लवकेश पाण्डेय, संतोष कश्यप, रामलखन पात्र, गोपाल प्रजापति, सुकुमार मंडल, देवकुमार, विशाल मिस्त्री, प्रिंस सिंह, रामसेवक यादव, मुंशी यादव, धर्मजीत यादव सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

# लछनपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



हर वर्ष की भांति ग्राम पंचायत लछनपुर एवं प्राथमिक विद्यालय लछनपुर में बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया इस शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच और जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस कलेश्वर गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सब ये तो जानते हैं कि 15 अगस्त 1947, वो दिन था जब भारत ने ब्रिटिश शासन से आजादी हासिल की। देश ने स्वतंत्रता की नई सुबह देखी। ये दिन हमें हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। उन्हीं की बदौलत हम आज एक आजाद देश में सांस ले पा रहे हैं। लेकिन आज का दिन केवल अपने इतिहास को याद करने का ही नहीं है। ये तारीख हमें हमारे वर्तमान और भविष्य की दिशा तय करने की भी याद दिलाती है। बेशक, पिछले 77 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में हमने विश्व में अपनी एक नई पहचान बनाई है। लेकिन आज भी हमारे सामने कई चुनौतियां सिर उठाए खड़ी हैं। गरीबी, बेरोजगारी, सामाजिक असमानता, इन्हें दूर करने के लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा। क्योंकि इसके बिना आजादी अधूरी है। तो क्यों ना इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सभी यह संकल्प लें कि देश की प्रगति में अपना हर संभव योगदान देंगे। भारत को एक मजबूत, समृद्ध और समावेशी राष्ट्र बनाने के लिए अपने स्तर पर जो बन पड़ेगा, करेंगे। इस शुभ अवसर पर प्रधान पाठक अमित मोहले, शिक्षक विवेक इंदवार, भीष्मनारायण खुसरो, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इंद्राणी यादव, रोजगार सहायक संतोष ध्रुव संजय शुक्ला, शोभाराम यादव, भागीरथी साहू, संजय गर्ग, केजू दास, जगदीश साहू, रामस्वरूप दिवाकर ग्राम के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।






# जल जीवन मिशन के तहत टंकी लगाने खोदे गए गड्ढे दे रहे खतरे को दावत



पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गम्हरिया के कोड़ाकू बस्ती में चार महा पूर्व जल जीवन मिशन के तहत टंकी लगाने हेतु खोदे गए गड्ढे खतरे को दावत दे रहा है। ग्राम पंचायत गम्हरिया के कोड़ाकू बस्ती में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी बनाने के लिए ठेकेदार द्वारा गढ़ा खोदवाया गया था लेकिन चार माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी न ही टंकी लगवाया गया न हीं गढ़ा को भरा गया। जिससे हमेशा अनहोनी की आशंका बना हुआ है। इस संबंध में कई बार ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों से शिकायत की लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं हुआ। इसमें कई बार बड़ा अनहोनी होते- होते टल गया है। गढ़े में एक बार दो वर्ष का बालक गिर गया था गनीमत रहा कि उसे सुरक्षित निकाल लिया गया। वहीं इस गढे में तीन-चार में मवेशी भी गिर चुके हैं।

## लंबे समय से फरार आरोपी को पकड़ने में थाना नवागढ़ पुलिस को मिली सफलता



पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

मोती महतो के द्वारा थाना नवागढ़ में उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी तथा इसके अन्य साथी रेत घाट नवापारा के भंडारण स्थल के कमरा में बातचीत कर बैठे थे तभी आरोपी गोविंदा यादव आपने अन्य साथियों के साथ आए और हाथ में डंडा और राड रखे थे और बोले की तुम लोगो को पूर्व में बताया गया है कि रेत का काम करना है तो एक लाख देना पड़ेगा अभी के अभी दो हम लोग बार बार मांगने नही आयेंगे बोल कर एक राय होकर मारपीट और तोड़फोड़ करने लगे, जान से मारने की धमकी देते हुवे मारपीट कर चोट पहुंचाए और पचास हजार रुपय को ले गए है की रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 04/22 धारा 307, 147, 148, 149, 386, 458, 427 भादवि अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। पूर्व में प्रकरण के चार आरोपी गोविंदा यादव, उत्तम यादव, उमेश यादव, अजय यादव निवासी नवापारा को गिरफ्तार कर रिमाड पर भेजा गया है प्रकरण के आरोपी किशोर यादव निवासी केवा फरार थे जिसकी लगातार पातासाजी की जा रही थी।

## दुलारपाली स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस



**सरायपाली।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली परिसर में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में प्राचार्य प्रेमानन्द भोई ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर आजादी और वीर स्वतंत्रता सेनानियों के नारों से विद्यालय परिसर गूंज उठा। सांस्कृतिक साहित्यिक कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत भाषण व कविता की मनमोहक प्रस्तुत दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, अतिथि खगेश्वर साहू, धनीराम साहू, पालक सदस्य आनंद पटेल सोहनलाल साहू, भूतपूर्व छात्र शिबोदास, ग्राम पंचायत कोटेनदरहा उप सरपंच पवन सिदार उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों सहित स्काउट गाइड, जूनियर रेडक्रास और एन एस एस के स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## अनुराधा वर्मा ने किया विधायक कार्यालय में ध्वजारोहण



पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस के 78वां वर्षगांठ पर अनुराधा वर्मा ने ध्वजारोहण कर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार विधानसभा क्षेत्रांतर्गत तिल्दा-नेवरा खरोरा मार्ग के विधायक कार्यालय में भाजपा महिला मोर्चा रायपुर ग्रामीण के कोषाध्यक्ष अनुराधा वर्मा ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्र भारत के लिए बलिदानी वीर शहीदों को याद करते हुए कहा कि हमारा देश जो काफी लंबे समय से अंग्रेजों के गुलामी की जंजीरों से जकड़ा रहा। देश को अंग्रेजों से मुक्ति दिलाने अनेकों स्वतंत्रता सेनानीयो को अंग्रेजों के विभिन्न यातनाओ का सामना करना पड़ा, वहीं अनेकों जांबाज वीर देश भक्त देश के लिए कुर्बानी दिया है ,हमें उनकी बलिदान को यूं ही ब्यर्थ में नहीं गंवानी चाहिए। चुंकि हम भारत देश में स्वतंत्र रूप से जो सांसें ले रहे हैं यह उन्हीं वीर शहीदों की देन है।



स्वतंत्रता दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों
को हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ



रविन्द्र सिंह

पूर्व सदस्य योग आयोग छ.ग.शासन
प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी छ.ग.
पार्षद, नगर पालिक निगम बिलासपुर









स्वतंत्रता दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों
को हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ



प्रमोद नायक

पूर्व अध्यक्ष
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर



जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

इस 15 अगस्त आओ मिलकर ले संकल्प, हिंसा छोड़कर जुड़े मुख्यधारा से
विकास और शिक्षा से हो जगमग मनवा बीजापुर, फिर से हो शांति बहाल

मनवा बीजापुर

क्षेत्र की विकास, सुरक्षा एवं शांति के लिए भागीदारी



अंदरूनी इलाको में कैम्प स्थापित



आत्मसमर्पण



विकास कार्यों में सुरक्षा



नि:शक्त जन को निस्वार्थ भाव से सेवा



डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव



विश्वास, विकास और सुरक्षा के नारे के साथ हो क्षेत्र का विकास और शांति बहाल




1. क्षेत्र के विकास में बने भगीदारी
2. हर गांव पहुँचे सड़क, हर गांव पहुँचे पानी और बिजली।
3. क्रांति के नाम पर भ्रांति फैलाने वाले माओवादियों से रहे सावधान।
4. शासन की योजनाओं का लाभ। उठायें, आत्मनिर्भर बने स्वरोजगार हो।
5. शासन की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाये, हिंसा का रास्ता छोड़ मुख्यधारा से जुड़ें।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक शुभकानायें। जय हिन्द !

पुलिस विभाग बीजापुर, जिला-बीजापुर








समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ

अटल श्रीवास्तव
(विधायक-कोटा विधानसभा)









प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ

शैलेष पाण्डेय
पूर्व विधायक बिलासपुर




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403